श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 335, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 16
पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 15

## एक नजर

### पांच-पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामद

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों ने पांच-पांच किलोग्राम के दो 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के इरागांव थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि एक दल जब इरागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो, तमोरा और किलेनार गांव के करीब था तभी उन्हें नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाए जाने की सूचना मिली।

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने जनवरी 2020 में कई मौकों पर पीड़िता का यौन शोषण करने वाले कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा सुनाई और एक हजार का जुर्माना भी लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक गरीब मजदूर को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि राजू गोंड ने कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब दो माह पूर्व खदान लगाई थी। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19 .22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

# बजट पर चर्चा : कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहबरानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को 'अग्निपथ' योजना को खत्म करना चाहिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया कि सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे? सैलजा ने बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता के प्रावधान का हवाला देते हुए कहा कि क्या सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी हुई? कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी सहूलियत के हिसाब से सरकार स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट का नाम नहीं लेती है।

## कांग्रेस ने कहा-बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहरबानी, अन्य राज्यों की अनदेखी

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है, सत्ता बचाने के लोभ में देश के अन्य राज्यों की उपेक्षा है, उनके साथ पक्षपात है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को कहा था कि 27 जुलाई को नीति आयोग की होने वाली बैठक का कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री बहिष्कार करेंगे।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी। बजट में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली और ओड़िशा सहित कई राज्यों को कुछ नहीं मिला।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

# काठमांडू में विमान हादसा, एक विदेशी समेत 18 लोगों की मौत

## त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश, लगी आग

काठमांडू, एजेंसी



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- घायल पायलट अस्पताल में भर्ती मृतकों में यमन का एक नागरिक

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसे में एक विदेशी समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा उसका पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान एन९एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था जब पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसा हुआ। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के खोज व बचाव केंद्र ने एक बयान में बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। हादसे के बाद दमकल की गाड़ियों और एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।

मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के 17 कर्मचारियों के रूप में की गई है जिनमें नेपाल की एक महिला और यमन का एक नागरिक शामिल है। पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार हो रहा है। प्राधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार लोगों में से 15 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन की एक स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद काठमांडू हवाई अड्डे पर सेवाएं थोड़ी देर के लिए रोक दी गईं लेकिन बाद में उन्हें बहाल कर दिया गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के अनुसार, कंपनी नेपाल में पांच पर्यटक स्थलों के लिए विमानों का संचालन करती है। उसके बेड़े में तीन बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान शामिल हैं। हाल के वर्षों में खराब हवाई सुरक्षा रिकॉर्ड के लिए नेपाल की आलोचना की गई है, लेकिन इन दुर्घटना की वजहों में मानवीय भूल के अलावा आंशिक रूप से अचानक मौसम परिवर्तन और दुर्गम चट्टानी इलाकों में स्थित हवाई पट्टियां भी शामिल हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन निकाय के अनुसार, अगस्त 1955 में पहली दुर्घटना के बाद से देश में हवाई दुर्घटनाओं में 914 लोग मारे गए हैं। पिछले साल जनवरी में, यति एयरलाइंस का एक विमान पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच भारतीयों सहित सभी 72 लोग मारे गए थे। दुर्घटना का कारण मानवीय भूल बताया गया।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

# जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- आतंकियों की गोलीबारी में सेना का एक जवान भी शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

नीट-यूजी पेपर लीक मामला

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए उसे पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की थी।

प्रार्थना स्वीकार करते हुए अदालत ने अभियुक्त को 30 जुलाई 2024 तक के लिए पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

# बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

पटना, एजेंसी

**अंकुश**
- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को कड़ी सजा का प्रावधान
- पांच साल तक की जेल और लगेगा 10 लाख रुपये जुर्माना

बिहार विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया।

बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किए गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

## बदमाशों ने एएमयू में दो कर्मचारियों को गोली मारी

- विवि के सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों को दबोचकर पुलिस को सौंपा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के परिसर में बुधवार को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने दो कर्मचारियों को गोली मार दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों कर्मचारियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एएमयू के कर्मचारी मोहम्मद नदीम और कलीम विश्वविद्यालय परिसर के अंदर दोपहिया वाहन से जा रहे थे कि तभी रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने उन्हें रोका और नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर विश्वविद्यालय सुरक्षा गश्ती दल ने हमलावरों का पीछा किया और उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हमलावरों से पूछताछ की जा रही है। एएमयू प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम अली ने बताया कि घायल कर्मचारियों का जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार किया रहा है। जांच से ऐसा पता चलता है कि यह हमला पुरानी रंजिश को लेकर किया गया।

# शंभू बॉर्डर पर बनाएं यथास्थिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की सरकार को दिया निर्देश
- किसानों की मांगों पर विचार को समिति बनाने का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनरत किसानों की मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत करने को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया और कहा कि किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास की कमी है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि आपको किसानों से बातचीत करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आएंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं और उनके नेक इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। न्यायालय ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उचित निर्देश दिए जाएं। तब तक शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने दें। शीर्ष अदालत, हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह में अवरोधक हटाने के लिए कहा था, जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

### एमएसपी की गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है।

# बच्चों से भरी स्कूली बसों को दो घंटे तक रोका, निरीक्षक-एआरटीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- रास्ते से बसों को पकड़कर पुलिस लाइन ले गए थे
- बस चेकिंग के नाम पर गर्मी और उमस से बेहाल रहे बच्चे

**अमृत विचार :** चेकिंग के नाम पर स्कूली बच्चों से भरी दो बसों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और अन्य विभागीय कर्मी पुलिस लाइन ले गए। दो घंटे तक बच्चे भीषण उमस व गर्मी में बैठे रहे। अभिभावकों ने इसकी जानकारी शासन तक पहुंचाई। ट्वीट के जरिये जानकारी होने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने जांच रिपोर्ट तलब की। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र को निलंबित कर दिया गया। बाद में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया।

मामला मंगलवार का है। जिले के एक स्कूल के बच्चों की पूर्वान्ह लगभग 11 बजे छुट्टी हुई तो बच्चों को लेकर दो बसें कर्वी तक पहुंच गईं। इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और विभागीय कर्मचारी बच्चों से भरी दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन पहुंच गए। दोनों वाहनों को फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल कराया गया और लगभग एक बजे छोड़ा गया। करीब दो घंटे तक बसों को पुलिस लाइन में खड़ा रखा गया। इस दौरान बच्चे गर्मी-उमस से बेहाल रहे। किसी अभिभावक ने लखनऊ के एक परिचित पत्रकार को इसकी जानकारी दे दी तो उन्होंने इसे ट्वीट कर दिया। मामला शासन तक पहुंच गया। जांच के बाद निलंबन की गाज संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र पर गिरी। उनपर समय से वाहनों की जांच कर फिटनेस प्रमाण पत्र न देने का आरोप है।

**पारिवारिक लाभ योजना** | नया पोर्टल बनकर तैयार, बनाई जा रही है एसओपी, किस जिले में कितने आवेदन लंबित, पोर्टल से चलेगा पता

# 45 दिन के भीतर करना होगा आवेदन का निस्तारण

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए अब लाभार्थियों को वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

आवेदन के 45 दिनों के भीतर अगर सब कुछ सही पाया गया तो योजना का पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तरह समाज कल्याण विभाग अब पारिवारिक लाभ योजना की भी एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में आवेदन निस्तारण की समय सीमा तय की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पारिवारिक लाभ योजना का नया पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। अब इस योजना के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में आवेदन सही पाए जाने के बाद उसे पोर्टल पर फीड कर दिया जाएगा। पोर्टल पर फीड होने से लाभार्थी भी अपने आवेदन की स्थिति को जान सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर यह भी प्रदर्शित होगा कि प्रदेश में किस जिले के कितने आवेदन लंबित हैं, कितने आवेदन निरस्त किए गए और कितने आवेदनों में लाभार्थी के खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

### क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को एक साथ तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती है। शर्त यह है कि मुखिया की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

### आवेदन करने की अवधि भी तय

एसओपी में आवेदन करने की समय सीमा भी तय की जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी वजह से अगर लाभार्थी 45 दिनों में आवेदन नहीं कर पाता, तो उसे आवेदन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को समाज कल्याण निदेशालय से अग्रसारित करेंगे। निदेशालय से अनुमति मिलने के बाद ही आवेदन किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं कर पाएंगे आवेदन

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि पिछले दिनों विभाग ने इस योजना में लंबित आवेदनों की जांच कराई। जांच में एक ही लाभार्थी के छह-छह, सात-सात आवेदन पाए गए। बताया कि ऑनलाइन आवेदन होने से लाभार्थी एक बार ही आवेदन कर सकेगा। पहला आवेदन जांच के बाद निरस्त किए जाने पर भी दोबारा आवेदन नहीं होगा। आवेदन के समय लाभार्थी की ओर से जैसे ही अपने आधार और बैंक खाते का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। बाकी जानकारी आवेदन में अपने आप फीड होती जाएगी। खास बात यह है कि मुखिया का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ऑटो फेच हो जाएगा।

# हाईवे पर पलटी डग्गामार बस, 15 सवारियां घायल

## नारायण कोल्ड स्टोर के सामने सुबह 7 बजे हुआ हादसा

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** सिक्सलेन हाईवे पर इटावा-कानपुर मार्ग पर बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक स्लीपर बस नारायण कोल्ड स्टोर के सामने पलट गई। बस में बैठी तकरीबन 10 से 15 सवारियां घायल हो गईं। राहगीरों ने बस में फंसे लोगों को पुलिस के पहुंचने से पहले निकाल लिया। स्लीपर बस में तकरीबन 25 सवारियां बताई जा रही हैं। बस रेवाड़ी से कानपुर जा रही थी।




कानपुर आगरा सिक्सेलन हाईवे पर बिजौली से पहले इटावा से कानपुर की ओर जा रही स्लीपर बस ट्रक को ओवरटेक करने में कट लगने से करीब 25 मीटर की घिसटती हुई हाईवे पर पलट गई। कुछ घायलों को खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। राहगीर 108 एंबुलेंस पर फोन करते रहे परंतु काफी देर तक 108 एंबुलेंस नहीं पहुंची। करीब 10 घायल सवारियां अपने निजी साधनों से गंतव्य की ओर चली गईं। तकरीबन 20 मिनट बाद बिजौली चौकी पुलिस व हाईवे पुलिस गाड़ी मौके पर पहुंची। उन्होंने कुछ घायल सवारियों को उपचार के लिए भिजवाया। बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा माय फोर्स मौके पर पहुंचे।

घायलों में पवन कुमार और उनकी पत्नी रेशमा निवासी उरई व उनकी चार माह की एक छोटी बच्ची, युवक सीपू पुत्र वीरेंद्र निवासी निवास ग्राम भूनियापुर कंचौसी जनपद औरैया को महेवा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बस चालक परिचालक स्टाफ घटना स्थल से भाग कर कुछ दूर जाकर बैठ गए थे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया।

### कार की टक्कर से महिला की गई जान

**ताखा।** थाना क्षेत्र के गांव अमथरी में रहने वाली कौशल्या देवी (45) पत्नी राजवीर उर्फ प्रमोद कुमार बुधवार सुबह 7 बजे घर से धान की रोपाई के लिए जा रही थीं। चौपला वैवाह मार्ग पर गांव नगला हुकमसिंह में बने मिनी सचिवालय के सामने चौपुला की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। महिला सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## आर्म्स एक्ट के दोषी को जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आर्म्स एक्ट के 17 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई व आठ सौ रूपया का जुर्माना भी लगाया।



इकिदल थाना पुलिस ने गस्त के दौरान वर्ष 2007 में अमरीष कुमार पुत्र वीरेंद्र बहादुर निवासी मानिक पुर मोहन थाना इकदिल को एक तमंचा क साथ गिरफ्तार किया था पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

बाद में पुलिस ने विवेचना के बाद उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की यसुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और जेल में बताई अवधि की सजा व आठ सौ रूपया का जुर्माना लगाया।

# संदिग्ध हालात में बालक को घर में लगी गोली

संवाददाता, भरथना, इटावा

- परिजनों ने रंजिश में गोली मारने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में बालक के पेट में गोली लगने से सनसनी फैल गई। घायल के परिजनों ने नामजदों पर रंजिशन गोली मारने का आरोप लगाया, पुलिस मामला संदेहजनक मानकर गहनता से जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र में गांव नगरिया सरवा में मंगलवार शाम छह बजे अमर सिंह उर्फ दीपू बाथम के घर में उस समय चीख पुकार मच गई गोली चली, उसका 11 वर्षीय बेटा अक्षय पेट में गोली लगने से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। गोली के धमाका से घर में दौड़कर पहुंचे, हालत देख परिजन शहर में जेके हॉस्पिटल पहुंचे, गोली को चिकित्सक ने ऑपरेशन कर निकाल दिया है जिससे वह खतरे से बाहर बताया गया।

एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ अतुल प्रधान, क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश मिश्र ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल साक्ष्य एकत्रित कराए। गहनता से जांच करते हुए



लोगों के बयान दर्ज किए।

घायल बालक के पिता ने चार नामजदों के विरुद्ध गोली मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। आसपास के लोगों ने बताया कि अक्षय को गोली उसी के घर के अंदर लगी, परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए घायल को इलाज को लेकर चले गए थे। चिकित्सालय में बगैर पुलिस सूचना के इलाज करने से मना करने पर रात साढ़े 11 बजे पुलिस को गोलमोल सूचना दी। घटना के आरोपी अर्से से बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहे हैं। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि गोली लगने से घायल बालक खतरे से बाहर है, मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। तथ्यों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव को ज्ञापन देते माकपा नेता अनिल दीक्षित । अमृत विचार

### प्रदेश में माब लिंचिंग की घटनाओं से माकपा नाराज

**भरथना, इटावा।** प्रदेश में माब लिंचिंग की बढ़ रहीं घटनाओं, मंहगाई, बेरोजगारी, आवारा पशुओं से फसल उजाड़, 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री करने आदि मांगों को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जनसभा कर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी सुशांत श्रीवास्तव को सौंपा। माकपा जिलासचिव मंडल के सदस्य अनिल दीक्षित ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश सरकार प्रदेश को सांप्रदायिक आग में झोंकने की साजिश कर रही है। मंहगाई आसमान पर पहुंच गई है, गरीब बदहाल हो रहा है। बेरोजगारी ने नौजवान को अंधेरे में ढकेल दिया है, किसान को फसल के लाभकारी मूल्य स्वामीनाथन आयोग के अनुसार देने के वायदे से सरकार मुकर गयी है। अनिल दीक्षित ने आने वाले दिनों में तेज आंदोलन करने की अपील की। शिवराम सिंह, आपेन्द्र कुमार प्रधान, इन्द्रेश बाबू, सुरेश सिंह, इतवारी लाल, रामप्रकाश यादव ने भी विचार व्यक्त किए।

### मां से कहासुनी पर क्षुब्ध बेटे ने लगाई फांसी

**इकदिल।** गांव बिरारी में रहने वाले तुलाराम के 35 वर्षीय बेटे नेकराम ने मंगलवार रात में घर के बरामदे में छत में लगे कुंडे में प्लास्टिक की रस्सी बांधकर जमीन पर रखे कूलर के ऊपर चढ़कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे जानकारी तब हुई जब सुबह भतीजा विकास कुमार दादी के पेंशन के कागजात लेने के लिए पास में बने चाचा के घर पर गया था। उसने दरबाजा खटखटाया। आवाज लगाने पर जबाव न मिलने पर रोशनदान से झांकर देखा तो चाचा फांसी के फंदे पर लटके थे। थाना प्रभारी भीमसेन पौनिया तथा फॉरेंसिक टीम ने शव को नीचे उतरवाया। मृतक के भाई रामदास ने बताया कि नेकराम की मां से कहासुनी हो गई थी। जिससे मां सर्वती गुस्से में दो दिन पहले घर से अपने मायके गांव रमपुरा कुदरकोट चली गईं। मृतक युवक घर में अकेला था, उसने खुदकुशी कर ली। तीन साल पहले उसकी पत्नी तलाक लेकर चली गई। तब से वह मानसिक तनाव में चल रहा था।

### वर्चस्व को लेकर दो जगह संघर्ष, चले लाठी-डंडे

**इटावा।** रंगबाजी को लेकर दो जगह लाठी–डंडे चलाकर एक–दूसरे पर हमला किया गया। एक जगह से शराब के लिए रुपये न देने पर तो दूसरी जगह दीवार बनाने को लेकर संघर्ष हुआ। पहला मामला कोतवाली सदर का है। क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा में रहने वाले कल्लू उर्फ बबलू यादव ने मोहल्ला बरहीपुरा के रवि जाटव, अतुल, आशु, अमन, कुनाल तथा संतोष के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रात साढ़े नौ बजे मोहल्ला में मौसी के घर जा रहा था, घर के पास इन लोगों ने गाली–गलौज करते हुए शराब के लिए रुपये मांगे, मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरी ओर से बरहीपुरा के रविकांत जाटव ने कल्लू उर्फ बबलू यादव तथा इस मोहल्ला के विजय, गुड्डू, सोनू, मोनू, रोहित, शिवम, छैला व छोटू यादव के खिलाफ रात 11 बजे हमला करके परिजनों सहित घायल करने धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया है। दूसरा मामला थाना बसरेहर में इसी क्षेत्र में गांव अमृतपुर के विवेक चौधरी ने पड़ोसी रामकेश उर्फ राकेश यादव के खिलाफ दर्ज कराया है। कहा गया है कि अपनी दीवार ऊंची करके दरवाजा लगवा रहा था तभी उसने रुपयों की मांग की, मना करने पर ईंट मारकर घायल कर दिया। दूसरी ओर से इसी गांव के गोविंद यादव ने विवेक चौधरी, टिल्लू तथा भगवान सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा गया है कि यह लोग दीवार बनाकर सार्वजनिक रास्ता बंद कर रहे थे, चाचा रामकेश उर्फ राकेश, चाची व हम लोगों ने रोका तो लाठी–डंडे से हमला करके घायल कर दिया।

### पांच वारंटी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाकर अर्से से फरार वारंटी गांव मोहन की मड़ैया के धर्मेन्द्र, मोहल्ला गुलाबबाड़ी के शिवम चौधरी व शिवा, श्याम नगर के पंकज तथा गांव नगला नरिया के ललित को गिरफ्तार किया। इन पांचों को न्यायालय में पेश करके जेल भिजवाया।

### मौरंग लदा ओवरलोड ट्रक किया सीज

**जसवंतनगर।** नेशनल हाईवे पर पुलिस व खनन अधिकारी ने मंगलवार देर शाम ओवरलोड ट्रकों की जांच की। टीम ने मौरंग बालू से ओवरलोड एवं बिना रॉयल्टी के ट्रक को सीज कर दिया। जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने कुरसेना गांव के पास अभियान चलाया। टीम ने कई ट्रकों को चेक किया, इसी दौरान जानकारी मिली कि अवैध रूप से संचालित बालू धुलाई सेंटरों से सड़क पर पानी फैल रहा है।

### मेड़बंदी की खूटी तोड़ने पर एफआईआर

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जगमोहनपुर मंज एक माह पूर्व खेतों की मेडबंदी के लिए दिये प्रार्थना पत्र के बाद राजस्व टीम ने खुटी लगवाने का काम कराया। नामजद युवक ने खुटियों को उखाड़ डाला। ग्राम जगमोहनपुरा अहेरीपुर निवासी अजय दुबे ने बकेवर थाने में दिये प्रार्थना पत्रमें बताया कि स्थानीय लेखपाल मनोज कुमार व अहेरीपुर पुलिस चौकी के स्टाफ ने मौके पर आकर खुटी लगाई थी। इसके बाद खेत के पड़ोसी शैलेन्द्र दुबे ने तोड डाली। तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई। लेखपाल मौके पर आये तो युवक ने उनसे भी अभद्रता की।

### यमुना नदी में मछलियां मरीं

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम टकरूपुर घाट सहित अन्य स्थानों पर यमुना नदी में लाखों की तादाद में मछलियां मर गयी। बुधवार की सुबह लोगों ने यमुना नदी में किनारे पर भारी तादाद में मरी मछलियां पड़ी देखी। लोगों ने बताया कि यमुना नदी किनारे दिल्ली, आगरा में फैक्ट्रियां संचालित हैं। हो सकता कि वहां से कैमीकल युक्त जहरीला पानी छोड़ा गया हो जिसके कारण उक्त नदी में पल रही मछलियां मर गयी।

### माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का धरना आज

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) जनपद इटावा के तत्वावधान में 25 जुलाई को अपरान्ह तीन बजे से जिला विद्यालय निरीक्षक इटावा के कार्यालय पर अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन होगा। इसमें प्राथमिक शिक्षक संघ एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी रहेंगे। प्रदेशीय मंत्री कवि डॉ. कमलेश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गोयल ने बताया कि धरने में संगठन की ओर से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय को सौंपा जाएगा। ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाली, वित्त विहीन शिक्षकों को समान कार्य समान वेतन आदि मांगों को शामिल किया गया है।



ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे बसरेहर के ग्राम प्रधान। अमृत विचार

# भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर ग्राम प्रधानों ने ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मनरेगा के कामकाज का भुगतान न होने का भी आरोप

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर विकासखंड बसरेहर के प्रधान संघ के अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में ग्राम प्रधानो के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी से भेंट कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। दिनेश यादव ने आरोप लगाया कि ब्लॉकों में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रधानों को विकास कार्य के लिए दिए जाने वाले बजट में भारी कटौती कर दी गई है। मनरेगा में पक्के कामों का 10 महीने से बकाया का भुगतान नहीं हो रहा है। संघ के महामंत्री यतीन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा प्रीपेड और स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं के सामने भारी समस्याएं पैदा की जा रही हैं। बिजली कटौती, बिलों में हेरा फेरी बड़ी संख्या में हो रहा है। इसे रोका जाए। संघ के संरक्षक अमर सिंह ने कई सालों से विकास कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री रेट और मजदूरी रेट में कम से कम 40 प्रतिशत की वृद्धि की मांग की।

प्रधान पारुल, रामनरेश दिवाकर, सर्वेश कुमार, सुभाष कुमार, जगदीश नारायण, शंभू दयाल, सुभाष चंद्र मौजूद रहे।

# हक से वंचित समाज की बेहतरी के लिए संघर्ष को कार्यकर्ता रहें तैयार : शिवप्रसाद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सर्वजन सुखाय पार्टी के कार्यकर्ताओं की मानिकपुर मोड स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव ने संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियो को जिम्मेदारियां सौंपी। एसएसपी ने हक वंचित दलित, गरीब, पिछड़े, अल्पसंख्यकों और किसानों की बेहतरी के लिए संघर्ष का बिगुल फूंकने की रूपरेखा तैयार की। सभी कार्यकर्ताओं से गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों से लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव ने कहा कि पार्टी को एक लंबी राजनैतिक लड़ाई के लिए तैयार करना है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्राण प्रण से इस कार्य में जुट जाएं। आज जो राजनैतिक दल हैं उनके आम जनता का मोहभंग होता रहा है। नेताओं की कथनी और करनी



बैठक को संबोधित करते एसएसपी के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव। अमृत विचार

- सर्वजन सुखाय पार्टी की बैठक हुई

में अंतर हो गया है। प्रदेश की जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। राजनैतिक दल अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसे में एक सशक्त विकल्प की जरूरत जनता महसूस कर रही है। हमें जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने को तैयार करनी की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेनी है। एसएसपी का अभियान इसी दिशा में चल रहा है। अब मंजिल तक पहुंचाना आप सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने समस्त राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति से राजस्व विभाग के कानूनगो के पद पर कार्य कर चुके विवेक यादव को एसएसपी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की। सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने का संकल्प दोहराया। इस बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सत्यराम, प्रदेश सचिव उदय प्रताप , मंडल प्रभारी रानू खान , जिला अध्यक्ष इटावा जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष मैनपुरी सतेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## रोपाई कर रहे किसान की वज्रपात से मौत

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बदरियापूठ में बीते दिन खेतों पर धान की रोपाई करने गए किसान की बज्रपात से मौके पर ही मौत हो गई। किसान को मूर्छित समझ कर परिजन जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बदरियापूठ निवासी सुनील कुमार (30) पुत्र दाता राम मंगलवार को खेतों पर धान की रोपाई करने गया था। दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया और बादल छा गए। कुछ देर में बरसात होने लगी तो खेत पर रोपाई करने वाले सभी मजदूर-किसानों ने कृषि कार्य बंद कर दिया और खेत से दूर पेड़ की छांव मे बैठ गए। बरसात जैसे ही कम हुई तो सुनील खेत में धान की पौध उठाने चला गया। पिता दाताराम के मुताबिक सुनील खेत में बनी नाली के पास पहुंचा था कि अचानक बिजली सुनील के ऊपर गिर पड़ी। जिससे वह नाली मे गिर गए। तहसीलदार ताखा मो. असलम ने बताया बिजली से मौत होने की सूचना मिली थी लेकिन जांच के दौरान चक्कर आने से मौत होने की बात सामने आई है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में बांटे गए स्मार्टफोन और टैबलेट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत स्नातक और स्नातकोत्तर छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डा श्याम पाल सिंह ने कहा कि सरकार की योजना आपको अनिवार्य रूप से शेष विश्व से जोड़ना है। इसी को दृष्टिगत कर यह निःशुल्क योजना चलाई जा रही है। इसमें जो उपकरण आपको दिया गया है, उसका उपयोग हमेशा उपयोगी सूचनाओं के लिए करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इस योजना से आच्छादित होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं के अतिरिक्त वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ चंद्रप्रभा, डॉ अजय दुबे, डॉ दुर्गेशलता भगत, डॉ रेखा, डॉ अमित कुमार, डॉ अनुपम सिंह, डॉ श्याम देव यादव, डॉ सपना वर्मा, डॉ डौली रानी और कार्यालय सहायक श्री इकलेश की गरिमामई उपस्थिति रही



स्मार्टफोन लिए छात्राओं के साथ प्राचार्य डॉ. श्याम पाल सिंह। अमृत विचार

## फर्रुखाबाद हादसे में घायल महिला की मौत

**सैफई।** थाना के ग्राम भालासैया निवासी दिलीप शाक्य गुरु पूर्णिमा की पर्व के दिन अपने पिता स्व. विनोद कुमार शाक्य की अस्थि विसर्जन करके घर लौट रहे थे, तभी फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के पिकअप चालक को नींद की झपकी आ जाने से पिकअप खंभे से टकरा कर खाई में जा पलटी। जिसमें सवार कुल 28 यात्रियों मे से तीन महिलाओ की मौत हो गई थी। 22 घायलों को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। यहां भर्ती ममता देवी (42) पत्नी विनोद कुमार निवासी नगला मुकुंद थाना किशनी जनपद मैनपुरी की इलाज के दौरान मंगलवार को रात 8 बजे मौत हो गई।

# सामूहिक चिंता का विषय है गिरता भूगर्भ जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- महिला महाविद्यालय में भू जल संरक्षण पर विचार गोष्ठी

**अमृत विचार।** पंचायत राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को भूगर्भ जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्यामपाल सिंह ने कहा कि आज भूगर्भ में जल का स्तर लगातार घटता जा रहा है, जो भविष्य के लिए संकट का सूचक है। आने वाले दिनों में जल संकट दुनिया का सबसे बड़ा संकट होगा। इसलिए यह हमारा पुनीत कर्तव्य है कि हम जल का संरक्षण करें और पानी बचाएं।

उन्होंने कैच दी रेन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता जताई। डॉ. डौली रानी ने कहा कि जल संरक्षण के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। हमें इसकी गंभीरता को समझना होगा। बरसात के पानी का संरक्षण कर ही हम जल संसाधन का संवर्धन कर सकते हैं। डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि भूगर्भ जल का गिरता स्तर सामूहिक चिंता का विषय है। डॉ. चंद्र प्रभा, डॉ. अजय दुबे, डॉ. दुर्गेशलता भगत, डॉ. रेखा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. श्याम देव मौजूद रहे।

**परेशानी** भरथना उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रोस्टर के अनुसार आपूर्ति की मांग

# बिजली कटौती से व्यापारियों में आक्रोश

संवाददाता, भरथना

**अमृत विचार।** अघोषित बिजली कटौती व थोड़ी-थोड़ी देर बाद होने वाले फाल्ट से कस्बे की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। व्यापारियों ने भरथना उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मानक के अनुरूप आपूर्ति कराये जाने की मांग की।

व्यापारियों ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर व केबिलों में बार-बार फाल्ट से बिजली की आवाजाही से आम जनमानस परेशान है। व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी विभाग के विरुद्ध आंदोलन को बाध्य होंगें। ज्ञापन देने के दौरान व्यापारी चेतन पोरवाल, इमरान खान, आशीष चौधरी सोनी, राधेश पाण्डेय, विवेक गुप्ता, बलवीर सिंह, संजय माधवानी, सुमित गुप्ता, छैलबिहारी गुप्ता, अतुल गुप्ता, कल्लू पोरवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### दो तो कहीं चार घंटे बंद रहेगी बिजली

**इटावा।** अलग–अलग कारणों से गुरुवार को शहर में दो घंटे तो कहीं चार घंटे बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। 25 जुलाई को आंबेडकर चौराहे पर निर्माणाधीन



फलाई ओवर रामनगर क्रॉसिंग पर 33 केवी अंडरग्राउंड केबिल कार्य के लिए 33 केवी सप्लाई गुरु तेग बहादुर सुबह 10 :00 बजे से 12 :00 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान गुरु तेग बहादुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित सभी क्षेत्रों की सप्लाई बाधित रहेगी। गुरुवार को ही काली वाहन सब स्टेशन के फीडर की टेस्टिंग का कार्य होना है। इस कारण, काली वाहन उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र क्षेत्र करनपुरा, पंसारी टोला, छैराया पचराहा, कटरा टेकचंद के आसपास की विद्युत आपूर्ति दोपहर 1 :00 से शाम 5 :00 बजे तक बाधित रहेगी।




### अहेरीपुर में पटरी से उतरी व्यवस्था

**अहेरीपुर, इटावा।** कस्बा अहेरीपुर की विद्युत व्यवस्था पटरी से पूरी तरह उतर चुकी है। बड़े पैमाने पर कटौती और शाम छह बजे के बाद लगभग 7 बजे सप्लाई जारी की जाती है। उसके बाद हर 20 मिनट के बाद 5 मिनट की कटौती की जाती है। यह आलम सारी रात चलता है।

# बिजली-स्वास्थ्य व्यवस्था में हो सुधार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले में खराब स्वास्थ्य एवं बिजली व्यवस्था के विरोध में समाजवादी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, लीलावती राजपूत, उदयभान यादव ने पार्टी कार्यालय से जुलुस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन दिया।

इस दौरान उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, चच्चू शुक्ला, राजपाल यादव, प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, सचिव रमेश यादव, प्रवीन कुशवाहा, प्रदीप सोनी, डॉ. संतोष राठौर, लाइनपर अध्यक्ष सभासद अविनाश कुशवाहा, अबधेश सविता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदित्य गोविन्द, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव, दीपू कुशवाह, अमित शंखवार, राजकिशोर भोजवाल, देवेंद्र भदौरिया, गोरखनाथ वर्मा, राजेंद्र निराला, शेखर राजपूत, अंकुर यादव, गोलू यादव, विवेक कुशवाह, रेशु चौधरी, पवन सविता, गौरव दिवाकर, शिवपाल यादव, योगेंद्र यादव आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।



ज्ञापन देते सपा जिलाअध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू एवं अन्य सपा नेता। अमृत विचार

- सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## युवक को बंधक बना कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मटियार निवासी रजनीश कुमार पुत्र दफेदार सिंह ने बताया वह मंगलवार दोपहर बाइक पर सवार होकर पेट्रोल डलवाने के लिए टिमरूआ गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। लौटते समय टिमरूआ चौराहा के पास से चौबिया थाना क्षेत्र के गोरादयालपुर निवासीगण दीपू पुत्र राकेश कुमार,राजेश कुमार पुत्र हरनाम सिंह,मनोज पुत्र किशन आढ़तिया,व असित कुमार उर्फ गब्बर पुत्र रामकिशन मुखिया व दो अज्ञात युवकों नें बंधक बनाकर दो बाइकों पर उसे उठाकर ले गए और एक मकान में बंद कर दो घंटे तक मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 34.4° | 26.0° |
| सूर्योदय 05:30 | सूर्यास्त 07:00 |

## डेंगू-मलेरिया से बचने को फुल पैंट-शर्ट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- परिषदीय स्कूलों के बच्चों के लिए जारी हुई एडवायजरी
- बारिश में डेंगू व वेक्टरजनित बीमारियों का रहता खतरा

**अमृत विचार।** बारिश और जलभराव की वजह से डेंगू एवं मलेरिया समेत अन्य वेक्टर जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप के कारण बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को अब फुल पैंट और फुल बांह की शर्ट पहनकर स्कूल आना होगा।

बेसिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में विभाग को निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला समन्वयक अरुण मिश्रा ने बताया कि निर्देशों में कहा गया है कि वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए स्कूलों में बच्चों को अब फुलपैंट और पूरी बांह की शर्ट में आने के आदेश दें। साथ ही उन्हें इन रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करें और स्कूलों के आसपास सफाई अभियान चलाएं। ज्यादातर इलाकों में बरसात और जल भरावों के कारण डेंगू, मलेरिया समेत अन्य वेक्टर जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप पर एडवाइजरी जारी की गई है।

### विभाग को करने हैं ये काम

- स्कूलों के साथ-साथ उसके आसपास भी वेक्टर जनित रोगों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए।
- छात्र-छात्राओं को रोगों से बचाव के लिए पर्यावरणीय एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करें।
- रोगों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों की भी अधिक सहभागिता कराएं।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मिले निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। बारिश के दिनों में बीमारी फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। सभी बच्चों को फुल पैंट एवं शर्ट पहनने को कहा गया है।

–अरुण मिश्रा, जिला समन्वयक

## मार्शल आर्ट से अपनी रक्षा करेंगी छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हर राजकीय विद्यालयों में रखें जाएंगे प्रशिक्षक
- डीआईओएस कार्यालय से होगी नियुक्ति



**अमृत विचार।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को अब आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत तीन माह विद्यालयों में छात्राओं को मार्शल आर्ट समेत अन्य आत्मरक्षा के अन्य गुर सिखाए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक विद्यालयों में एक-एक प्रशिक्षकों की तैनाती जाएगी।

जिले में करीब दो दर्जन राजकीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में राज्य परियोजना निदेशक की ओर से हर विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत छात्राओं को विपरित परिस्थितियों से सामना करने व शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मार्शल आर्ट, जूडो, कराटे और ताइक्वांडो आदि के माध्यम से छात्राओं के जीवन कौशल में विकास किया जाएगा। विद्यालयों में प्रशिक्षक हर दिन करीब 40 मिनट छात्राओं को प्रशिक्षण देंगे।

इसके लिए डीआईओएस कार्यालय की ओर से प्रशिक्षकों को तैनाती की जाएगी। छात्रा प्रशिक्षण लेने के बाद विषम परिस्थितयों में डटकर मुकाबला कर सकेंगी। महिला प्रशिक्षक न मिलने पर पुरुष प्रशिक्षक रखे जाएंगे।

चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्कूलों में प्रशिक्षण शुरू करा दिए जाने की बात विभाग द्वारा कही जा रही है। एक प्रशिक्षक को अधिकतम तीन विद्यालयों में प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। तीन माह तक विद्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस कम से कम 40 मिनट प्रशिक्षण देना होगा। चयन प्रक्रिया में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता दी जाएगी। प्रभारी डीआईओएस ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में रानी लक्ष्मी बाई योजना के तहत छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालयों में जल्द प्रशिक्षक रखे जाएंगे।

### प्रशिक्षकों की ये होगी योग्यता

राजकीय विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा का गुर सिखाने के लिए प्रशिक्षकों की योग्यता मार्शल आर्ट, कराटे, जूडो, ब्लैक बेल्ट योग्यताधारक होना चाहिए। इसके लिए डीआईओएस कार्यालय में 30 जुलाई तक आवेदन लिया जाएगा।

## एक नजर

### फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ओती में मानसिक तनाव के चलते राम आसरे का पुत्र अशोक सिंह ने देर शाम मानसिक तनाव के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### सर्पदंश से महिला गंभीर

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के केवटरा पिपौरी गांव निवासी रावेंद्र की पत्नी चंदा देवी खेतो में चारा काटने के लिए गई थी। तभी चारा काटते समय सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर हुई जानकारी के बाद परिजनों ने उसे आनन-फानन में एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया है।

### युवती करंट से झुलसी

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के पांडेपुर गांव निवासी राम कुमार की पुत्री सरला देवी घर मे काम करते समय करंट की चपेट में आ गई। यह देख परिजनों ने उसे किसी तरह से करंट से अलग किया और सीएचसी में भर्ती कराया है।

### करंट की चपेट में आए किसान की मौत

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में मंगलवार की देर रात करंट की चपेट में आकर किसान की मौत हो गई। किसान की मौत के बाद से परिजनों का रोग होकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी पिरथी रैदास मंगलवार देर रात पंख लगाते समय करंट की चपेट में आ गया। जिससे कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजन गंभीर हालत में किसान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो ले गए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन घर शव लेकर घर लौट गए। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### महिलाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को सभी थानो की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति अभियान चलाया गया। जहां महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

### कावड़ियों की सुरक्षा को लेकर एसडीएम से मिलेंगे

**फतेहपुर।** खागा नगर के रामनगर मोहल्ले में विहिप की एक बैठक की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने कावड़ियों के आवागमन के लिए सड़क मरम्मत करने, ट्रैक्टर ट्राली में भक्त के जाने पर पाबंदी को लेकर चर्चा की। तय किया कि प्रशासन से मिलकर सख्ती करने की बात कही गई। मनोज त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन ट्रैक्टर ट्राली में सवारी बैठाने को लेकर सख्ती नहीं दिखा रहा है। जिससे सड़को में खुलेआम ट्राली में सवारी भरकर गंगा स्नान करने जाते हैं। ताराचंद्र पांडेय ने कहा कि कावड़ियों की व्यवस्था चुस्त कराने को लेकर इस बार विहिप के पदाधिकारी कार्यकर्ता सड़कों में उतरकर पूरी सहायता करेंगे।

## नर्सिंग होम में डॉक्टर की लापरवाही से चली गई जच्चा-बच्चा की जिंदगी

### पति ने दी तहरीर, नहीं हुई कार्रवाई, जांच के बाद कार्रवाई करेगा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता फतेहपुर



शव गांव में पहुंचने के बाद जमा भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए पति ने प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टर ने पहले बच्चे को मृत घोषित कर दिया और बाद में महिला के पेट की सफाई के नाम पर ब्लड कम होने की बात कहकर रेफर कर दिया। महिला को परिजन इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से किया और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को जानकारी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भागूपुर मजरे समदा के रहने वाले कमलेश कुमार ने आरोप लगाया कि 22 जुलाई के दिन उसकी आठ माह की गर्भवती पत्नी सोनी देवी को प्रसव पीड़ा होने पर घर के पास एक निजी मेडिकल स्टोर पर डॉक्टर गीता उत्तम को दिखाया गया। जहां डॉक्टर ने जच्चा बच्चा दोनों की हालत गंभीर बताकर भर्ती कराने की बात कही। जिसके बाद 23 जुलाई की सुबह पत्नी सोनी देवी को भर्ती कराया। उसके कुछ घंटे बाद डॉक्टर ने बताया कि बच्चे की मौत हो गई है और पत्नी के पेट की सफाई करनी होगी। डॉक्टर पत्नी के पेट की सफाई के लिए कमरे में लेकर गए और कुछ देर बाद कहा कि ब्लड बहुत बह रहा है और उसे कहीं और ले जाएं। जब प्राइवेट एम्बुलेंस से पत्नी को ले जाने लगा तो पत्नी की सांस नही चल रही थी। जिस पर डॉक्टर गीता उत्तम ने कहा कि जल्द लेकर जाओ। पत्नी को लेकर कानपुर के एक निजी अस्पताल पहुंच तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पत्नी के शव को लेकर घर आया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात आरोपी डॉक्टर

पीड़ित पति ने बताया कि उसका एक सात साल का बच्चा है। डॉक्टर के लापरवाही के कारण उसकी गर्भवती पत्नी और पेट पल रहे बच्चे की मौत हुई, जिसकी जिम्मेदारी डॉक्टर की है। जिसके ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। पति ने यह आरोप भी लगाया कि गीता उत्तम कोराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात है। घर से इलाज करती है, इसके पहले भी इनके हाथ से केस खराब हुआ है। मामले में कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। इस मामले में सीएमओ ने बताया कि डॉक्टर की टीम बना दी गई है और जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## करंट की चपेट में आने से आर्गन वादक की मौत

**फतेहपुर।** सावन में रात्रि जागरण के दौरान स्टेज से उतरते समय करंट की चपेट में आने से आर्गन वादक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता ने लापरवाही का आरोप लगाया है।

ललौली थाना क्षेत्र बहुआ कस्बा कृष्णानगर पूर्वी मोहल्ले में सावन माह के उपलक्ष्य में वार्षिक भंडारा और रात्रि जागरण का कार्यक्रम था। आयोजक मोहल्ले के ही जय भोले भंडारी कमेटी है। जागरण कार्यक्रम में गाजीपुर थाने के लिलरा व राम स्वरूप का पुत्र विनय कुमार पाल आर्गन बजाने पहुंचा था। करीब रात दो बजे विनय कुमार पाल किसी काम से स्टेज से उतर रहा था। उतरते समय टेंट के पाइप का सहारा लिया। करंट लगने से आर्गन वादक झुलसने लगा। लोगों ने आयोजकों से आपूर्ति बंद कराई। वादक को आयोजक जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता रामस्वरूप ने आरोप लगाया कि टेंट और बिजली सप्लाई करने वाले कर्मियों की लापरवाही से बेटे की करंट लगने से मौत हुई।

## सार-संक्षेप

### पति से झगड़ कर पत्नी ने यमुना में लगाई छलांग, जान बची

**किशनपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर-4 नरवापर की रहने वाली महिला ने पति से झगड़कर दांदो ओवर ब्रिज से यमुना नदी में छलांग लगा दी। महिला के छलांग लगाने की खबर पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिल महिला को यमुना नदी से बाहर निकाल इलाज के लिए ले गई। कस्बे के वार्ड नंबर चार के रहने वाले अखिलेश निर्मल की पत्नी मालती देवी का बुधवार को उसके पति अखिलेश से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। कुछ देर बाद महिला घर से अपना बैग लेकर निकल गई। कुछ देर बाद महिला पास में ही बने किशनपुर व दादों को जोड़ने वाले पक्के पुल पर पहुंच यमुना नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगाने से पहले महिला ने अपना मोबाइल व बैंग पुल पर बने डिवाइडर पर रख दिया था। महिला को छलांग लगाते देख राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत करते हुए महिला को यमुना नदी से बाहर निकाला। जहां महिला की हालत को देखते हुए पुलिस ने अपने वाहन से महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां महिला का इलाज कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व में भी कई बार महिला अपने पति से झगड़े को लेकर सुर्खियों में आ चुकी है। मामले में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला के कूदने की खबर पर पहुंच महिला को बाहर निकाल उसे इलाज के लिए भेज दिया गया। जहां महिला की हालत में सुधार हुआ है।

### ट्रक की टक्कर से मां की मौत, बेटा घायल

**फतेहपुर।** हाइवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार मां बेटे को जोरदार टक्कर मार दिया और मौके से ट्रक लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खागा कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित धर्मकांटा के पास आज बुधवार की दोपहर में तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार मां-बेटा को टक्कर मार दिया और ट्रक लेकर भाग गया। हादसे में महिला सरिता देवी पत्नी प्रकाश नारायण की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और पुत्र धनंजय सिंह निवासी औराई थाना थरियांव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों की माने तो हाईवे पर बारिश का पानी सड़क पर भरा हुआ है और पानी भरने के कारण यह हादसा हुआ है। कोतवाली प्रभारी तेज बहुदार सिंह ने कहा कि ट्रक के टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई है और उसका लड़का घायल हो गया है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और घायल को अस्पताल में भरती कराया गया है। बताया जा रहा है के बाइक से किसी रिश्तेदार के घर से मिलकर यह लोग जा रहे थे तभी हादसा हुआ है।

### भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष पर मारपीट का आरोप

**थरियांव।** जीटी रोड की बेस कीमती जमीन पर फर्जी तरीके से बैनामा करवा कर भाजपा के एक पूर्व मंडल अध्यक्ष पांच से छह अज्ञात महिलाओं के साथ मिलकर कब्जा कर रहा था। महिला ने विरोध किया तो महिला लाठी डंडों व लात घूंसो से जमकर मारा पीटा। थरियांव थाना क्षेत्र के जीटी रोड कस्बा निवासी रेखा देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी भाजपा का पूर्व मंडल अध्यक्ष से जमीन का फर्जी बैनामा कराने को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका महिला ने दीवानी का वाद दायर कर दिया है और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य में रोक लगा दी गई है। सुबह भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पांच से छह अज्ञात महिलाएं लेकर आया और निर्माण कार्य शुरू कर दिया। महिला ने निर्माण कार्य करने से मना करते हुए बताया कि इस जमीन का दीवानी का वाद दायर है। तभी पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ आई महिलाओं ने गुस्से में आकर गाली गलौज करते हुए महिला जमकर मारा पीटा। महिला की भतीजी मोनी देवी ने बीच बचाव किया तो उसे भी लात घूंसो व लाठी डंडों से मारा पीटा। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### समग्र पौधरोपण अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**फतेहपुर।** जुलाई माह में वन महोत्सव के बीच गंगा समग्र कानपुर प्रांत की फतेहपुर इकाई ने पौधरोपण अभियान के अन्तर्गत चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बिंदकी में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सहभागिता प्रभागीय निदेशक वानिकी रामानुज त्रिपाठी एवं सीओ बिंदकी वीर सिंह की रही। जामुन, नींबू, आंवला, आम, शरीफा, कटहल आदि के फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर सिंह ने कहा कि सभी वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमें बहुउपयोगी वृक्षों पर अधिक फोकस करना चाहिए। ऐसे वृक्ष हमें ऑक्सीजन, फल, फूल, छाया, खाद देने के साथ-साथ बादलों को भी आकर्षित करते हैं। इसीलिए इनका संरक्षण हम सबका दायित्व है। पौधरोपण में कालेज के प्रधानाचार्य नितिन तिवारी, उपप्रधानाचार्या नीता मिश्रा रहीं। गंगा समग्र के बेतवा बुंदेलखंड भाग के प्रमुख कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि गंगा समग्र ने हरित फतेहपुर के लिए जनपद के अधिकाधिक विद्यालयों में पौधरोपण का लक्ष्य रखा है।

## महिला के साथ दो युवकों ने किया दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता फतेहपुर

- विरोध करने पर पीटा, एसपी से की शिकायत, बकेवर थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** एक महिला के साथ गांव के दो युवकों ने खेत में पकड़कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर युवकों ने पिटाई कर दी। चीख पुकार सुनकर पहुंचे पुत्रों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

बकेवर थाना क्षेत्र की एक महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाया कि 21 जुलाई की शाम को खेत गई थी। तभी गांव के दो युवक खेत में पहुंचकर छेड़खानी करने लगे। वहीं जमीन पर गिराकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर मेरे दो पुत्र मौके पर पहुंच गए, तो दोनों युवकों में मेरे बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। गांव के लोग पहुंचे तो दोनों युवक मौके से भाग गए। जिसके बाद हम शिकायत लेकर दोनों युवकों के घर गए, तो वहां पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इस बात की शिकायत उसी दिन रात में थाना पुलिस में किया, तो पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिसके बाद बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। एसपी ने डीएसपी को जांच का आदेश दिए है। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि दो पक्ष के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्ष को थाना बुलाया गया था। महिला जो आरोप लगा रही है, वह गलत है। प्रार्थना पत्र देने के बाद से महिला थाना नहीं आयी है।

## पति-पत्नी के ड्रामे ने पुलिस को छकाया

फॉलोअप

संवाददाता किशनपुर

- आपस में हुए विवाद के बाद हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गए थे दंपत्ति
- पुलिस व दमकल कर्मियों ने काफी मिन्नतें करने का बाद दोनों को नीचे उतारा



टावर में चढ़कर कूदने की धमकी देते रहे दंपत्ति। (लाल घेरे में) अमृत विचार

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के परान का डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव में पत्नी से झगड़ पति हाई टेंशन लाइन की पोल पर चढ़ गया। पत्नी भी उसे नीचे उतारने के लिए मान मनौवल करती हुई बिजली की पोल पर चढ़कर बैठ गई। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी दोनों नीचे नहीं उतरे। करीब पांच घंटे तक चले ड्रामे के बाद दोनों को नीचे उतारा जा सका।

किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मडैयन गांव निवासी पप्पू निषाद की शादी साल भर पहले परान का डेरा गांव निवासी बुधराज की बेटी केसिया के साथ हुई थी। अभी हाल ही में करीब 15 दिन पहले केसिया अपने मायके परान का डेरा गांव में आई हुई थी। दो-तीन दिन पहले बुधराज अपनी पत्नी को लेने परान का डेरा आया हुआ था। जहां मंगलवार की दोपहर दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। कुछ देर बाद मामला और बिगड़ गया जिसके बाद पप्पू गुस्से में आकर घर से बाहर चला गया। इस दौरान उसकी पत्नी केसिया भी उसका पीछा करते हुए पहुंच गई। इटरौरा गांव के समीप पहुंचते ही पप्पू निषाद हाई टेंशन लाइन की पोल पर चढ़कर इंसुलेटर में बैठ गया। पत्नी उसे नीचे उतरने के लिए मान-मनौव्वल करती रही। लेकिन वह नीचे नहीं उतरा जिसके बाद पत्नी भी हाई टेंशन लाइन की पोल पर चढ. कर बैठ गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों के उतारने का प्रयास किया, लेकिन दोनों नीचे नहीं उतरे। मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को लगी तो मौके पर पहुंचे। पोल पर चढ़े युवक को करीब पांच घंटे बाद देर रात करीब 11 बजे पुलिस ने नीचे उतार लिया। पुलिस युवक की मानसिक गतिविधियों को देखते हुए मेडिकल के लिए अस्पताल ले गई।

मौसम का मिजाज

### लगातार बारिश होने की वजह से आधे शहर की बिजली रही गुल

## रात को बारिश ने दी राहत, सुबह से उमस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- आधी रात के बाद भोर पहर तक लगातार हुई बारिश
- जलभराव और कीचड़ से लोगों को खासी परेशानी हुई



गांधी मैदान के गेट के पास जमा बरसात का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब एक पखवारे से उमस भरी गर्मी बेहाल लोगों के लिए मंगलवार की रात कुछ राहत भरी रही। करीब 11 बजे से शुरू हुई बारिश भोर पहर तक चलती रही। जिससे लोगों को गर्मी में कुछ राहत मिल सकी। लेकिन यह राहत बहुत देर नहीं रह सकी और सुबह सूरज निकलते ही उमस ने फिर से अपना डेरा जमा लिया। दोपहर तक धूप इतनी तेज हो गई कि लोग पसीना-पसीना हो गए।

मंगलवार की रात अच्छी बारिश हुई। इससे मौसम में नरमी आई। हालांकि बारिश के बाद कुछ स्थानों व गलियों में हुए जलभराव और कीचड़ से लोगों को खासी परेशानी हुई। मंगलवार की रात करीब 11 बजे से सुबह छह बजे तक जमकर मेघ बरसे। बारिश से असर यह रहा कि उमस भरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली। हालांकि बुधवार को दोपहर तक धूप इतनी तेज हो गई कि लोग गर्मी से बेहाल हो गए। उधर बारिश होने से किसानों के लिए फायदा पहुंचा है। किसानों का कहना है कि बारिश होने से धान के खेतों में कुछ तो नमी आ ही जा रही है। हालांकि धान की फसल के लिए झमाझम बारिश की आवश्यकता है।

### बिजली कटौती ने छीन लिया सुकून

मंगलवार की रात बारिश शुरू होते ही साउथ सिटी स्थित राधानगर उपकेन्द्र के करीब सभी फीडरों की बिजली गुल हो गई। जिससे हजारों उपभोक्ताओं की रात की नींद हराम हो गई। लोगों का मानना था कि शायद बारिश बंद होने के बाद आई फाल्ट को दुरुस्त करके आपूर्ति बहाल कर दी जाए लेकिन ऐसा नहीं हो सका। करीब 11 बजे ठप हुई आपूर्ति सुबह सात बजे तक नहीं आ सकी। जिससे राधानगर, खम्भापुर, श्यामनगर, विष्णुपुरी कालोनी, पीएसी कैम्पस, जयरामनगर मोहल्ले समेत बहुआ फीडर, जोनिहां फीडर सहित अन्य फीडरों के उपभोक्ता पूरी रात जागने को मजबूर हुए। इस दौरान विभाग के किसी भी जवाबदेह ने मोबाइल में काल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

## न्यायालय ने एक अभियुक्त को सुनाया अर्थदण्ड

**फतेहपुर।** जिला न्यायालय के एसीजे (जेडी) जेएम की अदालत ने गोवध निवारण अधिनियम के एक मुकद्दमे की अंतिम सुनवाई करते हुए गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर एक अभियुक्त राजा उर्फ पोलियो पुत्र फैय्याज निवासी कसौड़ा कस्बा व थाना जहानाबाद को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि समेत तीन हजार रुपये के अर्थदण्ड अदायगी की सजा सुनाई है।

अभियुक्त के खिलाफ वर्ष 2019 को जहानाबाद थाना पुलिस ने गौवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा था। जो कि कुछ माह बाद जमानत पर रिहा हो गया था। केस अदालत में विचाराधीन था। जिला न्यायालय ने मुकदमे की अंतिम सुनवाई कर फैसला सुनाया। अभियुक्त के खिलाफ शासकीय अधिवक्ता पुष्पा रावत ने गवाहो के बयान, सबूत व दलीलें पेश किये।

## निजी स्कूल की मनमानी की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देने जाती महिला अभिभावक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक निजी विद्यालय की मनमानी को लेकर बुधवार को कई अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। खासकर महिला अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए विद्यालय प्रशासन पर कई गम्भीर आरोप लगाए हैं। इनका आरोप रहा कि विद्यालय प्रशासन अनावश्यक पैसे वसूल कर रहा है। साथ फीस के नाम पर बच्चों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिससे बच्चे स्कूल जाने से कतरा रहे हैं, इससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से विद्यालय के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

शहर के राधानगर अंदौली पुलिया के समीप रहने वाली प्रीती सिंह पत्नी बृजेश सिंह के साथ सुनैना विश्वकर्मा, कीर्ती दीक्षित, विमला तिवारी, बृजेश सिंह, रावेन्द्र, शैलेन्द्र, अनुराग समेत अन्य अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें बताया गया कि अभिभावक प्रीती सिंह का पुत्र अंश सिंह का चार वर्ष पूर्व सागर कांवेंट सेकेंडरी स्कूल अंदौली रोड में कक्षा एक में कराया गया था। जहां प्रतिवर्ष एडमीशन, निर्धारित दुकान से शिक्षण सामग्री, यूनीफार्म आदि लेने का दबाव बनाया जाता है।

### नगर शिक्षाधिकारी की जिलाधिकारी से शिकायत

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अक्षय त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया नगर क्षेत्र में तैनात शिक्षाधिकारी विद्यार्थियों का काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज रघुवंशपुरम में कक्षा पांच के छात्र अंश शुक्ला के स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए सारे प्रपत्र जमा करने के बाद भी नगर शिक्षाधिकारी जिलेदार सिंह स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे थे। एबीवीपी के विभाग सह संयोजक हर्ष सिंह, जिला संयोजक अक्षय त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री आकर्ष मिश्रा, जिला सह संयोजक आदित्यांश सिंह, नगर मीडिया संयोजक वैभव श्रीवास्तव वार्ता करने पहुंचे।

# सपा नेता जग्गू की 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

## गैंगस्टर एक्ट के तहत जग्गू और उसके भाई चन्नू सहित परिजनों के 44 खातों में जमा साढ़े 16 लाख रुपए किए गए फ्रीज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा पुलिस ने तहसीलदार श्रद्धा पांडे के साथ लोको रोड निवासी गैंगस्टर के आरोपित सपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की। सपा नेता की पत्नी के नाम 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क किया है। इसमें सपा नेता के भाई एवं अन्य परिजनों की संपत्ति भी शामिल बताई जा रही है। प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए सपा नेता और उसके परिजनों के 44 खातों में जमा साढ़े 16 लाख से अधिक रुपयों को फ्रीज कराया है।


कुर्की से पहली मुनादी कराते अधिकारी। अमृत विचार


कुर्क सम्पतियों पर बोर्ड लगाते अधिकारी। अमृत विचार

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लोको रोड निवासी सपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जग्गू यादव पर 12 जून को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा में उसके भाई योगेंद्र उर्फ चन्नू यादव को सहयोगी बताया गया था। देवेंद्र उर्फ जग्गू को

- **देवेंद्र उर्फ जग्गू को पुलिस गिरफ्तार कर भेज चुकी जेल**

पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उसके भाई की तलाश जारी है। बुधवार को थाना मऊदरवाजा पुलिस ने थाना कादरीगेट पुलिस, जोनल फोर्स के साथ मिलकर संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही की। देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव की पत्नी प्रीति यादव के नाम 28 संपत्तियों को कुर्क किया गया है। जिसमें मसेनी स्थित निर्माण अधीन आवासीय भवन कीमत 3,90,70,500 रुपए शामिल है। बाग लकूला स्थित डेढ़ सौ वर्ग मीटर का प्रीति यादव के नाम 42 लाख रुपए कीमत का आवासीय प्लाट कुर्क किया गया।

पपियापुर में प्रीति यादव के नाम 45 लाख कृषि भूमि को भी कुर्क किया गया।पुलिस ने बाग लकूला स्थित 26 संपत्ति जिसमें आवासीय व व्यवसायिक प्लाट शामिल है। पापियापुर में कृषि भूमि और मसेनी में निर्माणाधीन आवासीय भवन भी शामिल है। बुधवार को कुर्क की गई कुल 28 संपत्तियों का विवरण 163609427 रुपए है।

> आरोपी की संपत्तियों को कुर्क कर नोटिस बोर्ड लगवाए गए है।आरोपियों की संपत्तियों का पता लगाकर गैंगस्टर की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
>
> –श्रद्धा पांडे, तहसीलदार

# बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, तीन गंभीर घायल

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सिवारा मणी चौराहे पर बाइकों की आमने सामने भिंडत हो गई। बाइक सवार तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तीनो को सीएचसी में भर्ती कराया।

कंपिल क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी सुबोध कुमार, खुर्शीद व सलमान तीनों एक ही बाइक से गांव नरदौली से तंबाकू की तौल कराकर वापस गांव जा रहे थे। सिवारा मणी चौराहा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हे टक्कर मार दी, जिसमें तीनों गंभीर घायल हो गए। आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद खुर्शीद को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**मार्ग दुर्घटनाओं में दो की हालत गम्भीरः कायमगंज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी राय सिंह (50) साईकिल से बाजरा लेने रौकरी जा रहा था। रास्ते मे बुढ़िया पुल के पास अज्ञात बाइक चालक ने सामने से उसे जोरदार टक्कर मार दी और बाइक लेकर फरार हो गया। घायल काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। परिजन घटना स्थल पर पहुँचे और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

### अनियंत्रित होकर कार मोड़ पर पलटी, दो सवार गंभीर

**कायमगंज।** कंपिल क्षेत्र में अनियंत्रित होकर कार मोड़ पर पलट गई जिसमें दो सवार गंभीर हो गए। जनपद कासगंज के थाना उमापुर के गांव रामपुर निवासी मुकेश (35) व जोगेंद्र (16) इको कार से सहाबर पौध लेने गए थे। जब वह कम्पिल वापस आ रहे थे। रास्ते मे गांव हन्नीया चौराहे पर उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गयी, दोनों बुरी तरह दब गए। उनकी चीख सुन ग्रामीण दौड़े और दोनों को कार से बाहर निकाला आसपास लोगो की मदद से दोनों को सीएचसी भर्ती कराया। जहाँ दोनों का इलाज हुआ।

## सार-संक्षेप

### भाई से विवाद में युवक ने पीया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र निवासी युवक का बाइक को लेकर अपने बड़े भाई से विवाद हो गया ।जिससे गुस्सा होकर युवक ने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के अमैयापुर निवासी श्री कांत यादव ने बुधवार को बड़े भाई गोपी से बाइक की चाबी मांगी ।इसी बात को लेकर दोनों को कहा सुनी हो गई ।बड़े भाई ने छोटे भाई श्रीकांत को फटकार लगा दी। जिससे श्री कांत गुस्सा गया। घर में रखी फसल में डालने वाले दवाई पी ली ।जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी, वह अचेत हो गया। पिता वीरेंद्र सहित अन्य परिजनों ने उसे सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया ।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

### व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी का निधन

**फर्रुखाबाद।** व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष व विभिन्न संगठनों के प्रमुख रहे अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी तबियत काफी दिनों से खराब थी। उन्हें डा .हरिदत्त नर्सिंग होम में भर्ती किया गया था। उन्होंने दोपहर 1 बजे आज अंतिम सांस ली। गुरुवार को उनका अन्तिम संस्कार पांचाल घाट पर किया जाएगा। अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ सेनापति वार्ड के सभासद रहे। वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पुराने कार्यकर्ता थे और पूर्व प्रदेश मंत्री स्व .ब्रह्मदत्त द्विवेदी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में रहे। व्यापार मंडल की स्थापना के बाद वह उसके जिला अध्यक्ष बने और व्यापारियों के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। बाद में वह स्व . पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के व्यापार मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष बने और व्यापारी हितो के लिए उन्होंने आजीवन आंदोलन किया। जनपद ब्राह्मण समाज के वह जिला अध्यक्ष रहे। परशुराम शोभायात्रा उन्ही के नेतृत्व में हर वर्ष निकाली जाती थी। भारतीय पाठशाला में होने वाली रामलीला में वह जनक जी की भूमिका निभाते थे। उनके निधन पर दिल्ली ख्याली कूचा स्थित उनके आवास पर व्यापारियों, समाजससेवियों, साहित्यकारों, सभी धर्मो के समर्थकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।


अरुण कुमार ददुआ।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत

**फर्रुखाबाद।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में पर्यावरण संरक्षण अभियान 24 जुलाई से प्रारम्भ हुआ। अभियान के प्रथम दिन विद्यालय की पूर्व प्राथमिक वर्ग की नर्सरी कक्षा के दस नन्हे–मुन्ने बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में नीम, बरगद, पीपल, बेलपत्र, आम, आंवला और अशोक आदि पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि यह अभियान निरन्तर 30 सितम्बर तक चलेगा। इसके अन्तर्गत प्रतिदिन एक कक्षा के द्वारा विद्यालय परिसर और उसके आस–पास के क्षेत्रों में पौधरोपण किया जायेगा।

### हमीरपुर में किसान से रिश्वत लेते कानूनगो को दबोचा

**हमीरपुर।** थाना कुरारा के कुतुबपुर गांव में जमीन संबंधी मामले में किसान से पांच हजार रुपये रिश्वत लेते झांसी से आई विजलेंस टीम ने राजस्व निरीक्षक को दबोच लिया। टीम अभी राजस्व निरीक्षक को थाने ले गई है। कुतुबपुर गांव निवासी रामजी सविता से जमीन संबंधी मामले में राजस्व निरीक्षक पांच हजार रुपये की डिमांड कर रहे थे। बिना रुपये लिए उसके जमीन की नाप करने से मना कर दिया। इसको लेकर पीड़ित किसान रामजी ने विजिलेंस टीम से संपर्क किया। झांसी से आई टीम ने राजस्व निरीक्षक अशोक निगम को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि अभी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

### लोहिया अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब

**फर्रुखाबाद।** लोहिया अस्पताल पुरुष में मरीजों का अल्ट्रासाउंड करने के लिए मशीन लगी है। वह करीब दस दिन से खराब है। अस्पताल में रोज 20–30 ऐसे मरीज आते हैं। जो गंभीर बीमारी से ग्रसित होते हैं। जिनका अल्ट्रासाउंड होना जरूरी होता है। लेकिन अस्पताल की मशीन खराब होने से मरीज बाहर अल्ट्रासाउंड कराने जाते हैं। इसके लिए मरीजों को 6–7 सौ रुपये खर्च करना पड़ रहा है। लोहिया अस्पताल में एक मात्र रेडियोलाजिस्ट डॉक्टर योगेंद्र सिंह तैनात हैं।

# तीन दिन से नरौरा बांध से लगातार पानी छोड़े जाने से गंगा उफान पर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नरौरा बांध से पिछले तीन दिन से गंगा नदी में छोड़े जा रहे पानी से गंगा नदी फिर उफान पर आ गई है। जल स्तर बढ़ने से कावड़ियों के लिए बनाए गए वाच टॉवर पानी से गिर गए है। गंगा पुत्रो के घाट डूबने के साथ साथ स्कूल भी जलमग्न होने लगे है। आलम यह है कि पांचाल घाट पर विद्यालय के छात्रों को अध्यापक मंदिर में बैठा कर पढ़ा रहे हैं।

नरौरा बांध से बुधवार को गंगा में 86603 क्यूसेक पानी छोड़ा गया ।मंगलवार को भी इतना ही पानी छोड़ा गया था ।सोमवार को 76891 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था ।कुल तीन दिन में 250097 क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया ।जिससे सोमवार को जहां गंगा का जलस्तर 135.35 मीटर से कम था ।मंगलवार को 135.80मीटर हुआ ।बुधवार को पांचाल घाट पर लगे गेज में जलस्तर 45 सेमी की वृद्धि देखी गई ।जलस्तर बुधवार को 136.25 मीटर रिकॉर्ड किया गया। वहीं जिले में चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर पर है। जिस हिसाब से जलस्तर बढ़ रहा है, जल्द ही चेतावनी बिंदु भी गंगा पार कर सकती है।



जल स्तर दर्शाता मीटर गेज।

- **कांवड़ियों की सुरक्षा को बनाया गया वॉच टावर पानी से घिरा, सरकारी स्कूल में भी भरा पानी**

गंगा के जलस्तर बढ़ने का असर पांचाल घाट पर देखने को मिला ।उत्तरी तट पर चेतावनी हेतु लगाई गई बैरिकेडिंग जलमग्न हो गई। आधा दर्जन गंगा पुत्रों के घाट भी बाढ़ के पानी से भर गए। जिससे उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो गई ।वॉच टावर पानी से घिरने के साथ अस्थाई पुलिस चौकी के पास भी पानी पहुंच गया। लगातार पानी बढ़ने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सावन माह के चलते दुकानदारों ने बड़ी संख्या में दुकान भी लगाई थी जो अब बाढ़ की चपेट में आने से प्रभावित हो रही है।


मंदिर में चल रहा स्कूल। अमृत विचार


घाट हो गए जलमग्न। अमृत विचार

### गंगा में बाढ़ के चलते नाव पर नहीं बैठते सैलानी

जलस्तर बढ़ने से आम जनता के साथ गंगा में नाव चलाने वालों को भी रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाता है। बाढ़ का पानी अधिक हो जाने पर सैलानी और श्रद्धालु नाव में बैठकर गंगा में घूमने से बचते हैं। जिससे नाविको के नाव खाली पड़ी रहती हैं। पांचाल घाट पर दो दर्जन से अधिक नाव गंगा में चलती है ।जोकि अब पूरे दिन सिर्फ तट पर खड़ी नजर आ रही है।

### सरकारी स्कूल में भरा पानी, मंदिर में चल रही क्लास

पांचाल घाट दुर्वासा ऋषि आश्रम मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय घटिया घाट बंधा संचालित है। इसमें 99 बच्चे पंजीकृत है। लेकिन गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से स्कूल के मुख्य गेट, परिसर में पानी भर गया है। जिस स्कूल के अंदर बच्चे नहीं जा पा रहे हैं। मजबूरन प्रधानाचार्य को स्कूल की क्लासों को पास एक मंदिर में संचालित करना पड़ रहा है। बुधवार को मंदिर में संचालित क्लास में 60 से अधिक बच्चे पहुंचे। अध्यापक श्वेता अग्निहोत्री, अर्चना अग्निहोत्री, सहायक अध्यापक सरिता बच्चों को पढ़ा रही थी। प्रधानाचार्य मनीषा द्विवेदी ने बताया कि हर वर्ष बाढ़ आ जाने पर महीनो तक स्कूल में बाढ़ के पानी से भरा रहता है। जिससे मजबूरन कक्षाएं मंदिर परिसर में चलानी पड़ती हैं।

### कई गावों में घुसा बाढ़ का पानी, गांव वाले परेशान

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से तलहटी मे बसे गांवों मे बाढ़ का डर सताने लगा है। दो दिनो से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे नदी के किनारे बसे ग्राम हरसिंहपुर कायस्थ, ऊगरपुर, माखन नगला, फुलाहा, रामप्रसाद का नगला, पंचम नगला, खुशाली नगला, फखरपुर, कुडरी सारंगपुर, भाऊपूर चौरासी, कुतुलूपुर, कुसुमापुर, कछुआ गाढ़ा, आदि गांवों के खेतों मे गंगा नदी का पानी घुसने लगा है। खेतों मे पानी भरने से पशुओं के लिए खेतों मे खड़ी चरी, करब की फसल खराब होने का डर लगने लगा है। ग्रामीणों के सामने पशुओं के चारे की समस्या हो जायेगी। गंगा तट पर बसे गांवों के ग्रामीण बाढ़ को लेकर खौफजदा हैं। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया जलस्तर बढ़ रहा है। कर्मचारियों को बाढ़ चौकियों पर मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### रामगंगा में भी छोड़ा गया 15 हजार क्यूसेक पानी

वैसे तो रामगंगा का जलस्तर काफी कम है ।लेकिन बुधवार को खो, बैराज से 10343, हरेली बैराज से 4665 रामनगर बैराज से 859 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। कुल 15867 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हालाकि रामगंगा का जलस्तर इन दिनों 134 .80 मीटर है जोकि चेतावनी बिंदु 136 .60 मीटर से काफी नीचे है।

# समारोह में छात्र-छात्राओं को सौपी गईं जिम्मेदारियां

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में मानाभिषेक समारोह में छात्र छात्राओं को जिम्मेदारियां सौपी गई। विद्यार्थियों को बैज प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि फर्रुखाबाद के प्रयाग नारायण अस्पताल से डॉ कविता शर्मा व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया।


मानाभिषेक समारोह में मौजूद छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

इसके बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय प्रमुख, उप प्रमुख, क्रीडा प्रमुख, उप प्रमुख, हाउस कैप्टन व कक्षा प्रमुख व उप प्रमुखों को शपथ दिलाई गई। उनके दायित्वों के विषय में उन्हें अवगत कराया गया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों बैज दिए। बच्चो ने समूह नृत्य कर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि ने कहा अच्छा लीडर वही होता है जो सभी को साथ लेकर चलता है। पद पर अभिमान नहीं बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझ कर कार्य करने चाहिए। विद्यालय प्रबन्धक मोनिका अग्रवाल ने सभी बच्चों को अपनी जिम्मेदारियां को ईमानदारी से निभाने को कहा। हिन्दी माध्यम के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने बच्चों से कहा कि अपने पद का दुरूपयोग न करें अपनी जिम्मेदारियों को सहजता से निभायें और विद्यालय तथा देश का नाम रोशन करें। अंग्रेजी माध्यम की प्रधानाचार्य विजेता द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### लोहिया अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस में लगी आग

**फर्रुखाबाद।** जिला अस्पताल लोहिया परिसर में खड़ी एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। अगले हिस्से में लगी आग में चंद मिनट में ही विकराल रूप धारण कर लिया। गनीमत रही कि उस समय चालक और ईएमटी एंबुलेंस से बाहर निकल चुके थे। साथी एंबुलेंस कर्मियों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल होने की वजह से नाकाम रहे। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाया। थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल लोहिया परिसर में खड़ी एंबुलेंस बुधवार रात आग लग गईचंद मिनट में ही आग में विकराल रूप धारण कर लिया तो हड़कंप मच गया। साथी एंबुलेंस कर्मियों ने अन्य एम्बुलेंस में मौजूद फायर सिलेंडरों से आग बुझानी शुरू की। तभी अन्य साथी सचिन, रोहित पंकज आदेश बाल्टियों में पानी भरकर लाने लगे। इसी दौरान फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। लगभग 8 :15 बजे फायर ब्रिगेड पहुंची और तब कहीं जाकर आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।


जलती एंबुलेंस।

**स्वास्थ्य** | डीआईओएस ने अभियान को सफल बनाने को लेकर दिया भरोसा, 10 अगस्त से घर–घर खिलाई जायेगी दवा

# 'फाइलेरिया अभियान की सफ़लता के लिए जुट जाएं'

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फाइलेरिया का दंश कितना दर्दनाक होता है यह कोई फाइलेरिया रोगी से जाकर पूछे । यह रोग किसी को न हो इसके लिए प्रदेश के 27 जनपदों में 10 अगस्त से 28 अगस्त के बीच फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा । अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में ज़िला विद्यालय निरीक्षक इंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों का उन्मुखीकरण किया गया ।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर सी माथुर ने कहा कि हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पाँव हो जाना, महिलाओ के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फ़ाईलेरिया रोग के लक्षण हैं, फ़ाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है । खासकर क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए । जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर रात के समय किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काट लेता है तो फाइलेरिया रोग के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया रोग से ग्रसित कर देते हैं। इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम इसका समाधान है। फाइलेरिया के लक्षण नहीं दिखने पर भी इस दवा का सेवन करना जरूरी है। जिला मलेरिया अधिकारी नौसाद अली ने बताया कि फ़ाईलेरिया रोग प्रबंधन के लिए 2 वर्ष से ऊपर तथा 5 वर्ष से छोटे बच्चों को डी.ई.सी. की 1 टैबलेट और एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट दी जाएगी एवं 5 वर्ष से ऊपर और 15 वर्ष से छोटे बच्चों को डी.ई.सी.की 2 टैबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट तथा 15 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियो को डी.ई.सी. की 3 टैबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट दी जायेगी । डी.ई.सी. एवं अलबेन्डाजोल की टैबलेट को खाली पेट नहीं खाना चाहिए । यह दवाएं खाना खाने के बाद खानी है ऐसे व्यक्ति जो अधिक बीमार हो, गर्भवती एवं दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को फाइलेरिया की दवा नहीं खिलाई जाएगी।


प्रधानाध्यपकों दिया जा रहा प्रशिक्षण। अमृत विचार

पीसीआई से शादाब आलम ने कहा कि यह अभियान वर्ष में एक बार चलाया जाता है। इस दौरान भारतीय पाठशाला के प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा ने कहा कि अभियान को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया जायेगा। यह अभियान हमारी आपकी सेहत के लिए ही है । राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कहा कि हम विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को फाइलेरिया के बारे में जागरूक करेंगे और उनसे अपने घर के आस पास रहने वाले लोगों को भी इस रोग के बारे में जानकारी देने को कहेंगे। इस दौरान सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य रामदास ,मौजूद रहे ।

### फाइलेरिया के लक्षण जान लीजिए

- सामान्यत : तो इसके कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं।
- बुखार, बदन में खुजली तथा पुरुषों के जननांग और उसके आस–पास दर्द और सूजन की समस्या दिखाई देती है।
- पैरों व हाथों में सूजन, हाथी पाँव और हाइड्रोसिल के रूप में भी यह समस्या सामने आती है।

### फाइलेरिया से बचाव के उपाय

- मच्छरो से बचने के लिए मच्छर दानी का प्रयोग करें
- घर के आस–पास कूडे को इकट्ठा न होने दें, कूडेदान का प्रयोग करे
- आसपास पानी न जमा होने दे
- गन्दे पानी में केरोसिन भी डाल दे
- चोट या घाव वाले स्थान को हमेशा साफ़ रखे, पूरी बाजू का कपड़ा पहने

## तालाब में गंदा पानी डालने पर मछली पालक परिवार ने की शिकायत

**फर्रुखाबाद।** नगर पंचायत नवाबगंज में नगर भर के नालों का पानी मछली पालन वाले तालाब में छोड़ देने से मछली पालक के सामने रोजी रोटी संकट खड़ा हो गया है। इस मामले की शिकायत मछली पालक ने नगर पंचायत अध्यक्ष से दर्ज कराई है।

कस्बा व थानां नवाबगंज की चिकन वाली गली के रहने वाले लज्जाराम बाथम ने दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि उसका पैतृक तालाब पहले खेत था ।जिसमे खेती होती थी। तालाब बन जाने के बाद वह उसमे मछली पालन करने लगे। उनकी तथा परिवारी जनों की जीविका मछली पालन करके चल रही थी। तालाब में मौजूदा समय मे भी मछलियां पली हुई हैं। नगर पंचायत ने इस बार शहर भर का गंदा पानी उनके तालाब में डाल दिया है। जिससे मछलियां मर सकती है। मछली पालन बन्द होने से उसका परिवार भुखमरी के कगार पर आ जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सिपाही पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास रोकने पर दरोगा से की अभद्रता

## जाम खुलवाने के दौरान जीटी रोड किनारे स्थित बालाजी धर्मकांटा के सामने का मामला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


बालाजी धर्मकांटा के निकट दरोगा से नोकझोंक करता आरोपी ट्रक चालक।

- जांच के दौरान शराब के नशे में धुत पाया गया ट्रक चालक
- पुलिस ने ट्रक कब्जे में लिया चालक को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** जाम खुलवाते समय ट्रक चालक ने यातायात हेड सिपाही पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया पर वह बच गये। इसके बाद उसने हेड सिपाही से अभद्रता की। जानकारी पर पहुंचे सरायमीरा चौकी इंचार्ज के साथ भी धक्का मुक्की व गाली गलौज हुई। बाद में पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। जांच कराने पर आरोपी शराब के नशे में पाया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सरायमीरा स्थित बालाजी धर्मकांटे के निकट जीटी रोड पर यातायात हेड सिपाही धर्मेंद्र मक्का के ट्रैक्टरों से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये ड्यूटी पर लगे थे। इसी बीच एक ट्रक धर्मकांटा के निकट पहुंचा। सिपाही ने ट्रक चालक को इशारा कर लाइन से आने को कहा, जिससे जीटी रोड पर जाम न लगे। सिपाही के कहने पर भी चालक नहीं माना और तेज रफ्तार में ट्रक चलाते हुए सिपाही पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सिपाही अगर मौके से हट न जाता तो ट्रक उसके ऊपर चढ़ जाता। चालक से जब सिपाही ने सही तरह से ट्रक चलाने को कहा तो वह धक्का-मुक्की करने लगा। सिपाही ने इसकी जानकारी सरायमीरा चौकी प्रभारी संजीव कुमार को दी तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक चालक को ट्रक से नीचे उतारा तो वह दरोगा से भी उलझ गया और धक्का-मुक्की के साथ गाली गलौज करने लगा। इससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।

किसी तरह दरोगा ने यातायात सिपाही व एक अन्य साथी सिपाही की मदद से आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लिया और ट्रक को कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा करा दिया गया। कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## तेज धूप और उमस से से लोग रहे परेशान

**कन्नौज।** भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण बुधवार को लोगों का हाल बेहाल रहा। हालांकि बीच-बीच में बदली भी छा गई लेकिन वह खास राहत नहीं दे सकी। बीते दो दिनों पहले शहर हुई बारिश से मौसम की नरमी में खास प्रभाव नहीं पड़ा।

इन दिनों की उमस लोगों को काफी परेशान कर रही है। 22 व 23 जुलाई को शहर में हल्की बारिश हुई थी, लेकिन बुधवार सुबह से ही तेज धूप निकलने की वजह से उमस बढ़ गई। दिनभर उमस ने लोगों को पसीना-पसीना कर दिया। दोपहर बाद कुछ देर हवाओं के चलने के साथ बदल छाने से राहत मिली। बुधवार को मौसम का मिजाज ऐसा रहा कि एसी या कमरे से बाहर निकलते ही लोग बेदम महसूस करने लगे। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## सड़कों की सफाई, कीटनाशकों का किया छिड़काव

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



कीटनाशक दवा छिड़काव करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका की ओर से शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सड़कों की सफाई और कीटनाशक दवाइयां का भी छिड़काव किया गया।

बरसात शुरू होते ही संचारी रोगों की भरमार हो जाती है, जिसकी रोकथाम को लेकर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर पिछले कई दिनों से नगर के मुख्य मार्ग मोहल्लों व गलियों में सफाई कराई जा रही है।

नालियों में की सफाई करने के बाद कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने बताया शासन की पहल पर संचारी रोग नियंत्रण के लिए स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने कहा बरसात में डेंगू व मलेरिया जैसे रोग फैलने की आशंका रहती है। मच्छरों से निपटने के लिए मोहल्लों में समय-समय पर फागिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। कूलर का पानी रोज बदलते रहें और घर की छत पर या आसपास पानी जमा नहीं होने दे।

### नेहरू पीजी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान


स्वच्छता अभियान में मौजूद शिक्षक।

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पूर्वी बाईपास स्थित नेहरू पीजी कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जयवीर सिंह के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉक्टर जयवीर सिंह ने कहा स्वच्छता की जागरुकता की मिसाल सभी में पैदा होनी चाहिए। स्कूलों व महाविद्यालयों में भी स्वच्छ भारत अभियान का कार्य होने से समाज में जागरूकता आएगी। स्वच्छता से न केवल हमारा तन साफ रहता है बल्कि हमारा मन भी साफ रहता है। इस दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धान की अच्छी पैदावार को डालें संतुलित खाद

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- गोष्ठी में 30 कृषकों ने किया प्रतिभाग
- मृदा परीक्षण के बाद ही उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह



किसानों को जागरूक करते वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार।

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के रुदौली गांव में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसान गोष्ठी की गई। वैज्ञानिक ने किसानों को धान की फसल में संतुलित उर्वरक के प्रयोग को लेकर जागरूक किया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार रुदौली गांव में हुई गोष्ठी में बताया कि उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर ही करना उपयुक्त है। जबकि किसी कारणवश मृदा का परीक्षण न हुआ हो, तो उर्वरकों का प्रयोग अधिक उपज देने वाली प्रजातियों में नाइट्रोजन 120 किलोग्राम, फास्फोरस 60 किलोग्राम एवं पोटाश 60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान साहब सिंह ने की। वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने मोटे अनाजों के संबंध में किसानों को जानकारी दी।

### धान की अच्छी पैदावार के लिए प्रयोग करें विधि

अच्छी पैदावार के लिए फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा रोपाई से पूर्व व नाइट्रोजन की एक तिहाई मात्रा रोपाई के 07 दिनों के बाद, एक तिहाई मात्रा कल्ले फूटते समय व एक तिहाई मात्रा वाली बनने की अवस्था पर टॉप ड्रेसिंग द्वारा प्रयोग करना चाहिए। शंकर धान की अच्छी पैदावार लेने के लिए 150 किलोग्राम नाइट्रोजन, 75 किलोग्राम फास्फोरस तथा 75 किलोग्राम पोटाश व आवश्यकता अनुसार 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिए। नाइट्रोजन की आधी मात्रा व फास्फोरस, पोटाश की पूरी मात्रा रोपाई के समय व शेष नाइट्रोजन की मात्रा को दो बराबर भागों में क्रमशः कल्ले निकलते समय एवं गोभ बनते समय देना चाहिए। गोबर की 10 से 15 टन खाद व हरी खाद का प्रयोग अवश्य किया जाए।

## दो घंटे मिलती बिजली कैसे हो धान की रोपाई

**सौरिख, कन्नौज।** ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त बिजली सप्लाई न मिलने से किसानों के सामने संकट हो गया। आपूर्ति न मिलने से धान की फसल की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसानों का आरोप है कि दिन में महज दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है।

सौरिख क्षेत्र में बिजली समस्या के चलते किसानों के सामने धान की रोपाई का समय धीरे-धीरे निकलता जा रहा है। क्षेत्र के सकरावा, खड़िनी, चपुन्ना, बहादुरपुर मझिगमा, नगला पसा, राजारामपुर, गढ़िया, कटिघर, फूलनपुर, नगला डड्डिअन, नगला झाबर, हरिभानपुर, गोरखपुर समेत कई गांव में धान की रोपाई होनी है। यहां गांवों में बिजली संकट बरकरार है जिससे किसान परेशान हैं। किसानों के मुताबिक दिन में दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पा रही है जिससे धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। रात में नलकूप की सप्लाई बंद रहती है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुधवार को नगर के मुहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित गीता इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्रा श्रद्धा बाजपेई, काजल, अनुष्का यादव, आकाश तिवारी, रमन तिवारी को प्रबंधक रामनाथ प्रजापति और प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रजापति ने प्रतीक चिंह व प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शिक्षक विजय बाथम, सुभाष चंद्र पाल, रामसिंह प्रजापति, रविकांत श्रीवास्तव, दीपू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### किसानों को बताई दुष्प्रभाव से बचने की तकनीक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आईपीएम ग्राम के रूप में चयनित ग्राम पनगवां में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। किसानों को रासायनिक दवाओं के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। गोष्ठी में पीपीओ अविशांक सिंह चौहान, एडीओ कृषि रत्नेश कुमार, पीपीएस शिवसिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक शिवपाल सिंह, देवेश कुमार एवं बीज गोदाम प्रभारी नितिन कुमार ने कृषकों को रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभाव से बचने के लिए तकनीकी जानकारी दी। आईपीएम उपाय के तौर पर जैविक कीटनाशक जैसे ट्राइकोडरमा, व्यूवेरिया वैसियाना, राईजोबियम कल्चर, एजोटो वैक्टर, नीम आयल, बीटी स्यूडोमोनास, फिरोमोन ट्रैप, के बारे में बताया। बैठक में प्रधान सूरजपाल, सुमन वाथम, रामप्रकाश, रामेश्वर दयाल, कांति देवी मौजूद रहीं।

### तीन आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**तिर्वा।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर तिर्वा प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने महसौनापुर गांव निवासी अंशु यादव पुत्र शिव सिंह यादव, अमन यादव पुत्र सिपाही लाल और भुनियापुर गांव निवासी रवि यादव पुत्र रामानंद यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर बंदियों ने लिखे निबंध

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- जिला कारागार में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन
- 28 बंदियों ने किया निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग

**अमृत विचार।** जिला कारागार अनौगी में रक्षा मंत्रालय की ओर से एक भारत, श्रेष्ठ भारत थीम पर निबंध प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय युवाओं को भारत में विविधता में एकता पर अपने विचारों और दृष्टिकोणों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

जिला कारागार में जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खां ने बताया कि लगभग 500-600 शब्दों में निबंध लिखने को आया था। निबंध प्रतियोगिता में 25 पुरुष व तीन महिला बंदियों ने प्रतिभाग किया। 28 बंदियों की निबंध प्रतियोगिता में कारागार की चयन समिति द्वारा स्क्रीनिंग कर पांच अच्छी प्रतिभा वाले बंदियों का चयन कर वेबसाइट पर पंजीकरण कर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। जिसमें अच्छी प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले विजेताओं की घोषणा रक्षा मंत्रालय में एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा निबन्धों की स्क्रीनिंग के आधार पर की जायेगी। अच्छी प्रतिभा प्रदर्शित करे वाले को प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस दौरान उपकारापाल उर्मिला सिंह, शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार व प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

**खुलासा** बीएसए ने बीईओ सौरिख को बनाया जांच अधिकारी, शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

# दो स्कूलों की कंपोजिट ग्रांट एक में खर्च, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जांच करते बीईओ सौरिख सर्वेश यादव और बीईओ तालग्राम रमेश चंद्र चौधरी।

- लेनदेन के आरोपी का ऑडियो वायरल, मामले ने तूल पकड़ा

**अमृत विचार।** ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक स्कूल पहलपुर्वा नेपालपुर की कंपोजिट ग्रांट प्राथमिक स्कूल पहलपुर्वा नेपालपुर में खर्च करने के मामले की जांच शुरू हो गई है। लेनदेन के आरोप का ऑडियो वायरल होने के बाद से मामले ने तूल पकड़ लिया है।

बुधवार को प्राथमिक स्कूल पहलपुर्वा नेपालपुर में सौरिख बीईओ सर्वेश यादव जांच करने पहुंचे। साथ में बीईओ तालग्राम रमेश चंद्र चौधरी भी थे। आरोप है कि वायरल ऑडियो में विद्यालय के एक शिक्षक की आवाज है। उसमें कहा जा रहा है कि कंपोजिट ग्रांट तो विद्यालय का निरीक्षण करने पर अधिकारी ही ले जाते हैं। बताया गया है कि जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने वर्ष 2020 से अब तक कुल चार सालों की कंपोजिट ग्रांट का ब्योरा मांगा। अधिकारियों का तर्क है कि शिक्षक ने सभी अभिलेख नहीं दिखाए हैं इस वजह से बजट कहां खर्च हुआ है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। दूसरी ओर अध्यापक से अधिकारियों पर कंपोजिट ग्रांट ले जाने को लेकर स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

> जो ऑडियो वायरल हुआ है, वह किसका है इसकी पुष्टि करना मुश्किल है। मामले की जांच के लिए सौरिख बीईओ सर्वेश यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई पता चल सकेगी कि आखिर मामला क्या है। उसी के बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> संदीप कुमार, बीएसए

### यह मामला है चर्चा में

दरअसल, यूपीएस नेपालपुर पहलपुर्वा कुछ साल पहले जर्जर घोषित हुआ था। हर साल उसकी कंपोजिट ग्रांट आती रही। वर्तमान में यहां 24 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। सुरक्षा के लिहाज से यहां के बच्चों को करीब एक किमी दूर प्राथमिक स्कूल नेपालपुर पहलपुर्वा में पढ़ाया जाने लगा। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि यूपीएस के लिए 25 हजार रुपये की कंपोजिट ग्रांट आती रही। यह धनराशि जर्जर स्कूल के नाम से कैसे खर्च हो गई। सफाई दी गई कि प्राथमिक स्कूल में बजट खर्च हुआ। इस पर भी सवाल खड़े हो गए कि एक स्कूल में दो विद्यालयों की कंपोजिट ग्रांट कैसे खर्च हो सकती है।


## कार्यालयः खण्ड विकास अधिकारी, चित्रकूटधाम कर्वी (चित्रकूट)

पत्रांकः 672 / क्षेत्रपंचायत / टेन्डर नोटिस/2024–25 दिनांक 27.07.2024

**निविदा सूचना**

15वाँ केन्द्रीय वित्त / पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो को कराये जाने हेतु विकासखण्ड कार्यालय, चित्रकूटधाम कर्वी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.08.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे विकासखण्ड चित्रकूटधाम कर्वी में JE RED/MI, सहायक विकास अधिकारी (पचांयत) / सहकारिता / आई0एस0बी0 तथा खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधाम कर्वी (टेन्डर समिति) की उपस्थिति में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 25.07.2024 से 08.08.2024 के मध्य प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय के कार्यदिवस में खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधाम कर्वी से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 कर्वी माफी में रामकिशोर के घर से गोवर्धन कुम्हार के घर तक नाला व ढक्कन का निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 2 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठर्री मे रमेश पटेल के घर से चुनकावन पटेल के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा व मध्य में नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 3 | ग्रा0पं0 भगनपुर में रामलाल के घर से जगलपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 4 | ग्रा0पं0 खमरिया में गोकुल के घर से रामबहोरी के घर तक इण्टरलॉकिंग खडण्जा निर्माण कार्य | 3.43 | 7000 | 500 |
| 5 | ग्रा0पं0 खमरिया में गौतमपुर में मेनरोड से रामस्वयेवर एवं जगन्नाथ के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 3.43 | 7000 | 500 |
| 6 | ग्रा0पं0 बिहारा में रघुवीर यादव के पुरवा की रोड में नत्थू वकील के पुरवा के आगे पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 7 | ग्रा0पं0 भगनपुर में लल्लू पाण्डेय के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 8 | ग्रा0पं0 भगनपुर में दादूलाल के घर से अच्छेलाल यादव के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 9 | ग्रा0पं0 बन्दरी में पीतूपुर तालाब सम्पर्क मार्ग में खजहवा बहरा में पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 10 | ग्रा0पं0 बिहारा में रघुवीर यादव के पुरवा की रोड में मेवालाल के खेत के नीचे पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 11 | ग्रा0पं0 बन्दरी में पीतूपुर तालाब सम्पर्क मार्ग में लल्लू के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 12 | ग्रा0पं0 भगनपुर में श्री चन्द्र पटेल के घर से हैण्डपम्प तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 13 | ग्रा0पं0 संग्रामपुर में प्राथमिक विद्यालय चौधरी के पुरवा में पुलिया निर्माण कार्य | 5.75 | 11500 | 1000 |
| 14 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठरी में संतोष पटेल के घर से मईयादीन पटेल के घर की ओर बने नाले में ढक्कन निर्माण कार्य | 3.99 | 8000 | 500 |
| 15 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठरह्व में जुम्मन के घर से हैदरअलि के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 16 | ग्रा0पं0 बगलई में राजाभइया कुशवाहा के घर से राजकिशोर यादव के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 17 | ग्रा0पं0 खम्हरिया में शंकर के घर से राजकरण के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.94 | 20000 | 1000 |
| 18 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में टाईल्स पुट्टी पुताई एवं छत मरम्मतीकरण का कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 19 | ग्रा0पं0 भारतपुर में हीरालाल प्रजापति के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.44 | 11000 | 1000 |
| 20 | ग्रा0पं0 खम्हरिया के रघुनन्दनपुरवा में रघुनन्दनपुरवा सम्पर्क मार्ग में पुलिया निर्माण कार्य | 3.28 | 6500 | 500 |
| 21 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में बाउन्ड्रीवाल एवं कैम्पस में इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 22 | ग्रा0पं0 करारी में गौशाला के रास्ते में नाला के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 23 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के बनवारीपुर में मालती के घर से बिन्दा के बोर के आगे तक डब्लू बी एम सड़क निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 24 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के बनवारीपुर में पुलिया से दुनगु वर्मा के पुरवा की ओर डब्लू बी एम सड़क निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 25 | ग्रा0पं0 द्गवां के मजरा खरैहा में रामपाल वर्मा के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 26 | ग्रा0पं0 छपरा माफी के मजरा लुडहा में राजा पाण्डेय के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 1000 |
| 27 | ग्रा0पं0 छपरा माफी के मजरा लुडहा में बाबूलाल के पुरवा के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 1000 |

निविदा शर्तेः–
1. निविदा में सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में दरें स्वीकृत लागत से प्रतिशत में कम या अधिक में प्रस्तुत करना होगा।
2. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेन्डर स्वीकृत किया जायेगा एवं सामग्री की मात्रा कम या अधिक हो सकती है।
3. निविदा दाता को निविदा के साथ 100 रु0 का स्टाम्प एवं 1 रुद्ध की रसीदी टिकट में हस्ताक्षर होना चाहिए।
4. निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। राशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
5. किसी कार्य पर धन उपलब्ध न होने की दशा में कार्यादेश धन उपलब्ध के बाद निर्गत / भुगतान किया जायेगा।
6. फर्म की निविदा स्वीकृत आदेश जारी होने के पश्चात् सम्बन्धित का भुगतान बजट प्राप्त होने की स्थिति में हो सकेगा।
7. एक टेन्डर फार्म केवल एक ही कार्य के लिए अनुमन्य होगा।
8. निविदा स्वीकृत के तीन दिन के अन्दर अपने एग्रीमेन्ट को पूर्ण कराने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार की होगी।
9. सामग्री में से नियमानुसार व्यापारकर, आयकर, रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौती की जायेगी।
10. यदि शासन स्तर से या विवाद की स्थिति में कार्य पर रोक लगायी जाती है तो स्वीकृत कार्य का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा एवं न्यायालय में वादयोग्य नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।
11. अनिवार्य रूप से श्रम विभाग में पंजीकरण कराना होगा एवं 1 प्रतिशत लेबरसेस की कटौती पृथक् से की जायेगी।
12. विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी में ठेकेदार पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र ।
13. पंजीकृत ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, जी0एस0टी0 नं0, पैनकार्ड, आधारकार्ड, श्रम प्रवर्तन का अधिष्ठान पंजीयन निविदा के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(गोमती सिंह)
प्रमुख
चित्रकूटधाम कर्वी

(धर्मजीत सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
चित्रकूटधाम कर्वी

# 25 पदों पर प्रधान, बीडीसी और बीडीसी निर्विरोध हुए निर्वाचित

## छह अगस्त को रुदौली व तालग्राम देहात में होगा प्रधान पद के लिए मतदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में छोटी संसद में रिक्त चल रहे कुल 30 पदों पर 25 निर्विरोध जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं। इसमें 19 ग्राम पंचायत सदस्य, दो प्रधान व चार बीडीसी शामिल हैं। ग्राम पंचायत सदस्य के तीन पद रिक्त रह गए हैं। इसके अलावा रुदौली व तालग्राम देहात प्रधान पद के लिए मतदान छह अगस्त को होगा। आज कई प्रत्याशियों ने पर्चे वापस भी लिए।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि जिन-जिन क्षेत्रों में मतदान होना है, वहां के लिए बुधवार को तीन बजे के बाद रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी बांट दिए गए हैं। मतदान छह अगस्त को सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगा। आठ अगस्त को संबंधित विकास खंड पर मतगणना कराई जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक कन्नौज सदर क्षेत्र से कनपटियापुर मौसमपुर मौरारा के वार्ड चार से सरिता कुशवाहा को निर्विरोध ग्राम पंचायत सदस्य घोषित किया गया। ब्लॉक छिबरामऊ में वार्ड एक रतनपुर से अभिषेक कुमार, वार्ड नौ मुडिया से बिजेंद्र और वार्ड 12 लड़ैता से वीना निर्विरोध ग्राम पंचायत सदस्य बने हैं। सौरिख ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए वार्ड छह में कमलकांत, वार्ड दो में लाखन सिंह, वार्ड चार में मिथुन कुमार, वार्ड छह में अजय कुमार, वार्ड चार में सतेंद्र कुमार व वार्ड छह में राकेश सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत सदस्य के लिए तिसौली वार्ड दो में उमेश चंद्र, तिसौली वार्ड सात से रीता, मौरा वार्ड तीन से सीमा देवी और लाड़पुर वार्ड तीन से सुनीता निर्विरोध चुनी गईं। हसेरन के पूराराय में वार्ड 10 से रमाकांत को निर्विरोध ग्राम पंचायत सदस्य चुना गया। जलालाबाद में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए मिरगावां वार्ड पांच से असलम खां, वार्ड छह परसपुर से प्रिया देवी, विसंधुआ वार्ड चार से गायत्री देवी और मीरपुर वार्ड सात से रमाकांती को निर्विरोध ग्राम पंचायत सदस्य चुना गया है। सौरिख के वार्ड छह डडौनी से राकेश सिंह को निर्विरोध ग्राम पंचायत सदस्य बना गया। दूसरी ओर 22 में से तीन ग्राम पंचायत सदस्य पद पर नामांकन न होने से रिक्त रह गए हैं।



उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के आरओ अमित मिश्र, एडीओ पंचायत संजय पाठक से निर्विरोध करीमनगर प्रधान का प्रमाण पत्र लेतीं आरती। अमृत विचार

### करीमनगर की निर्विरोध प्रधान बनीं आरती

**तिर्वा।** उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के करीमनगर के प्रधान सर्वेश सिंह राजपूत का 17 अप्रैल को निधन हो गया था। निधन के बाद खाली चल रही सीट पर उपचुनाव में सर्वेश सिंह राजपूत की पत्नी आरती देवी ने नामांकन किया। इकलौता नामांकन होने की वजह से वह निर्विरोध निर्वाचित हुईं। चुनाव अधिकारी अमित मिश्र, एडीओ संजय पाठक आरती को जीत का प्रमाण पत्र दिया है। प्रमाण पत्र लेने के दौरान आरती के परिजन गमगीन हो गए। इस अवसर पर भाजपा तिर्वा मंडल के प्रभारी अनिल राजपूत, बंटी राजपूत मौजूद रहे।

### यहां होगा प्रधान पद के लिए मतदान

विकास खंड जलालाबाद के रुदौली में छह उम्मीदवार प्रधान का चुनाव लड़ रहे थे, बुधवार को प्रत्याशी रामनरेश के नाम वापस लेने पर पांच उम्मीदवार ही मैदान में बचे हैं। ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के तालग्राम देहात ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए नौसाद, सत्यजीत, वेदप्रकाश व ताजमोहम्मद ने अपने-अपने पर्चे वापस ले लिए। अब 12 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। छह अगस्त को मतदान होगा।

### करीमपुर, परसपुर में प्रधान की ताजपोशी

ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के करीमपुर में आरती देवी को निर्विरोध प्रधान घोषित किया गया है। ब्लॉक जलालाबाद के ही परसपुर ग्राम पंचायत प्रधान से रानी देवी निर्विरोध प्रधान बनी हैं।

### ये बने निर्विरोध बीडीसी

छिबरामऊ में कुंदेपुर व नंदलालपुर वार्ड 34 से रामवीर निर्विरोध बीडीसी बने। बीडीसी में ब्लॉक हसेरन के उद्देतपुर वार्ड 54 में दो प्रत्याशी थे, यहां भी एक ने पर्चा वापसी कर लिया इस वजह से अखिलेश का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जलालाबाद के अनौगी वार्ड 32 बीडीसी पर सीमा देवी निर्विरोध चुनी गईं। तालग्राम के ही क्षेत्र पंचायत सदस्य रसूलपुर लाडपुर के वार्ड 34 से नीलम निर्विरोध निर्वाचित हुईं।

# युवती से दुष्कर्म का किया प्रयास

**तिर्वा।** घर में मौजूद अकेली युवती से दो युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पिता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया कि 28 सितंबर 2023 को पत्नी खेत में खड़ी धान की फसल में पानी लगवाने गई थी। पुत्री घर पर अकेले थी। तभी उम्मापुर्वा गांव निवासी रोहित और नरेंद्र घर पर घुस आए और पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुत्री के विरोध करने पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित के पिता ने कोर्ट के आदेश पर तिर्वा कोतवाली में उम्मापुर्वा गांव निवासी रोहित व नरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# यातायात नियमों का पालन न करने वाले विद्यालयों को दें नोटिसः डीएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सड़क दुर्घटना कम फिर भी हादसों में मृतकों की संख्या बढ़ी
- चालक नशे में मिलें तो रद करें विद्यालय की मान्यता

**अमृत विचार।** दुर्घटनाओं को रोकने के लिये बेहतर रणनीति तैयार की जाए। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष सड़क दुर्घटनाएं कम हुई है लेकिन हादसों में जान गवाने वालों की संख्या बढ़ी है।

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाये। यातायात नियमों का पालन न करने वाले विद्यालयों चिन्हित कर चेतावनी पत्र जारी किया जाये। उल्लघंन करने वालें विद्यालयों की मान्यता रद्द की जाये। आगे कहा कि सभी विद्यालयों के वाहन चालकों को निर्देशित किया जाये कि नशे की हालत में स्कूली वाहन न चलायें। नशे की हालत में पकड़े जाने पर संबंधित विद्यालय की मान्यता रद्द करने के साथ ही चालक का लाईसेंस निरस्त कर दी जाए। होटल व ढाबों में पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए। पार्किंग व्यवस्था न होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। होटल व ढाबों के पास सड़क पर कोई भी वाहन खड़ा न होने दें। संज्ञान में आया है कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर भूमिका डंपर की होती है। अभियान चलाकर ओवरलोडिंग और ओवर स्पीड डंपर वालों पर शिकंजा कसा जाए। कन्नौज से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर जाने वाले मार्गों के लिए ही साइन बोर्ड लगाया जाये। बैठक में एडीएम आशीष सिंह, एएसपी संसार सिंह, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह व एआरटीओ इज्या तिवारी रहे।




कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैठक करते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

# शातिर मुरैला की तालाब में डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालाब से लकड़ी निकालते समय गहरे पानी में डूबा
- मौके पर खड़े भतीजे ने परिजनों को दी जानकारी

**अमृत विचार।** शातिर अपराधी मोरध्वज उर्फ मुरैला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह दोपहर में भतीजे के साथ तालाब से बांस की लकड़ी निकालने के लिये घुसा था। डूबने से मौत होने की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मौसमपुर मौरारा निवासी मोरध्वज उर्फ मुरैला (48) पुत्र सोवरन बुधवार को दोपहर 12 बजे के करीव मोहल्ले के ही तालाब में पड़ी बांस की लकड़ी निकालने के लिये घुसा था। तालाब के बाहर उसका भतीजा साहिल खड़ा था। लकड़ी निकालते समय वह तालाब के गहरे पानी में चला गया। इससे वह डूबने लगा। उसने डूबने के दौरान बचाव के लिये आवाज लगाई पर तालाब के बाहर खड़े भतीजे ने भाग कर जब तक लोगों को बुलाने का प्रयास किया तब तक वह डूब गया। लोग जब तालाब के निकट पहुंचे तो वह डूब चुका था। जानकारी पर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर मकरंदनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला। पंचायतनामा का कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# फसल देखने गये ग्रामीण को पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर अमरा निवासी मथुरा प्रसाद पुत्र मन्ना लाल ने गांव के ही निवासी राम लखन पुत्र राम किशुन, श्यामू व शिभम पुत्रगण राम लखन के खिलाफ दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 21 जुलाई को शाम सात बजे के करीव वह खेत पर मूंगफली की फसल देखने गया था। जहां मौजूद उक्त लोगों ने लाठी से उसकी पिटाई कर दी। उसे जान से मार देने की धमकी दी है।

# सड़क पर लेटे अधेड़ को डीसीएम ने रौंदा

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** शराब के नशे में सड़क के किनारे लेटे अधेड़ को डीसीएम ने रौंद दिया। अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। मृतक के पुत्र ने पुलिस को डीसीएम चालक के खिलाफ तहरीर दी।

सौरिख थाना क्षेत्र के किशनपुर बंजारा गांव निवासी भूरा सिंह (55) पुत्र तहस सिंह पैदल नादेमऊ बाजार करने गया था। इस दौरान शराब पी ली और शराब के नशे में सड़क किनारे लेट गया। तभी सौरिख की तरफ से जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम अधेड़ पर चढ़ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंचें प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने का प्रयास किया तो परिजनों ने कार्रवाई की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया। पुत्र आकाश ने डीसीएम चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### खाई में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के समधन कस्बा क्षेत्र के सिकंदर नगर मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय वासिद बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। तभी मिट्टी धंसने से ट्रैक्टर खाई में पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से वासिद केबिन में फंस गया। कुछ देर बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी होते ही आसपास खेत में मौजूद किसान ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को खाई से निकलवाया।



ट्रैक्टर को देखते स्थानीय लोग।

# शराबी ने महिलाओं से की छेड़छाड़

**कन्नौज।** शराब के नशे में घर में घुसे युवक ने महिलाओं से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर कपड़े फाड दिये। मामले की रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला के निवासी ने सदर कोतवाली में मोहल्ले के ही लल्ला पुत्रराम औतार 20 जुलाई को रात नौ बजे शराब के नशे में घर में गुस आया जब घर में उसकी पत्नी व वहन मौजूद थी। उसने घर में घुस कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पहने हुए कपड़े फाड़ दिये। लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, दरोगा निलंबित

संवाददाता, सौरिख/कन्नौज

- सौरिख थाना क्षेत्र में किशोरी के आत्म हत्या का मामला
- दो अन्य आरोपी हैं फरार पुलिस कर रही तलाश

**अमृत विचार।** थाना सौरिख पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म व आत्महत्या कर लेने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लापरवाही बरतने पर जांच कर रहे दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस को लगा दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद ने बताया कि सौरिख पुलिस ने किशोरी के आत्महत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी पुनीत पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम हजरतपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। एसपी के मुताबिक एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद दो फरार आरोपियों की तलाश शुरू की है। इनमें कुलदीप पुत्र राजवीर सिंह निवासी हजरतपुर थाना सौरिख व भोले पुत्र ओमपाल शामिल हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने में सौरिख थाने के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, दरोगा राकेश कुमार पटेल, सिपाही कमल किशोर, डालचंद्र को सफलता मिली।



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी पुनीत

### पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

**सौरिख।** क्षेत्र के एक गांव में गैंग रेप की पीड़िता ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। पोस्टमार्टम के उपरांत एसडीएम एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किशोरी का गांव के बाहर अंतिम संस्कार किया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 जुलाई की शाम को किशोरी खेतों पर शौचक्रिया के लिए गई थी। तभी हजरतपुर गांव निवासी पुनीत एवं भोले बाइक से जबरन उठा ले गए थे और दिल्ली में ले जाकर दोनों ने किशोरी से दुष्कर्म किया था। पुलिस के कार्रवाई न करने पर मंगलवार को किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को एसडीएम उमाकांत तिवारी, प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह, तिर्वा प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी, सकरावा थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया एवं पीएसी की मौजूदगी में गांव के बाहर शमशान घाट में किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# दो छात्रों से ली थी रिश्वत, तिर्वा से कर रहे हैं डीएलएड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सोनेश्री बालिका महाविद्यालय में है ममतांजय व उसके मित्र का एडमीशन
- पिछड़ा वर्ग के दोनों छात्रों ने दिल्ली विश्वविद्यालय से किया है स्नातक

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग के सुपरवाइजर ने एक नहीं बल्कि पिछड़ा वर्ग के दो छात्रों से वजीफा दिलाने के नाम पर रिश्वत ली थी। दोनों ही विद्यार्थी तिर्वा के सोनेश्री बालिका महाविद्यालय से डीएलएड कर रहे हैं। कस्बे के दो अलग-अलग मोहल्लों के वह निवासी हैं।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में जिस तिर्वागंज निवासी छात्र ममतांजय कुमार को पीड़ित बताया गया है वह गांधीनगर मोहल्ले का निवासी है। उसके पिता जन्मंजय कुमार हैं। बताया जा रहा है कि ममतांजय ने वर्ष 2018 में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया है। अब वह डीएलएड कर रहा है। मामला चर्चा में आया है कि ममतांजय का मित्र अभय वर्मा पुत्र वीरेंद्र वर्मा निवासी सुभाष नगर से भी रिश्वत ली गई है। दोनों ही छात्र सोनेश्री बालिका महाविद्यालय तिर्वा में डीएलएड प्रवेश लिए हैं। बताया गया है कि दशमोत्तर वजीफा व शुल्क प्रतिपूर्ति का ऑनलाइन आवेदन त्रुटियां के चलते निरस्त हो गया। उसके बाद भी समाज कल्याण विभाग के सुपरवाइजर हृदेश यादव ने लाभ दिलाने का दावा किया था। इसी एवज में 8250 रुपये रिश्वत ली गई। इसी के चलते सुपरवाइजर को लखनऊ जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ममतांजय प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। साथ ही वह डीएलएड में प्रवेश लिए है।

### समाज कल्याण विभाग के कर्मी ने लिया ठेका

खास बात यह है कि ममतांजय कुमार व अभय वर्मा दोनों ही छात्र पिछड़ा वर्ग में आते हैं। दोनों ने ही स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय से किया है। ऑनलाइन आवेदनों में कमियां होने के चलते पिछड़ा वर्ग विभाग से उसे निरस्त कर दिया गया। चर्चा तो यहां तक है कि जब कॉलेज की ओर से आवेदन किए गए तो छात्र मौके पर नहीं थे, जिस वजह से यह चूक हो गई। इतना ही नहीं रिश्वत लेने के आरोप में लखनऊ जेल गया सुपरवाइजर हृदेश यादव समाज कल्याण विभाग में तैनात है और उसने धोखे में रखकर पिछड़ा वर्ग विभाग से छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर ठेका ले लिया। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो दोनों ही छात्र जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय पहुंचे थे। यहां पर जब उन्होंने समाज कल्याण विभाग के कर्मी को रुपये देने की बात कही तो पिछड़ा वर्ग कार्यालय में मौजूद लोग यह सुनकर दंग रह गए।

# डेढ़ वर्षीय बालक की डायरिया से जान गई

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम से की थी गुहार

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर कस्बा क्षेत्र में बुधवार को डायरिया की चपेट में आए एक डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मासूम के दम तोड़ते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। आरोप है कि अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर सफाई कराने की मांग हुई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर कस्बा क्षेत्र के लोहिया नगर मोहल्ला निवासी रवि शाक्य ने बताया कि डेढ़ वर्षीय पुत्र पीयूष को डायरिया हो गया था। तीन दिनों से उसका उपचार करा रहे थे। बुधवार को अचानक उसे दस्त हुआ और उसकी मौत हो गई। सिकंदरपुर क्षेत्र में फैली गंदगी से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। पिछले सप्ताह भी दो बच्चों की डायरिया से मौत हो चुकी है। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में सिकंदरपुर के मोहल्ला सुभाष नगर व मालवीय नगर के लोगों ने एसडीएम उमाकांत तिवारी से कस्बे में दूषित पेयजल और गंदगी की शिकायत की थी।

## सार-संक्षेप




टैबलेट पाकर खुश हुए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### छात्र अब टैबलेट से अपने हुनर और ज्ञान को बढ़ाएंगे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत साईं मीर कॉलेज ऑफ पॉलीटेक्निक के छात्र अब टैबलेट के माध्यम से अपने हुनर और ज्ञान को और बढ़ाएंगे। बुधवार को छिबरामऊ फर्रुखाबाद रोड स्थित इस कॉलेज के 167 छात्रों को स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट पाकर सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राएं खुश हो गए। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी शशिभूषण ने कहा कि टैबलेट वितरण योजना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है इससे छात्र अपने पाठ्यक्रम के साथ तालमेल बैठाने और ज्ञान बढ़ाने में करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य अर्पित कटियार, विपिन कुमार बाथम, अध्यापक मनोज दुबे, सौरभ तिवारी, संजीव कुमार, अनिल कुमार, उपेंद्र कुमार, परवेज, आशीष कुमार यादव मौजूद रहे।

### कम्पोजिट विद्यालय में हुए खेलकूद

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें खड़ी खो, गणेश छू, विष अमृत, खो खो व कब्बड्डी में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। नगर के कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शशिकान्त शुक्ल ने बताया कि स्वदेशी खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास तथा बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। नेतृत्व क्षमता के साथ सहचर्य की भावना बढ़ती है। खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर दिनांक 22 से 28 जुलाई तक परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान खेल व्यायाम शिक्षक रंजीत मौर्या, अरुण प्रताप सिंह, ऋचा यादव, स्वेता यादव, पायल तिवारी, सीता राजपूत, अलका यादव, नीतू, वंदना व सरोज सहित कई अभिभावक रहे।

### दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के सराय दौलत गांव निवासी मुकेश ने बताया कि 23 जुलाई की शाम गांव के ही रहने वाले उज्जवल, पवित्र ने जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

### युवती को भगाने का मुकदमा हुआ दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 जुलाई की सुबह 10 :30 बजे अज्ञात व्यक्ति गांव द्वारिकापुरी निवासी शिवाला व रिंकी के सहयोग से 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

**आक्रोश** जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के गांव तिलपई डिगसरा का मामला, किसानों ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

# मनरेगा मार्ग पर कब्जा, विरोध में ग्रामीणों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कनौज

- गांव में एक ही निकास रोड है उस पर भी हो रहा कब्जा
- मार्ग पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** मनरेगा मार्ग पर कब्जा कर निर्माण कार्य करने व रोकने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। इसी के चलते किसान यूनियन ने महिलाओं के साथ अवैध कब्जा रोकने की मांग कर कलक्ट्रेट में धरना दिया। बाद में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन के नेता हाशिम अली ने आरोप लगाया कि जलालाबाद क्षेत्र में प्रधान की सहमति से गांव तिलपई डिगसरा में मनरेगा रोड का निर्माण कराया जा रहा हैं। एनएच-91 हाईवे किनारे गांव में केवल एक ही निकास रोड है उस पर भी अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसी से नाराज कई महिलाओं के साथ किसान नेता बुधवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने डीएम दफ्तर के बाहर धरना दिया। मांग रखी है कि कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। किसान यूनियन के नेताओं ने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक जलालाबाद के अंतर्गत मौजा तिलपई डिगसरा में चकमार्ग रोड को मनरेगा के तहत बनवाया गया था। रोड पर दबंग व्यक्ति ने नींव खोदकर निर्माण कराना शुरू कर दिया है। इसे रोकने के लिए गांव की महिलाओं एवं किसान नेता हाशिम अली ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि मोहल्ला कहरौदा से एनएच 91 तक चक मार्ग ग्राम प्रधान और लेखपाल की मौजूदगी में पैमाईश कराकर बनवाया गया था। इसी मार्ग से गांव के लोग आते जाते हैं। हाइवे पर जाने का अन्य कोई इसी मार्ग से गांव में बारात आती व जाती है। साथ ही किसी की मौत होने पर भी शव इसी मार्ग से निकाला जाता है।



कलक्ट्रेट परिसर में धरना देते किसान यूनियन नेता व महिलाएं। अमृत विचार

### आरोपी का पुत्र पुलिस अधिकारी

ग्रामीणों का कहना था कि बीते दिन जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे लेकिन अभी तक निर्माण कार्य पर कोई रोक नहीं लगी हैं। बताया जाता है कि आरोपी का पुत्र पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर तैनात हैं। इसी कारण वह सभी के खिलाफ मुकदमा लिखाने की धमकी दे रहा। इस मौके पर किसान यूनियन लोक शक्ति के महा सचिव हाशिम अली, पिंकी तिवारी, शेर सिंह, मकबूल अहमद, सोनियां गुप्ता, मकबूल अहमद, विजय शर्मा, देवेंद्र कुमार, ओमकार, अनिल, मुन्नू, छोटेलाल, पिंटू, राम शंकर, छविराम, रामानन्द, रमेश चंद्र, ज्वाला विजय कुमार सैनी समेत कई महिलाएं भी सामिल रहीं।

# युवक से मारपीट चार पर रिपोर्ट

**कन्नौज।** दिल्ली जा रहे युवक को गांव के ही चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सारोंतोप गांव निवासी नूरुल अली ने बताया कि बुधवार को घर से दिल्ली जाने के लिए निकला था। तभी प्राथमिक स्कूल के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के चन्नू अली, पुत्तन अली, सरफराज और खालिद ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सारोतोप गांव निवासी चन्नू, पुत्तन, सरफराज और खालिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना पुल की दो बेयरिंग खराब, बदली जाएंगी

## बीएचयू से आई इंजीनियरों की टीम ने पुल की जांच-पड़ताल की

कार्यालय संवाददाता, औरैया


यमुना पुल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शेरगढ़ घाट स्थित यमुना पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर लगी रोक के बाद मंगलवार को बीएचयू से आई इंजीनियरों की टीम ने पुल की जांच-पड़ताल की। इसमें सात व आठ नंबर की बेयरिंग में खामियां मिलीं। टीम ने पुल का अस्तित्व बचाने के लिए बेयरिंग को बदलना ही विकल्प माना।

यमुना नदी पुल की जर्जर सड़क, खराब बेयरिंग व ज्वाइंटर की समस्या के चलते लगभग एक करोड़ रुपये खर्च करने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अक्तूबर 2023 में पुल पर वाहनों के आवागमन का काम शुरू कराया। इससे जुलाई से पुल पर बंद चल रहे आवागमन से लोगों को हो रही परेशानी से राहत मिली, लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक चालू नहीं रह सकी।

नवंबर में पुल की जांच के दौरान सात नंबर बेयरिंग व ज्वाइंटर में समस्या मिलने पर पीडब्ल्यूडी की टीम ने पुल के अस्तित्व पर खतरा बताते हुए जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपी। साथ ही भारी वाहनों के आवागमन को बंद करने की जरूरत बताई। जिलाधिकारी के आदेश के बाद पुल से केवल 30 टन वजन वाले वाहनों को ही निकलने की अनुमति दी गई, लेकिन यह भी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी। लगभग 3 माह पहले ही पीडब्ल्यूडी ने पुल के भारी वजन सहने की क्षमता पर सवाल खड़े करते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्णतया रोक लगवा दी। अब भारी वाहन बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से होकर फर्राटा भर रहे हैं। इधर पुल की लोड क्षमता को लेकर समय-समय पर पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों की ओर से पुल का निरीक्षण किया गया। इसमें सात नंबर बेयरिंग में खामी पाई गई।इधर मंगलवार को बीएचयू से आए आईआईटी प्रोफेसर डॉ. अंजनी कुमार की टीम ने पुल की जांच की। उन्होंने बताया कि सात व आठ नंबर की बेयरिंग में कुछ खामियां है। इसको बदला जाना ही जरूरी है। उन्होंने पुल के दूसरे छोर पर नीचे उतरकर पुल के खंभे की मजबूती की भी मशीन से जांच की। बताया कि इसकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंप दी जाएगी। पीडब्ल्यूडी के एई एसके तिवारी ने बताया कि बीएचयू की टीम ने पुल का निरीक्षण किया है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उनकी ओर से जो दिशा निर्देश दिए जाएंगे उसी अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिसंबर तक चालू हो जाएगा सूखमपुर रेलवे ओवरब्रिज

संवाददाता कंचौसी, औरैया


निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर कंचौसी, फफूंद स्टेशनों के मध्य गेट संख्या 6 सी सूखमपुर गांव के पास दो वर्ष से निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज का कार्य 75 प्रतिशत से अधिक पूरा हो गया है। इस समय रेलवे ट्रैक के ऊपर लोहे के वजनदार गाटर चढ़ाने का कार्य बड़ी क्रेनों और इंजीनियर मजदूरों के साथ दिन-रात किया जा रहा है। बारिश में काम बंद न हो इसके लिए जलभराव की जगह को मिट्टी पत्थर डालकर मजबूत किया गया है। विद्युत के लिए जनरेटर लगाए गए हैं।

ओवर ब्रिज का निर्माण करा रही कार्यदाई संस्था सतना इंटरप्राइजेज मध्य प्रदेश के इंजीनियरों ने बताया कि रेल ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन बाधित न हो इसके लिए लोहे के पूरे पुल को एक तरफ तैयार कर बड़ी क्रेनों की मदद से ट्रैक के ऊपर निश्चित समय पर रख दिया जाएगा। जिसका दोनों तरफ का हिस्सा लगभग बन कर तैयार है। जिसको वर्ष के अंत तक आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

● कंचौसी में आए दिन लगने वाले जाम से लोगो को मिलेगी निजात

आरओबी चालू हो जाने से दिबियापुर कंचौसी जाम मे फंसे वाहन नहर के रास्ते ब्रह्मदेव मंदिर प्लास्टिक सिटी मार्ग से होकर औरैया और कंचौसी, लहरापुर, रसूलाबाद, बेला, सहायल, सहार की तरफ आ जा सकेगे। वही बीच मे पडने वाले सुखमपुर, बिझाई, घसापुरवा, जमोली अमरपुर, नोगवा, विजई पुरवा, महिपाल पुरवा सहित एक दर्जन से अधिक गांव के लोगो रेल ट्रेक पार करने मे सहुलियत होगी।



बाजार के उद्घाटन के दौरान मौजूद सीडीओ आरएस गौतम एवं अन्य। अमृत विचार

# महतेपुर गांव में ग्रामीण बाजार का उद्घाटन

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड भाग्यनगर क्षेत्र के ग्राम महतेपुर में मुख्य विकास अधिकारी आरएस गौतम व नाबार्ड के उपमहाप्रबंधक, राजेश कुमार सिंह ने एक नए ग्रामीण बाजार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, स्थानीय व्यापारियों, किसानों और ग्रामीण समुदाय के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

उपमहाप्रबंधक नाबार्ड ने बताया कि इस नई पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादों के विपणन को सुदृढ़ करना और किसानों को उचित मूल्य दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस बाजार में स्थानीय किसानों और कारीगरों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने का मौका मिलेगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और उन्हें अपने उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। उद्घाटन समारोह के दौरान, अरुण कुमार ज़िला विकास प्रबंधक, नाबार्ड ने कहा, "नाबार्ड का यह प्रयास ग्रामीण विकास को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से किया गया है। यह बाजार न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेगा, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## एक नजर

### विद्युत समस्या की ऊर्जा मंत्री से शिकायत

**अछल्दा।** आदर्श नगर पंचायत में आए दिन लो वोल्टेज और जंफर उड़ने जैसी समस्या रहती है। कई बार नगर के चेयरमैन अरुण दुबे उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन निजात नही मिला। उन्होंने अब बिजली व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से शिकायत कर बताया कि कस्बे की 24 घंटे बिजली मिलने वाली में अब 10 घंटे भी बिजली आपूर्ति नही मिल रही। भीषण गर्मी उमस भरी गर्मी से जूझना पड़ रहा है।

### प्रधानपति की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के बघईपुर पंचायत के प्रधानपति की मौत के मामले में मृतक की पत्नी प्रधान नेहा देवी ने थाने में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि उनके पति के चाचा ब्रजेंद्र कुमार पुत्र बलवंत सिंह, लोकेंद्र प्रताप उर्फ ओम व हेम प्रताप उर्फ लल्ला पुत्र बृजेंद्र प्रताप सिंह के साथ बाला जी ईंट उधोग चिमकुनी में पार्टनर होने के लिए अपने टैक्टर को बेच कर व पत्नी के जेवर गिरवी रख कर अपनी सास से 11 लाख रुपये लेकर भट्ठा में पार्टनरशिप की थी। दो माह पूर्व जब पति ने इन लोगों से रुपये मागे तो इन लोगो ने रुपये देने से मना कर दिया और बेजजती कर के भगा दिया था। 21 जुलाई को जब उसके पति शशि प्रताप रुपये मांगने पुन : गए तो इन लोगों ने पुन : बेज्जती कर भगा दिया। इसी से परेशान होकर उन्होंने फांसी लगा ली। थानाप्रभारी विनेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

### जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**अजीतमल।** क्षेत्र के चांदूपुर गांव निवासी राम प्रकाश ने गांव के ही एक युवक पर गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपित युवक भाग गया। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच कर रही है।


घटनास्थल पर जांच करते एसएचओ मुकेश बाबू चौहान। अमृत विचार

# एसपी आवास के निकट शटर काटकर सामान पार किया

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** ककोर स्थित एसपी आवास से महज 100 मीटर की दूरी पर चोरी हुई है। इससे पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खुल गई है। कई बार फोन करने के बाद भी चौकी प्रभारी पूजा राठौर ने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा। जबकि चोरों ने रात को दुकान का शटर काट दिया और दुकान में रखा हुआ अधिकतर सामान चोरी कर ले गए। दुकान मालिक रवि शंकर तिवारी निवासी ककोर ने बताया कि उनकी यहां जन सेवा की दुकान है तथा बगल में परचून की दुकान है। चोरों ने कंप्यूटर सीपीयू ,सिगरेट डिब्बी, साबुन तेल मंजन आदि सामान ले गए। फिलहाल में दुकान मालिक ने चौकी प्रभारी को तहरीर देने से मना कर दिया है।

उनका कहना है जब किसी चोरी का खुलासा ही नहीं होता है तो तहरीर देकर क्या होगा। गौरतलब है कि जहां एसपी आवास के पास भी चोरों को किसी का खौफ नहीं है और लगातार एक के बाद एक जिला मुख्यालय के पास वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जिला मुख्यालय के आसपास पिछले 2 साल में 16 से 20 चोरिया हुई हैं जिनमें एक भी अभी तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका है।

● दिबियापुर थाना क्षेत्र में खुली पुलिस गस्त की पोल

बीते पिछले 12 जुलाई को एक निजी विद्यालय बाल विकास में भी चोरों ने रात में लॉक काट कर सामान चोरी कर ले गए थे। आज तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ।

बीते माह में पुलिस अधीक्षक के आवास से महज 70 मीटर दूरी पर चोर डीवीआर उखड़ ले गए थे। उसमें भी पुलिस की आज तक जांच चल रही है। इस प्रकार जिला मुख्यालय पर हो रही चोरी की घटनाएं पर आस पास के दुकानदार मकान मालिक दहशत में हैं। वही चौकी प्रभारी का रवैया लोगों को रास नहीं आ रहा है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# विद्यार्थियों को दी प्राचीन खेलों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता,औरैया


खेल खेलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिक्षा महानिदेशक एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व तथा उप शिक्षा निदेशक/,प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत के कुशल निर्देशन में एनईपी 20 के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर शिक्षा सप्ताह के तृतीय दिवस को खेल दिवस के रूप में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय खेलों का आयोजन एवं स्वदेशी खेलों और प्राचीन भारतीय खेलों के इतिहास और उनके महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जैसे - रस्सी कूदना, विष-अमृत, खो-खो, कबड्डी,फुटबाल,बैडमिंटन,कैरम बोर्ड इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्सव के माहौल में किया गया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रतवा विक्स खंड भाग्यनगर में एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान विद्यालय स्तर पर प्र.अ.सीमाराय एवं रेखा सविता व स्टाफ के सहयोग से छात्रों की ग्लास रेस,सैतन्ना एवं खो_खो का आयोजन किया गया।

● परिषदीय स्कूलों में करवाए गए विभिन्न प्रकार के खेल

एस.आर.जी. सुनील दत्त राजपूत ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। शालिनी यादव,अर्चना कुमारी,शिक्षामित्र अर्चना कुमारी आदि मौजूद रहीं।

### व्यापारी की मौत पर गांव में पसरा सन्नाटा

**अजीतमल।** क्षेत्र के अनंतराम गांव निवासी सुभाष कुशवाहा गांव में ही बीज भंडार की दुकान किए है। बुधवार की सुबह खेतों की ओर फसल देखने गए थे। अचानक हालत बिगड़ी। तो लोगो ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हे रिम्स सैंफई ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पत्नी नीरज, पुत्री वंदना आदि का रो रोकर बुरा हाल था। वहीं आसपास लोगो ने शोक में, अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि बीमारी से मौत होने की सूचना देते हुए परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा है।

# जाम लगाने में 30 नामजद 40 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** एयर गन के छर्रे से एक युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर आने पर मृतक के परिजनों व अन्य लोगों द्वारा बीते दिवस बिधूना किशनी मार्ग पर पावर हाउस के पास जाम लगाये जाने के मामले में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने 30 ज्ञात व 30 -40 अज्ञात महिला पुरुषों के विरुद्ध लोक व्यवस्था भंग करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

सीओ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की किसी को इजाजत नहीं दी जायेगी। ज्ञातव्य हो कि किसी भी तरह की घटना दुर्घटना को लेकर आए दिन मृतक के परिजनों द्वारा कुछ लोगों के सहयोग से जाम लगाकर लोक व्यवस्था भंग की जाती है जिससे आम जनमानस को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

● एयर गन के छर्रे से युवक की मौत का मामला

बीते सप्ताह बिधूना बेला मार्ग पर एक पिकअप की चपेट में आकर हुईं एक 20 वर्षीय युवक की मौत के बाद परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पडी।

## सार-संक्षेप

### चालक को झपकी आने से पलटा ट्रक

**अजीतमल।** औरैया थाना क्षेत्र के करमपुर गांव निवासी चालक शिवा, अपने साथ खलासी अजीतमल क्षेत्र के विधिपुरा गांव निवासी मंजेश के साथ मंगलवार की देर रात सरकारी गल्ला को ट्रक पर लोड कर करमपुर गांव स्थित सरकारी गोदाम पर ले जा रहा था। अजीतमल कस्बे के मुगल रोड पर, अमिलिया गांव के सामने झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। कोतवाली पुलिस ने ट्रक को मुगल रोड से हटवाया। शिवा और मंजेश को मामूली से चोट आई। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को हटवा दिया है। चालक और परिचलक को मामूली चोट आई है।

### ब्रेक शू जाम होने से आधा घंटे खड़ी रही मालगाड़ी

**कंचौसी, औरैया।** बुधवार की दोपहर तकरीबन साढ़े 3 बजे कानपुर से इटावा आ रही मालगाड़ी के एक वैगन का ब्रेक-शू जाम होने पर लोको पायलट ने कंचौसी स्टेशन पर ब्रेक लगाते हुए गार्ड को सूचना दी। तकरीबन 30 मिनट तक मालगाड़ी के रुकने से पीछे आ रही एक मालगाड़ी को स्टेशन के आउटर पर रोका गया। काफी मशक्कत बाद रेल रूट बहाल हो सका


बैंक कर्मचारियों का इंतजार करते खाता धारक। अमृत विचार

### बैंक कर्मचारी 11 बजे तक रहे नदारद

**कुदरकोट, औरैया।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा कुदरकोट मे बुधवार को 11 बजे तक बैंक कर्मचारी नदारत रहे जिस कारण खाता धारक काफी परेशान दिखाई पड़े। कुदरकोट मे इस प्रकार से बैंक कर्मचारियों की मनमानी के चलते खाताधारक हमेशा परेशान रहते हैं। खाता धारकों की परेशानी को देखते हुए लोगों में भारी आक्रोश दिखाई पड़ा। उन्होंने कहा है कि यदि बैंक कर्मचारियों की कार्यशैली में बदलाव नहीं आया तो धरना प्रदर्शन करेंगे।जबकि इसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई परंतु आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। तथा संबंधित अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए बैठे हैं।यही रवैया रहा तो लोगों ने कहा है कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

### गया-आनंद विहार एक्सप्रेस में चेन पुलिंग

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रूट के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न 2 पर चेन पुलिंग के चलते गया आनंद विहार एक्सप्रेस खड़ी हो गई। बुधवार शाम 06 :03 बजे इटावा की तरफ से कानपुर की तरफ जाने वाली 02398 गया आनंद विहार एक्सप्रेस की यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। रेल कर्मचारियों की मदद से होस पाइप को जोड़ कर ट्रेन को 8 मिनट बाद 06 :11 पर रवाना किया गया।

महंगाई की मार | दो सप्ताह में दो गुना बढ़ गए सब्जियों के मूल्य

# रसोई का बजट बिगाड़ रहे सब्जियों के दाम

कार्यालय संवाददाता, औरैया


सब्जी मंडी में लगी दुकान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीते दो हफ्ते में सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। सब्जियों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सब्जी के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। हर साल बारिश के दिनों में सब्जियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। इस बार भी बढ़ गई है। कीमतें बढ़ने के पीछे उत्पादन में कमी है, परिवहन की समुचित व्यवस्था का अभाव है या फिर जमाखोरी इसका कारण है?

गर्मी से भले ही लोगों को थोड़ी राहत मिली हो, लेकिन सब्जियों का बाजार अब तपने लगा है। कीमतों को लेकर टमाटर और लाल है तो सब्जियों का राजा आलू भी आसमान छूते दामों के साथ आम लोगों को आंखें दिखा रहा है। भिंडी और लौकी के दामों में भी जबरदस्त उछाल है। लोगों पर दोहरी मार पड़ रही है।पहले से ही राशन का सामान महंगा है, अब सब्जी भी बारिश में पसीना छुड़ा रही है।

बाजार में सब्जियां खरीद रही एक महिला ने कहा कि, ''बहुत महंगी हो गई हैं सब्जी, 1000 रुपये लेकर आओ, पता ही नहीं चलते टमाटर, आलू, प्याज हर चीज महंगी हुई है।

दो हफ्ते पहले के मुकाबले सब्जियां दोगुनी महंगी हो गई हैं। अब टमाटर 100 रुपये किलो तक, आलू 40 रुपये किलो, प्याज 50 रूपये किलो तक, लौकी 50 रुपये किलो तक, भिंडी 60 रुपये किलो तक बिक रही है। अब 60 रुपये तक पहुंचा करेला मुंह को और कड़वा कर रहा है। वहीं ककोरा ने शुरुआत में ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया 240 रुपये तक बिक रहा है।

● 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचे टमाटर के दाम

**सब्जियों के दाम**

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| टमाटर | 35 | 100 |
| आलू | 20 | 35 |
| प्याज | 30 | 40 |
| लौकी | 30 | 40 |
| भिंडी | 25 | 60 |
| करेला | 30 | 60 |

नोट-दाम रुपये प्रति किलोग्राम में।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**अजीतमल, औरैया।** क्षेत्र के आलमगीरपुर गांव निवासी सरिता देवी का विवाह, क्षेत्र के ही बेलाझार गांव निवासी सुधीर सिंह के साथ 06दिसम्बर 2021 को हुआ था। उनके एक पुत्री अनुष्का है। आरोप है कि पति सहित अन्य ससुराली दहेज मे ऑल्टो कार की मांग करते हुए उसे आए दिन प्रताड़ित करने लगे। बीती 12 जुलाई को इसी मांग को लेकर पति सहित अन्य ससुराली लोगों ने उसकी मारपीट की। सूचना पर समझाने पहुंचे उसके माता पिता की भी गालियां देते हुए मारपीट कर दी। और उसे घर से निकाल दिया। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं मे पति सुधीर, ससुर रमेश चंद्र, जेठ अजब सिंह, देवर मनोज व सुखवीर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मेले और बाजार हमारी संस्कृति के प्रतीक :मिश्रा


फीता काटते पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिनिधि रहे पीके मिश्रा।

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना नगर में लगने वाली नुमाइश का उद्घाटन बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रतिनिधि रहे पीके मिश्रा ने फीता काटकर नुमाइश का उद्घाटन किया।

कहा कि मेले बाजार जहां हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं वहीं प्रेम सौहार्द बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। विशिष्ट अतिथि राजकुमार शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता ( युग पुरुष अटल बिहारी सेवा संस्थान प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, नुमाईश आयोजक राहुल शुक्ला योगेन्द्र तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

### किसानों को पशुपालन की दी जानकारी

**फफूंद।** बुधवार को ब्लाक भाग्यनगर में किसान गोष्टी में मौजूद किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र ग्वारी के डॉक्टर इंद्रपाल सिंह ने खरीफ की फसल की अच्छी पैदावार के लिए खरपतवार और कीट रोग से बचाव की जानकारी दी। साथ ही किसानों को आय बढ़ाने के लिए पपीता, आम, अमरूद और लीची की खेती करने के संबंध में बताया। भाग्यनगर पशु अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. ब्रज भूषण सिंह ने पशुपालक किसानों को बारिश में होने वाली बीमारियों से पशुओं का बचाव करने की जानकारी दी। कहा की भैंस, गाय के अलावा अब बकरी के कृत्रिम गर्भाधान के लिए भाग्यनगर पशु अस्पताल में सीमन उपलब्ध है। किसानों को निशुल्क बाजरा बीज के पैकेट भी वितरित किए गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर,दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों– रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुई अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



डॉ. विकास प्रधान
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है,किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई,जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है,वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता,बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा,लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैं: आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है,जिसमें वृद्ध न हों'।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों,पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?"और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे,किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी,जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी,वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी,किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किश्त भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं,घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है,वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुजुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते,जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे " किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है,लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी,जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान,जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते,आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं,जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं,जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए,जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला

अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार,दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है,लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है,तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है,क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा,उसके जीवन में सुख चैन होगा,लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

# सड़क निर्माण रोकने से नाराज महिलाओं ने लगाया जाम

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड संख्या एक में रास्ते की जमीन पर कब्जा करके सीसी मार्ग का निर्माण कार्य रोक देने से नाराज होकर सैकड़ों महिलाओं ने बांदा मार्ग पर जाम लगा दिया और सीसी मार्ग का निर्माण शुरू कराए जाने की मांग की है। बाद में पुलिस ने समझाकर मामला शांत करा कर जाम खुलवाया।



बांदा मार्ग पर जाम लगाए महिलाएं। अमृत विचार



जाम लगाए महिलाओं को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- जमीन से कब्जा हटवा कर निर्माण शुरू कराने की मांग
- एक घंटे ठप रहा बांदा मार्ग पर वाहनों का आवागमन

कस्बे के वार्ड संख्या एक की निवासी सुनीता निषाद,विद्या विश्वकर्मा,विजय लक्ष्मी, रानी, कमला, अनुसुइया, सुशीला, रजनी, सीता देवी, राम जानकी, कल्पना, रेखा, रामप्यारी आदि सैकड़ो महिलाओं ने बताया की एक रास्ता बस्ती से होकर सीधे बांदा मार्ग में जुड़ता है।

बांदा मार्ग किनारे रहने वाले मुन्ना विश्वकर्मा ने रास्ता बंद करके सीसी मार्ग का निर्माण रोक दिया है। इससे बस्ती के लोग परेशान हैं। इसी से नाराज बस्ती की महिलाओं ने करीब 3:00 बजे बांदा मार्ग जाम करके जमकर हंगामा किया। जाम की सूचना पाकर क्राइम इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभारी अधिशासी अधिकारी से फोन पर वार्ता कर के समस्या से अवगत कराया।

समस्या के समाधान के लिए दोनों पक्षों को शनिवार को थाने पर बुलाया गया। क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव के समझाने पर महिलाओं ने जाम खोल दिया। एक घण्टे तक जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पंचायत ने ठाना, सुमेरपुर को हरा भरा बनाना

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे को हरा भरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ मिलकर स्टेशन रोड पर फलदार पौधे रोपित किये। वही वार्ड नंबर दो में लक्ष्य बुंदेलखंड सेवा समिति ने पौधरोपण किया।



स्टेशन रोड पर फलदार पौधे रोपित करते अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

- नपं अध्यक्ष व पर्यावरण संरक्षण समिति ने स्टेशन रोड पर रोपित किए फलदार पौधे

कस्बे के पर्यावरण को बचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। नगर के प्रत्येक रास्ते में पौधरोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नगर पंचायत से पौधे व लोहे के ट्री गार्ड उपलब्ध करा रहा है। बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे व पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ मिलकर स्टेशन रोड पर करीब 31 फलदार पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, उपाध्यक्ष डॉ. देवीदीन अविनाशी, महिला विंग की अध्यक्ष राखी शिवहरे, गीता ओमर, उषा गुप्ता, सिद्दीकी मंसूरी, रज्जू यादव, बृज किशोर आदि मौजूद रहे। इसी तरह लक्ष्य बुंदेलखंड सेवा समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार भारतवंशी ने अपनी टीम के साथ वार्ड दो में फलदार 20 पौधे रोपित किए।

# सभासदों ने भाजपा चेयरमैन के खिलाफ खोला मोर्चा, प्रदर्शन

## विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं के गंभीर आरोप, जिलाधिकारी से की जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिलाधिकारी को 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा
- मांग पूरी न होने पर सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी

**अमृत विचार।** शहर की नगर पालिका में सभासदों ने चेयरमैन के खिलाफ विरोध के स्वर तेज कर दिए हैं। सभासदों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में चेयरमैन पर भ्रष्टाचार कर करोड़ों रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाते हुए 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग पूरी न होने पर सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी भी दी है।

सदर नगर पालिका परिषद में 25 वार्ड है। जिसमें 22 वार्डों के सभासदों ने बुधवार को नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में अध्यक्ष कुलदीप निषाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार कर शासकीय एवं वित्तीय अनियमितता की जा रही है। उन्होंने सफाई उपकरणों, निर्माण कार्यों, बिजली उपकरणों की खरीद पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी करने, मनमाने तरीके से बैठक करके फर्जी ढंग से प्रस्ताव आदि तैयार कराकर लगातार धांधली करने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने वर्ष-2017 से आज तक जो भी भर्ती आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मी की गई है इसमें अध्यक्ष के रिश्तेदारों व जाति के लोगों की भर्ती करने का आरोप लगाया है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते नगर पालिका के सभासद। अमृत विचार

इसके अलावा सभासदों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका की 18 कमियां बताई है। कहा कि कार्यालय कर्मचारी भी नियमों को ताक पर रखकर अध्यक्ष के इशारे पर कार्य करते हैं। वार्ड नं 18 के सभासद हसन खान (गोलू) ने कहा कि मांग पूरी न होने सभी सभासद मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ के लिए पदयात्रा निकालेंगे। इसके अलावा अपने अपने पद से इस्तीफा देने की भी चेतावनी दी । बताया कि जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने टीम गठित कर उक्त बिन्दुओं पर जल्द ही जांच करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर संजय कुमार धुरिया, संजय कुमार, रजनीश कुमार, मो. जुनैद, सुधांशु, अजय कुमार, इरशाद अंसारी, रजनी, सिंपल लता, मिथलेश, रेनू निषाद, सुशीला सिंह, रामकान्ती, संतोष कुमार, राजबहादुर निषाद, ज्योति देवी, सुरेंद्र सहित 22 सभासद व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अध्यक्ष ने सभासदों पर लगाया कमीशन मांगने का आरोप

चेयरमैन कुलदीप निषाद ने सभासदों पर विकास कार्यों में कमीशन के साथ हर माह चार हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया है। चेयरमैन का कहना है कि सभासदों ने उन्हें लिखित एक पत्र सौंपा था। कमीशनबाजी का उन्होंने विरोध किया तो उनके खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने पत्र की प्रति जारी है। जिसमें तमाम मांगे लिखकर दी गई हैं। लेकिन इस पत्र में किसी भी सभासद का नाम नहीं लिखा है। बताया कि किसी भी मद से होने वाले कार्यों में आठ प्रतिशत कमीशन दिए जाने के साथ नगर पालिका के कार्यों में ठेकेदारी करने की मांग रखी थी।

# बीएआरसी प्रवेश परीक्षा में मनु वर्मा को मिली पहली रैंक

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के चिकित्सक डॉ.दिनेश वर्मा के भांजे ने भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर(बीएआरसी) की प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया में प्रथम रैंक प्राप्त कर उनका नाम रोशन किया है।



चिराग मनु वर्मा।

- भांजे के वैज्ञानिक बनने पर चिकित्सक ने जताई खुशी

कस्बे के एकमात्र एमबीबीएस डॉ.दिनेश वर्मा ने बताया कि उनका भांजा चिराग मनु वर्मा मौजूदा समय में हिंदुस्तान एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग (एचएएल) में इंजीनियर है और उसने भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में प्रवेश के लिए परीक्षा दी थी जिस पर उसने ऑल इंडिया में प्रथम रैंक प्राप्त किया है। बताया कि उनकी बहन पुष्पा वर्मा व बहनोई इं. विनोद कुमार झांसी में रहते हैं। बहनोई भेल (बीएचईएल) झांसी में उच्च अधिकारी हैं। भांजे के इस सफलता पर उन्होंने खुशी जाहिर की है और कहा कि भांजे ने अपने परिवार के साथ उनका भी नाम रोशन किया है। मनु की सफलता पर नगर के तमाम



एसपी को ज्ञापन देने जाता पीड़ित परिवार। अमृत विचार

# पुलिस पर हत्यारोपियों को बचाने के लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- शिक्षामित्र ने कहा, अभी तक पुलिस ने एक ही आरोपी को पकड़ा

**अमृत विचार।** थाना बिवांर के अतरार गांव में पिछले नौ जुलाई को शिक्षामित्र के पति की हत्या हुई थी। जिसमें अभी तक सिर्फ एक ही आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है। जबकि अन्य दो आरोपियों को बचा रही है। शिक्षामित्र ने आरोपियों से बच्चों व परिवार को खतरा बताते हुए एसपी को शिकायती पत्र दिया है।

अतरार निवासी अर्चना सिंह ने शिकायतीपत्र में कहा कि वह गांव के प्राथमिक स्कूल में शिक्षामित्र है। उसके स्कूल में पिछले नौ जुलाई को बच्चा सिंह व उसके दो पुत्रों प्रमोद व इंद्रजीत ने हत्या कर शव फेंका था। उस दिन शाम को आरोपियों ने उसके पति संदीप को जबरदस्ती दारू पिलाने के बाद हत्या कर दी थी। बताया कि आरोपियों के पास बैठे पति से उसके देवर प्रदीप ने घर चलने को कहा तो आरोपियों ने साथ लेकर आने की बात कह उसे टरका दिया था। उसने बयान की वीडियोग्राफी थानाध्यक्ष को दी थी। पुलिस ने प्रमोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि इंद्रजीत व उसका पिता बच्चा सिंह खुलेआम घूम रहे हैं और परिवार को धमकी दे रहे है। इससे उसके दोनों बेटों ऋषभ व नमन का स्कूल आना जाना मुश्किल है। आरोपी मुकदमा वापस नहीं लेने पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। हत्यारोपियों का पूर्व से ही आपराधिक इतिहास है जिससे किसी भी समय अनहोनी हो सकती है। पीड़िता ने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में घायल ने कानपुर में दम तोड़ा

**मुस्करा (हमीरपुर)।** एक महीने पहले सड़क हादसे के शिकार हुए युवक ने कानपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन उसे स्थानीय थाना लेकर आए और पुलिस को लिखित तहरीर दी।

विकासखंड मुस्करा के बिवांर कस्बा निवासी रमइया प्रजापति ने बताया कि 27 जून को उसके पुत्र चंद्रशेखर (31) को उसके मित्र बिवांर निवासी मिथुन, दिनेश पुत्र कढोरा और अतरार गांव निवासी धरम अपने साथ दो बाइकों से राठ लिवा ले गए थे। रात्रि 1:30 बजे थाना के दामू पुरवा गांव बस स्टैंड के पास उसका पुत्र चंद्रशेखर पुलिस को बाइक सहित घायल अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने उसे सीएचसी मुस्करा में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में हालत में सुधार न आने पर चंद्रशेखर को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। बताया कि उसके पुत्र चंद्रशेखर का एक महीने से कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज चल रहा था। बुधवार को सुबह उसकी मौत हो गई। चंद्रशेखर की ढाई वर्ष पहले शादी हुई थी, जिससे एक डेढ़ वर्ष का पुत्र है। रमइया प्रजापति पुत्र के शव को लेकर स्थानीय थाना पहुंचे और घटना की लिखित सूचना दी।

# सात गैंगस्टरों को आठ-आठ वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सात साल पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने गैंग लीडर सहित सात दोषियों को आठ-आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर पांच हजार का जुर्माना लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मझगवां थानाध्यक्ष विष्णु कुमार मिश्रा ने 18 मार्च 2015 को गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग लीडर सहित आठ गैंगस्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया था कि सरगांव निवासी गैंग लीडर मुनीम सिंह अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिसके खिलाफ हत्या सहित कई मामले दर्ज हैं। जो अपना सुसंगठित गिरोह बनाकर हत्या, बलवा, मारपीट कर धन उगाही करते है। जिसके गैंग के सक्रिय सदस्य शत्रुघन सिंह, राघवेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, धर्म सिंह, अमर सिंह, जितवार व हंसराज हैं। जो समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त रहते हैं। जनता में इनका भय व्याप्त है। कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ गवाही देने को तैयार नहीं है। जिनके खिलाफ हत्या, बलवा, मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट व धन उगाही के कई मामले दर्ज हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए गैंग लीडर मुनीम सिंह सहित सात दोषियों शत्रुघन सिंह, त्रिलोक सिंह, धर्म सिंह, अमर सिंह, जितवार व हंसराज को सजा सुनाई है।

# मदरसों में पंजीकृत छात्रों के नाम दूसरे विद्यालयों में भी दर्ज मिले

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- अधिकारियों के पैनल ने किया आधा दर्जन मदरसों का औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** नये शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में कस्बे सहित क्षेत्र में चल रहे आधा दर्जन मदरसों का निरीक्षण किया गया जिनमें बच्चों की संख्या में कमी के साथ ही साथ दूसरे स्कूलों और मदरसों में भी बच्चों का नाम लिखा होने की बात सामने आई है।

अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, खंड शिक्षाधिकारी रामगोपाल और नायब तहसीलदार के पैनल के साथ संकुल प्रभारी मोहम्मद सईद सिददीकी ने कस्बे सहित क्षेत्र में संचालित मदरसों का निरीक्षण किया और उनकी छात्र संख्या, शिक्षा का स्तर, पाठ्यक्रम सहित अन्य व्यवस्था को देखा जिसमें सबसे



मदरसों की जांच करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

बड़ी बात मदरसों में दीनी तालीम अधिक होने और एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को मदरसे में लागू होने के बाद भी शैक्षिक स्तर कमजोर होने का मामला सामने आया। इतना ही नहीं कुछ मदरसों में पंजीकृत छात्रों का दूसरे मदरसों या स्कूलों में भी नाम दर्ज होने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं कस्बे में कुछ मदरसों की मान्यता पर अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं और उनके बोर्ड में भी कहीं मदरसों का नाम दर्ज नहीं होने के कारण अभिभावकों की जेब काटने का काम किया जा रहा है लेकिन जांच के ऐन पहले मामला सही कर दिया जाता है।इस सम्बंध में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि दो साल पहले सरकार के आदेश पर जो गैस मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे हुआ था तो उन्हीं की जांच की गई है कि इनके बच्चे कहीं और पढ़ रहे हैं या नहीं।

# गुरु के बिना मनुष्य का जीवन दिशाहीन

**मौदहा(हमीरपुर)।** प्रत्येक वर्ष की भांति क्षेत्र के इचौली गांव स्थित चौधरी पहलवान सिंह इंटर कॉलेज में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह संजय ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पहली गुरु माता होती है। गुरु का पद भगवान से भी उच्च माना गया है। पूर्व विधायक युवराज सिंह ने कहा कि गुरु के बिना हमारा जीवन दिशाहीन होता है। जब तक़ गुरुदेव भगवन का आशीर्वाद न मिले तो मनुष्य भटकता रहता है। इस मौके पर अनुजेंद्र, श्याम बाबू, रामकीरथ सिंह, सुरेन्द्र कुमार, प्रधान गंगादीन वर्मा, प्रधानाचार्य अरुण कुमार, पूर्व प्रधान धनंजय सिंह, दिनेश गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, श्यामबाबू गुप्ता, राजाराम रहे।

## सार-संक्षेप



सिलेंडर से लगी आग में जला सामान। अमृत विचार

### सिलेंडर से लगी आग से गृहस्थी का सामान जला

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड एक बाकी तलैया निवासी कालका प्रसाद की पत्नी रामदेवी घर में खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। घर वाले जब तक कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हालांकि मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तब तक गृहस्वामी का करीब 50 हजार रुपये के सामान का नुकसान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित कालका मजदूरी कर अपना परिवार चलाता था और अभी कुछ दिन पहले मजदूरी करते समय उसका हाथ कट गया था। ऐसे में आग लगना मजदूर परिवार के लिए किसी बड़ी विपदा से कम नहीं है। फिलहाल राजस्व विभाग के किसी जिम्मेदार ने आग से हुए नुकसान का आंकलन नहीं किया है।

### झाड़ू लगाते समय वृद्ध को सांप ने डसा, मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कलुवा डेरा निवासी छिदवा निषाद 65 वर्ष सुबह 7 :00 बजे जानवरों के बाडे में झाड़ू लगा रहा था तभी उसे कूड़े के ढेर पर छिपे जहरीले सांप ने डस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। मृतक के पुत्र रामकिशन ने बताया कि पिता खपरैल हटाकर सफाई कर रहे थे। खपरैल में ही छिपे सर्प ने उन्हें डस लिया। इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम प्रधान रामेश्वर निषाद ने बताया की वृद्ध की मौत सर्पदंश के चलते हुई है।

### घर में सो रही महिला को सांप ने डसा, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** मवई गांव निवासी सुमन (35) पत्नी जगतराम कुशवाहा बुधवार की तड़के करीब चार बजे घर में लेटी हुई थी। इसी दौरान किसी सांप ने उसे काट लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर पनवाड़ी के स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।



कलेक्ट्रेट में बने गोल चबूतरे की क्षतिग्रस्त छत। अमृत विचार

### गोल चबूतरा हुआ क्षतिग्रस्त, डीएम से की मरम्मत की मांग

**हमीरपुर।** मुख्यालय के कलेक्ट्रेट में धरना व अनशन पर बैठने को लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी संध्या तिवारी ने गोल चबूतरे का निर्माण कराया था। देखरेख न होने के कारण चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया है। बारिश के दौरान अनशनकारियों को गोल चबूतरे में बैठने पर भय बना रहता है। बारिश व तेज हवा के झोंके से किसी अनहोनी होने की आशंका से लोगों ने इसकी मरम्मत करवाने की जिलाधिकारी से मांग की है।

**इंतजार** उपकेंद्र बनने से करीब 50 हजार की आबादी को लो वोल्टेज से मिलेगी निजात

# पांच उपकेंद्रों का निर्माण लटका

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिम्मेदार बोले, अगले सत्र में शुरू कराया जाएगा निर्माण
- 33 विद्युत उपकेंद्रों पर 2.11 लाख उपभोक्ताओं का भार

**अमृत विचार।** जिले में दो साल पूर्व पांच विद्युत उपकेंद्रों प्रस्तावित हुए थे।जिनके लिए पावर कारपोरेशन ने जगह का चिह्नांकन तो कर लिया, लेकिन अभी तक इनका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में करीब 50 हजार की आबादी लो वोल्टेज सहित बिजली की समस्या से जूझ रही है। वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि उपकेंद्रों का निर्माण रिवैंप योजना के तहत फेज-2 में अगले सत्र में शुरू कराया जाएगा।

जिले में तीन नगर निकाय, पांच नगर पंचायतें व 330 ग्राम पंचायतें हैं। जिनमें करीब 12 लाख से अधिक आबादी है। जिनके लिए दो विद्युत वितरण खंड हैं। प्रथम वितरण खंड मुख्यालय में व द्वितीय वितरण खंड राठ में है। वहीं 33



विद्युत उपकेंद्र हैं। इन पर 2.11 लाख उपभोक्ताओं का भार है। पांच नए उपकेंद्र बनने से उनकी संख्या 38 तक पहुंच जाएगी।

साल 2018 के बाद से एक भी नए उपकेंद्र नहीं बना। 2022 में बिजली की समस्या को देखते जनप्रतिनिधियों की ओर से बरेल, गुंदेला, इटैलिया बाजा, भंभौरा

> पांच नए उपकेंद्र प्रस्तावित है। जिनमें तीन 10 मेगावाट व दो पांच मेगावाट के बनने हैं। योजना के तहत धनराशि मिली है। फीडर निर्माण, पोल, केबल लाइनों सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। उपकेंद्रों निर्माण अगले सत्र में फेज-2 के तहत कराया जाएगा।
>
> -ज्ञानचंद्र यादव, अधीक्षण अभियंता

व अरतरा में उपकेंद्र निर्माण का प्रस्ताव दिया था। जिस पर शासन स्तर से स्वीकृति भी मिल गई। विभाग ने इनके लिए जगह चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा तो शासन स्तर से रिवैंप योजना के तहत करीब 28 करोड़ स्वीकृत कर पहले चरण में 70 करोड़ की धनराशि जारी कर दी, लेकिन विभागीय लापरवाही से इनका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में करीब 50 हजार की आबादी को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# डीपीआरओ ने 40 ग्राम पंचायत सचिवों को इधर से उधर किया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- वर्षों से जमे ग्राम पंचायत सचिवों को दी गई दूसरे पंचायतों की जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** वर्षों से जमे 40 ग्राम पंचायत सचिवों का तबादला डीपीआरओ ने किया है। विकास कार्यों में लापरवाही बरतने व कई-कई सालों से एक ही ग्राम पंचायत में कार्य कर रहे ऐसे सचिवों का स्थानांतरण किया गया है।

विकास कार्यों में शिथिलता को देखते डीएम के अनुमोदन पर डीपीआरओ जीतेंद्र मिश्रा ने 40 सचिवों का स्थानांतरण किया है। बताया कि विकासखंड सुमेरपुर के देवगांव व कलौलीतीर में ओमप्रकाश प्रजापति की जगह कौशिक मनीष कुमार, कुंडौरा में साधना सिंह की जगह ओमप्रकाश प्रजापति, सुरौली बुजुर्ग में कौशिक मनीष कुमार की जगह रामसेवक व टेढ़ा में रामसेवक की जगह ओमप्रकाश प्रजापति कार्यभार संभालेंगे। मुस्करा ब्लाक के बांधुर बुजुर्ग में प्रदीप कुमार की जगह भरत साहू, बसवारी में भरत साहू के स्थान पर महेंद्र कुमार, निवादा में महेंद्र कुमार गौतम की जगह प्रदीप कुमार, बिवांर में रामदत्त यादव के स्थान पर हरिश्चंद्र शिवहरे, गहरौली में लवलेश कुमार के स्थान पर बृजेंद्र सिंह, इमिलिया में जगभान की जगह राजेंद्र सिंह, महेरा में बृजेंद्र सिंह के स्थान पर धर्मजीत सिंह, मुस्करा में कपिल सिंह के स्थान पर सुनील कुमार, टीहर में मृतुन्जय राय के स्थान पर कुलदीप व उमरी में अजीत कुमार के स्थान पर शिवशंकर की तैनाती की गई है। वहीं राठ के गिरवर में बृजेश शुक्ला के स्थान पर आनंद कुमार, कैथा में हरिश्चंद्र शिवहरे के स्थान पर रामस्वरूप व मुस्करा खुर्द में रामस्वरूप ओमरे के स्थान पर जगभान की तैनाती की गई है। जबकि सरीला के अतरौली में आनंद कुमार के स्थान पर लवलेश, चंडौत में विनय कुमार यादव के स्थान पर दिनेश कुमार दीक्षित, भेडी में श्याम सुंदर के जगह रामू अहिरवार, हरसुंडी में राधेश्याम के स्थान पर शिवाकांत व पुरैनी में कुलदीप कुमार के स्थान पर ऋषिता तिवारी की तैनाती की गई है। गोहांड, कुरारा व मौदहा में सचिवों का स्थानांतरण किया है।

## एक नजर

### करंट लगने से पूर्व प्रधान के पिता का निधन

**रामनगर (चित्रकूट)।** करंट की चपेट में आने से पूर्व प्रधान के पिता का निधन हो गया। ग्राम पंचायत बल्हौरा के पूर्व प्रधान अखिलेश पांडेय के पिता लक्ष्मण दत्त पांडेय (50) बुधवार की सुबह स्नान करने के बाद खाना खाने बैठे तो पंखा चलाने के लिए उसमें हाथ लगाया तो करंट की चपेट में आकर उसी में चिपक गए। इससे उनकी मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि ने मऊ थाने को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बच्चों ने रोपे पौधे

**चित्रकूट।** तरंग इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को बच्चों ने पौधे रोपे। प्रबंधक अंतिमा जायसवाल ने बच्चों को पेड़ों का महत्व बताया। प्रधानाचार्य रुचि नामदेव ने भी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर शालिनी, महक, नीती, सोनिका, बबिता, ज्योति, निशी, रितू आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### बैंक मैनेजर को भेजा कानूनी नोटिस

**चित्रकूट।** शंकर बाजार निवासी बालकृष्ण गुप्ता ने अपने अधिवक्ता विनय कुमार पाल के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक की कर्वी शाखा के प्रबंधक और महाप्रबंधक प्रयागराज को कानूनी नोटिस भेजी है। गुप्ता का कहना है कि बैंक ने उनकी सहमति के बिना क्रेडिट कार्ड निर्गत कर दिया और संचालन भी शुरू कर दिया। अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि बैंक ने शिकायत करने के बाद भी प्रतिमाह 1440 रुपये आर्थिक दंड भी दिया जा रहा है। इस संबंध में टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने पर भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। इसे बंद कराने के बाद भी खाते से पहली किस्त काट ली गई। इस कार्ड से कोई खरीदारी भी नहीं की गई। 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान न किए जाने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बैंक मैनेजर का पक्ष नहीं जाना जा सका।

### पांच दिन से बाधित है बिजली आपूर्ति

**सीतापुर (चित्रकूट)।** भीषण गर्मी में चितरा गोकुलपुर में बिजली व्यवस्था पांच दिन से धड़ाम है। लोगों का कहना है कि बिजली की आवाजाही का समय निर्धारित नहीं है। पूरी-पूरी रात बिना बिजली के काटनी पड़ती है। लोगों का आरोप है कि विभागीय लोग शाम के बाद मोबाइल रिसीव तक नहीं करते। इस संबंध में जब जेई से बात की गई तो उनका जवाब था कि ट्रांसफार्मर के लोड न लेने की वजह से दिक्कत आ रही है।

### मातृत्व देखभाल पर प्रशिक्षण का आयोजन

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था ने बीते दिनों मातृत्व देखभाल पर पहाड़ी एवं मानिकपुर ब्लाक में एएनएम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया| लखनऊ के डॉक्टर न्रिपेंद्र सिंह ने बताया कि सम्मानजनक मातृत्व देखभाल प्रत्येक महिला का मूलभूत अधिकार है। उन्होंने बताया कि जागरूकता एवं कम शिक्षा की वजह से महिलाएं अपमान एवं दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं कर पाती हैं| इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक पहाड़ी उदय प्रताप सिंह, मानिकपुर मनीष सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

### जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट संबंधी बैठक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट- 2024 संबंधी बैठक की। डीएम ने निर्देश दिए कि इस संबंध में कार्यपद्धति का सभी अधिकारी भली-भांति अध्ययन कर लें। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में एडीएम, एसडीएम कर्वी, मऊ, राजापुर और मानिकपुर, जिला खनिज अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### आज होगी गोष्ठी, लगेगा किसान मेला

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी व कृषक वैज्ञानिक संवाद 25 जुलाई को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में होगा। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। इसमें कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की सुविधाएं एवं अनुमन्य अनुदान के बारे में किसानों को जागरूक किया जाएगा। अधिकारी अपने विभागों के स्टॉल लगाने के साथ ही विभागीय तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### अधिवेशन नंवबर में

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का प्रादेशिक अधिवेशन 10, 11 व 12 नंवबर को जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट में होगा। बीते दिनों प्रांतीय पदाधिकारियों की एक टीम प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र की अगुवाई में चित्रकूट आई। मिश्र ने बताया कि अधिवेशन के प्रमुख संयोजक कार्यवाहक प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र सिंह, संयोजक चित्रकूट के केशव कुमार माथुर बनाए गए हैं।

# जिम्मेदारों ने नहीं समझा दर्द, गर्मी से बेहाल रहे बच्चे

## चेकिंग के नाम पर पुलिस लाइंस ले जाई गईं दो स्कूल बसें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग के अधिकारियों की मनमानी से दर्जनों बच्चे पुलिस लाइन में 2 घंटे से अधिक समय तक बेहाल रहे। गर्मी, उमस और भूख से बेहाल बच्चों में कई ऐसे थे जिनकी आंखें नम हो गईं थीं। यह बात अधिकारियों को भी पता थी लेकिन उन्होंने तो जांच की धुन सवार थी। यही वजह थी कि उन्होंने बच्चों का दर्द महसूस ही नहीं किया। हालांकि शासन ने बच्चों का दर्द समझा और संभागीय निरीक्षक को निलंबित करने के साथ ही एआरटीओ भी निलंबित कर दिया गया है।

एआरटीओ का पक्ष जानने के लिए कई बार उनके मोबाइल पर रिंग की गई पर फोन नहीं उठा। उधर, इस संबंध में स्कूल प्रबंधन ने किसी भी तरह की टिप्पणी से मना कर दिया।

मंगलवार को श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों की लगभग 11 बजे छुट्टी हुई। दो बसें कर्वी तक पहुंच गई थीं। बताया जाता है कि इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर सहायक संभागीय परिहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक शुक्ला और अन्य विभागीय बच्चों सहित दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन ले गए। दोनों वाहनों को सीज कर फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल दिखाया गया और फिर लगभग एक बजे छोड़ा गया। करीब दो घंटे तक बसों को पुलिस लाइंस में खड़ा रखा गया। इस दौरान बच्चे गर्मी से बेहाल रहे।

**कार्रवाई का तरीका गलत : आरटीओः** बुधवार को बांदा से आरटीओ उदयवीर सिंह भी मामले की जांच करने चित्रकूट आए। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी से फिटनेस कराने को काफी समय से कहा जा रहा था। ऐसे में सीज करने की कार्रवाई ठीक थी पर जिस तरह से पूरी कार्रवाई की गई वह तरीका गलत था। बच्चों को घर छोड़ने के बाद सीज करना था। उन्होंने भी माना कि आरआई की इस पूरे मामले में कोई गलती नहीं है। प्रथमदृष्टया आरआई का दोष नहीं सिद्ध होता है। बताया कि उन्होंने अभी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

### मैं निर्दोष, फंसाया जा रहा : गुलाब चंद्र

- उधर, निलंबित संभागीय निरीक्षक गुलाब चंद्र का कहना है कि उनको अधिकारी द्वारा फंसाया जा रहा है। बताया कि उनका काम सिर्फ वाहनों की चेकिंग कर उनको नोटिस जारी करना है। दावा किया कि वह तो पुलिस लाइंस गए ही नहीं थे। बताया कि उन्होंने कई स्कूलों की बसों को चेक कर नोटिस भी जारी कीं, उनमें श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल की बसें भी थीं।

## मन न लगने पर हास्टल से भाग गए दो बच्चे

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** स्कूल में मन न लगने पर दीवार फांदकर दो छात्र भाग निकले। इनको पुलिस ने चार घंटे में ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

बुधवार को जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर के प्रधानाचार्य हेमचंद्र गुप्ता ने थाने में सूचना दी कि बोर्डिंग में रह रहे दो बच्चे आशीष (14) पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम कालूपुर पाही और करन कुमार (14) पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम गिरधार का पुरवा अगरहुंडा को उनके परिवारीजन रात में छोड़कर चले गए। दोनों बच्चे हॉस्टल में नहीं हैं। इस पर उप निरीक्षक राजोल नागर ने गुमशुदगी दर्ज होने के मात्र चार घंटे के अंदर दोनों बच्चों को मालिन टंकी बहिलपुरवा मोड़ के पास से ढूंढ निकाला। बच्चों ने बताया कि हमारा मन विद्यालय में नहीं लगता था, इसलिए रात में दीवार कूदकर चले गए थे और आज कर्वी की ओर जा रहे थे। पुलिस टीम में एसआई पवन चौधरी और कांस्टेबिल जलील अहमद शामिल रहे।

## मोबाइल में सेव नंबर न दिखें तो हो जाएं चौकन्ना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- अकाउंट हैक कर धनराशि मांग रहे जालसाज : निशिकांत
- फ्रॉड हो तो साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

**अमृत विचार।** साइबर सेल प्रभारी निशिकांत राय ने लोगों को इंटरनेट के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इधर, जालसाजों द्वारा सोशल मीडिया अकाउंट के साथ ही ईमेल अकाउंट हैक कर धनराशि मांगने की शिकायतें बढ़ी हैं। सेव कांटैक्ट्स दिखना बंद हो जाएं तो चौकन्ने हो जाएं।

निशिकांत ने बताया कि हैकर जीमेल आईडी हैक करके मोबाइल नंबर और रिकवरी ईमेल आईडी बदल लेते हैं। ऐसे में अकाउंट का पासवर्ड रीसेट नहीं हो पाता। अकाउंट हैक हो जाने पर मोबाइल हैंडसेट में सेव कॉन्टेक्ट्स दिखना बंद हो जाता है, क्योंकि उपभोक्ता जीमेल अकाउंट का एक्सेस खो चुका होता है। बताया कि गूगल ड्राइव पर सेव फोटो, वीडियो कॉंटैक्ट्स आदि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

इसके साथ ही पीड़ित के गूगल अकाउंट को अन्यत्र वेबसाइट पर रजिस्टर कर अपराध भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड हो तो पहले साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या संबंधित वेबसाइट पर शिकायत रजिस्टर करें।

### ये सावधानियां बरतें

- साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए अनजान नंबरों के कॉलर पर विश्वास न करें। मोबाइल में कोई भी संदिग्ध एप्लीकेशन या एपीके फाइल डाउनलोड न करें। ई-मेल टेक्स्ट मैसेज/व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के मैसेज में आई नीले रंग की लिंक (यूआरएल) पर क्लिक न करें। गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि पर टू-स्टेप वेरीफिकेशन ऑप्शन हमेशा खोले रखें। गूगल अकाउंट के सिक्योरिटी कोट्स को किसी के साथ शेयर न करें। गूगल पासवर्ड कभी भी अपने मोबाइल नंबर या जन्म दिनांक पर न रखें। पासवर्ड हमेशा अल्फान्यूमैरिक ही रखें।

## रोहित बने वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता ने जिला इकाई का पुनर्गठन किया है। रोहित कश्यप को जिलाध्यक्ष चुना है। राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता और सुशील कक्का को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। धर्मचंद को युवा विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष और अंकित पहारिया को संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। मोहित जैन और राम गुप्ता को जिला महामंत्री, पूरु अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। शुभम गुप्ता युवा विंग के जिलाध्यक्ष और कुलदीप महामंत्री बने हैं। बुधवार को सदर बाजार स्थित कार्यालय में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की पहली बैठक हुई। इसमें सभी ने वैश्य समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। बताया गया कि जल्द जनपद में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वरिष्ठ और युवाओं को जोड़कर संगठन को वृहद रूप दिया जाएगा। नए पदाधिकारी का कहना है कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के कंधे से कंधा मिलाकर काम किया जाएगा।

## इलाज का वादा कर हुआ गायब

**चित्रकूट।** पहाड़ी थानांतर्गत प्रसिद्धपुर निवासी सत्यम सिंह ने कलवारा बुजुर्ग निवासी एक युवक पर उसके पिता को बाइक से टक्कर मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्यम का आरोप है कि उसके पिता चंद्रशेखर 21 जुलाई को जा रहे थे। शिवचरण वाल्मीकि ने नशे की हालत में उनको टक्कर मार दी। उनको प्रयागराज रिफर किया गया। सत्यम का कहना है कि शिवचरण ने पिता का इलाज कराने की बात कही थी पर अब वह गायब है।




**गुलजार हुआ जंगल...**

उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेंद्र कुमार सिंह ने रानीपुर टाइगर रिजर्व के कुछ चित्र जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि कैमरा ट्रैप में विभिन्न स्थानों पर टाइगर, तेंदुआ, भालू, चीतल विचरण करते दिखे हैं। यह समय वन्य जीवों की मीटिंग का समय है। वन्य जीव नए शावकों को भी जन्म देते हैं। इनकी सुरक्षा भी आवश्यक है। बताया कि टाइगर रिजर्व में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों से अपील की कि किसी भी दशा में रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश न करें तथा अपने पालतू पशुओं को भी न जाने दें।

## सार-संक्षेप

### दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता पर सचिव निलंबित

**चित्रकूट।** जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्रनारायण सिंह ने ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष कुमार को निलंबित कर दिया है। सचिव को पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने और अन्य आरोप प्रथमदृष्टया सही पाए जाने के बाद निलंबित किया गया है। सचिव आशुतोष कुमार पर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र न देने, निर्वाचित सदस्यों का बैठक भत्ता व प्रधानों का मानदेय न देने, स्वीकृत कार्य न कराए जाने और पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने के आरोप प्रथमदृष्टया सही पाए गए हैं। डीपीआरओ ने बताया कि डीएम के अनुमोदन के बाद इनको निलंबित कर दिया गया है। इनको निलंबन काल में कर्वी ब्लाक कार्यालय से संबद्ध किया गया है। मानिकपुर के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को जांच अधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में पतौड़ा के प्रधान चंदन ने बताया कि उनके साथ चार अन्य गांवों के प्रधानों ने डीएम, सीडीओ और डीपीआरओ से सचिव की शिकायत की थी।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में नौ अगस्त को ट्रायल

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि सिविल सर्विसेज खेल चयन ट्रायल खेल निदेशालय के निदेशानुसार क्षेत्रीय खेल कार्यालय में जनपद एवं मंडलस्तरीय चयन ट्रायल होंगे। खेलों में टेबिल टेनिस, वालीबाल, तैराकी, बास्केट बाल, बैडमिंटन, टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावर लिफ्टिंग, क्रिकेट, हॉकी का जिलास्तरीय ट्रायल नौ अगस्त को और मंडल स्तरीय चयन ट्रायल 13 व 14 अगस्त को होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक-बालिका टेबिल टेनिस प्रतियोगिता मथुरा में दो से चार अगस्त तक होगी। इसके लिए जिलास्तरीय ट्रायल 25 जुलाई एवं मंडलीय चयन ट्रायल 26 जुलाई को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में होगा।



थाना प्रभारी को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

### थाना प्रभारी की सराहना की

**मऊ (चित्रकूट)।** धार्मिक स्थल परानू बाबा में चोरी की घटनाओं का खुलासा किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी विनोद कुमार राय और टीम की प्रशंसा की है। बुधवार को क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी को भगवान कामतानाथ का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर सवर्ण आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी जिलाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला, जिला संयोजक अरविंद पांडेय, जिला महामंत्री प्रकाश पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शुक्ला, अनिल देवरवा, सोनू पाठक आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश

**उरई।** जालौन के रेंढर थाने में दर्ज पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपियों की करीब छह महीने बीतने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई। पीड़ित लड़की के परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। गुस्साए पीड़ित पक्ष के लोगों ने बुधवार को एसपी ऑफिस में हंगामा कर न्याय की गुहार लगाई। रेंढर थाना के एक गांव निवासी शख्स ने बताया कि 4 जनवरी 2024 को छेड़खानी व अपहरण की घटना हुई थी। जिसकी एफआईआर 18 जनवरी 2024 को रेढर थाना में पंजीकृत हुई थी। जिसमें 3 मुख्य आरोपी थे। जो अभी तक नही पकड़े गए। उपरोक्त केस में विवेचक ने 29 जनवरी 2024 को अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी लेकिन पीड़ित उक्त रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि आरोपी बाहर घूम रहे थे व आए दिन पुत्री को अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे है पीड़ित ने बताया कि इसके पहले पुलिस अधीक्षक व उच्चाधिकारियों से न्याय की मांग कर चुके है। जिस पर रेढर थाना पुलिस ने फिर से केस की जांच करते हुए उपरोक्त मुकदमा में 363, 366, 376(3), 376 डी व 5/6 पाक्सो एक्ट बढ़ोत्तरी कर विवेचना शुरू की। आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पहले भी 11 जून 2024 को क्षेत्राधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया था व जन सुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज किया था। लेकिन अभी तक एक भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ।



बैठक में जानकारी लेते एडीएम उमेश चंद्र। अमृत विचार

## जिले में छह केंद्रों में होगी प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- एडीएम ने अधीनस्थों को बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार।** लोक सेवा आयोग की 27 अक्टूबर को होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा -2024 के लिए जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने दी।

एडीएम उमेश चंद्र निगम की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीआईओएस ने बताया कि इन केंद्रों में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज, श्री गंगाप्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी व सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज हैं। चित्रकूट इंटर कॉलेज में ब्लॉक ए तथा ब्लॉक बी बनाए गए हैं। एडीएम ने निर्देश दिए कि सभी केंद्र मानक के अनुसार रहने चाहिए। सभी में मुआयना करके सभी व्यवस्थाओं को परखें। यह भी देखें कि कोई कॉलेज ब्लैक लिस्टेड तो नहीं है।

बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## सास और साले पर कराई रुपये चोरी की रिपोर्ट

**चित्रकूट।** एक युवक ने अपनी सास और साले-सरहज पर लगभग दो लाख रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पहाड़ी थानांतर्गत सकरौली गांव निवासी ननबुद्धा ने बताया कि उसकी ससुराल खुमानीपुरवा मौजा दाहिनी से बीते दिनों उसका साला रज्जन आया था। उसने उससे 10 हजार रुपये कर्ज के रूप में मांगे थे। उसने उसका विश्वास मानकर संदूक से रुपये निकालकर दे दिए। उसके साले ने उस समय संदूक में रखी रकम गिनकर एक लाख 95 हजार रुपये बताई थी। बताया कि यह रकम उसने जमीन और धान बेचकर इकट्ठा की थी। रुपये देखकर साले की नीयत खराब हो गई। ननबुद्धा का आरोप है कि वह गांव से अपनी मां कल्ली उर्फ कमला और पत्नी रूबी को लिवा लाया। तीन मई को रात में उसकी पत्नी और वह साले के कहने पर छत पर सो गए। आरोप लगाया कि रात में सास और साले-सरहज ने बक्से से रुपये चुरा लिए। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## अंशु की मौत मामले की एसडीएम करेंगे जांच

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

- जिलाधिकारी ने दिए न्यायिक जांच के आदेश

**अमृत विचार।** युवक अंशु आरख की मौत के चर्चित मामले की जांच उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि 14 जुलाई को मोहर्रम के जुलूस के दौरान आर्यनगर निवासी युवक अंशु आरख उर्फ अंशु सिंह पुत्र स्व. नत्थू प्रसाद की ढोल बजाने को लेकर कुछ लोगों से बहस हो गई थी। इस पर पुलिसकर्मी अंशु को थाने ले गए थे। बाद में अंशु का क्षत विक्षत शव थाने से लगभग दस किमी दूर केकरामार गांव के पास रेलवे पटरियों पर पड़ा मिला था। परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर पिटाई के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए पटरियों पर शव डालने का आरोप लगाया था। एसपी अरुण कुमार सिंह ने प्रथमदृष्टया लापरवाही का आरोप सिद्ध मानते हुए तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला, दीवान वीर सिंह सहित युवक को पकड़कर लाने के आरोपी सिपाहियों प्रमोद पासवान व अंकित राजपूत को सस्पेंड कर दिया था। इस संबंध में इंस्पेक्टर प्रभुनाथ यादव ने जाम लगाने व अन्य आरोपों पर कुल 38 लोगों पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इनमें 23 नामजद हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को मामले की नियमानुसार मजिस्ट्रीयल जांच कर 15 दिन में आख्या देने के निर्देश दिए हैं। जिसको भी साक्ष्य या बयान देना हो, 30 जुलाई तक किसी भी कार्यदिवस में उनके कार्यालय में आ सकता है।

### महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट

**जालौन।** रंगबाजी को लेकर ग्रामीण ने महिला के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी हेमलता पत्नी गणेशशंकर ने बताया कि गांव के राघवेंद्र सिंह उर्फ बंटी ने रंगबाजी को लेकर उसके साथ गाली गलौज कर रहा था। जब उन्हें गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट कर दी है।

**हाल** यात्रियों को नहीं मिलतीं रोडवेज वाहनों की सुविधा

# तुलसीतीर्थ में नहीं है परिवहन निगम का बस अड्डा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकार उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित तो है पर कई ऐसे स्थान हैं, जो अभी भी उपेक्षित हैं। ऐसा ही है तुलसीतीर्थ राजापुर। यहां परिवहन निगम का एक बस अड्डा तक नहीं है। जबकि हर साल तुलसी जन्म महोत्सव के कार्यक्रम में दूरदराज से साधु-संत विद्वान और श्रद्धालु आते हैं।

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर विकास से कोसों दूर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित उर्फ दीपू मिश्रा एवं समाजसेवी सुनील मिश्रा, भाजपा नेता सतीश मिश्रा बताते हैं कि सन् 1970 में तत्कालीन मंत्री राधाकृष्ण गोस्वामी ने राजापुर में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम का बस अड्डा बनवाया था, जो 2002 तक कार्यरत रहा। इसके बाद जिम्मेदारों की लापरवाही और उपेक्षा से बस अड्डा एवं रोडवेज का बुकिंग ऑफिस बंद कर दिया गया। राजापुर में हस्तलिखित श्रीरामचरितमानस, प्राचीन हनुमान मंदिर व तुलसी स्मारक के दर्शन के लिए श्रद्धालु आते रहते हैं। लेकिन आवागमन के साधन न होने से वे परेशान होते हैं। राधेश्याम सोनी, उमेश केशरवानी, जुगराज केशरवानी, सुभाषचंद्र अग्रवाल, शंकरदयाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश केशरवानी, विकास मिश्रा, लल्लू मोदनवाल, संतोष गर्ग, भरतलाल जायसवाल, अशोक द्विवेदी, सुरेश जायसवाल, राकेश नामदेव, सोमनाथ अग्रवाल आदि ने मुख्यमंत्री से राजापुर में निगम का बुकिंग ऑफिस, बस अड्डा एवं विभिन्न रूटों की रोडवेज बसें चलाने की मांग की है।

**बसों के ठहराव का नहीं है स्थानः** लोग बताते हैं कि पहले राजापुर तीर्थस्थल से राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व अन्य जिलों के लिए रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा था। इस समय भी निगम की बसें चलाई तो जा रही हैं लेकिन उनके ठहरने के लिए कोई निश्चित स्थान व समय नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब चित्रकूट आए थे तो राजापुर के लिए घोषणाएं की थीं लेकिन योजनाएं धरातल पर नहीं उतरीं।



अभी इस तरह सड़क पर खड़ी होती हैं बसें। अमृत विचार



सतीश।



अमित उर्फ दीपू।



सुनील मिश्रा।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर – चित्रकूट**

पत्रांक– 822/ लेखा/टेंडर/2024–25 दिनांक – 24–07–2024

निम्नांकित योजनार्न्तगत विकास खण्ड रामनगर की निम्नांकित ग्राम पंचायत में कार्य कराया जाना है जिसके लिए जी0एस0टी0 में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों से दिनांक – 31.07.2024 तक टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र0 | योजना | कार्य का नाम | सामग्री विवरण एवं मात्रा | प्राक्कलन धनराशि लाख रू0 में | जमानत धनराशि | टेडर फार्म फीस | कार्य कराने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाल विकास | 35 आंगनबाडी में अनुरक्षण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9–80 | 20000 | 500 | 03 माह |
| 2 | बु0वि0 नि0 | छीबों में पुलिया से लेकर चन्द्र किशोर के घर तक विंगवाल निर्माण | तदैव | 6–52 | 13100 | 500 | 03 माह |
| 3 | विधायक निधि | राजापुर नगर पंचायत में विकास मिश्रा के घर के पीछे रिटेनिंग वाल निर्माण | तदैव | 2.70 | 5400 | 500 | 03 माह |

इच्छुक सामग्री आपूर्तिकर्ताओं / पंजीकरण ठेकेदरों से अपेक्षा है कि दिनांक 25.07.2024 से दिनांक 31.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक उक्त कार्य हेतु टेंडर फार्म मु0 500 (पांच सौ मात्र) का प्रपत्र जमा कर सकते हैं। भुगतान प्राप्त कर प्राप्त कर उसी तारीख को टेंडरफार्म, जमानत, आवश्यक जमानत के साथ मात्र व मात्र एफ0डी0 ही स्वीकार की जायेगी। आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों द्वारा जमा किए गये टेंडर उसी दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में खोले जायेगें। टेंडरदाता किसी भी दिन कार्यालय अवधि में उक्त अवधि में कार्यो के प्राक्कलन का परीक्षण कर सकते हैं

(ओम प्रकाश यादव)
खण्ड विकास अधिकारी,
रामनगर

# देखरेख के अभाव में अस्तित्व खो रहे प्राचीन कुएं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में भी लोगों को पानी उपलब्ध कराने वाले चंदेलकालीन कुएं अब देखरेख के अभाव में अपने अस्तित्व के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कुओं के पानी का उपयोग न किए जाने से लोगों द्वारा कूड़ा डालकर कुओं को कूड़ाघर बना दिया गया है, कुछ कुओं का प्रयोग न किए जाने से इनका पानी भी बेकार हो गया है। कुओं के पनखट और खंभे भी टूट गए हैं। इन प्राचीन व कभी अति उपयोगी रहे जलस्रोतों के रखरखाव व जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की ओर जिम्मेदारों ने ध्यान ही नहीं दे रहे।

मालूम हो कि जिले में एक समय में कुओं पर ही लोग पूरी तरह से आश्रित रहते थे। सुबह से लेकर रात तक महिलाएं पुरुष इन्हीं कुओं से पानी भरकर प्यास बुझाते थे, लेकिन हर घर में हैंडपंप, जेडपम्प और सबमर्सिबल पम्प लगने के साथ साथ हर घर में नल कनेक्शन हो जाने से कुएं उपेक्षित हो गए हैं। मीठे और ठंडे पानी वाले कुओं को लोग अब भूलते जा रहे हैं और नई पीढ़ी को तो कुओं से पानी निकलना तक नहीं आता है, जिसके चलते कुएं पूरी तरह से वीरान से हो गए हैं। जिले व नगर क्षेत्र में अनेक प्राचीन कुएं हैं, जो वर्षों से न सिर्फ पानी मुहैया कराने के काम आते थे, बल्कि यह नगर व ग्राम की शान माने जाते थे।


देखरेख के अभाव में जर्जर कुआं। अमृत विचार

● आसपास के लोग डाल रहे कचरा

**नहीं होती कुओं की सफाई**

नगर क्षेत्र में बने कुओं की हर साल गर्मी के दिनों में नगर पालिका साफ सफाई भी कराया करती थी। इसके अलावा मोहल्ले के लोग एकजुट होकर कुओं के कूड़े करकट और गंदगी को भरकर साफ किया करते थे। इससे कुओं की झिर भी साफ हो जाती थी और कुओं की जलस्तर तेजी से बढ़ने लगता था, लेकिन अब कुएं ही कूड़ाघर बन गए हैं, जिससे उनकी झिरे भी खत्म हो गई हैं।

क्षेत्र में चंदेल शासकों ने बड़ी मात्रा में इनका निर्माण कराया। कुओं के पानी का इस्तेमाल न किए जाने से उसकी झिर भी खत्म हो गई, जिससे ज्यादातर कुएं सूख गए और लोगों द्वारा कूड़ा करकट डालकर उन्हें जमीदोज कर दिया गया और अब ये ऐतिहासिक कुएं सिर्फ इतिहास बनकर रह गए।

## रोजगार मेला कल

**महोबा।** शिक्षित बेरोगारों को रोजगार मुहैया कराए जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर 26 जुलाई को सुबह दस बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय/माडल कैरियर सेंटर महोबा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में आएस स्टफिंग सैल्यूशन प्रा.लि., एलआईसी, बुंदेलखंड कनेक्ट प्रालि. सहित तमाम प्राइवेट लिमिटेट कम्पनियों प्रतिभाग कर रही हैं। इन कंपनियों द्वारा लाइन ऑपरेटर, प्रोडक्शन, बीमा अभिकर्ता, मशीन आपरेट सहित 800 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई अभ्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर रोजगार से जुड़ सकते हैं।

# मेन लाइन में फाल्ट, श्रीनगर क्षेत्र के 50 गांवों की बिजली गुल

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** मेन लाइन में अचानक फाल्ट हो जाने से श्रीनगर क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सारा दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहने से क्षेत्र के लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली व्यवस्था दुरस्त कराने के लिए कई टीमों को लगा दिया गया है। बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह से शाम तक लाइन सही करने में जुटे रहे, लेकिन फाल्ट नहीं मिल पाने के कारण सारा दिन लोगों का गर्मी से बुरा हाल रहा।

तेज हवा के साथ आई बारिश के कारण बुधवार सुबह 9 बजे से मेन लाइन में फाल्ट आ जाने के कारण श्रीनगर, कैमहा, अतरार, पिपरामाफ, इमलिया, बिलरही, ढिकवाहा, जयोरैया, डिगरिया, सिजारिया, भंडरा, मवई, सिजवाहा, लुहेड़ी सहित आधा सैकड़ा गांव की बत्ती गुल हो गई, जिससे गर्मी में बिजली न आने से चारों तरफ हाहाकार मचा रहा। इधर बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह से ही अलग-अलग लाइनों में फाल्ट ढूंढते रहे, लेकिन शाम तक फाल्ट न मिलने से ग्रामीण अंचलों में बत्ती गुल रही। ग्रामीण मयंक श्रीमाली, मधु सोनी, नीरज शिवहरे, विशाल सोनी, सिद्ध गोपाल यादव, सुनील कुमार, कमलेश अहिरवार, शक्ति गुप्ता ने बताया की हल्की बारिश होते ही लाइनों में फाल्ट आ जाता है।

**प्रभावित हो सकती है पानी की आपूर्ति**

महोबा शहर के अलावा श्रीनगर और सिजहरी गांव में उर्मिल बांध से पानी की आपूर्ति की जा रही है, उर्मिल बांध में श्रीनगर से बिजली लाइन गई है। बुधवार को मेन लाइन में खराबी आ जाने के कारण जहां एक तरफ करीब आधा सैकड़ा गांव में बिजली को लेकर हाहाकार मचा रहा, वहीं दूसरी तरफ उर्मिल बांध की बिजली भी गुल रहने से महोबा शहर के समदनगर, मदन सागर, मकुंदलाल स्कूल के पीछे पहाड़ी पर बने सीडब्ल्यूआर टेंक और कीरत सागर सरोवर के पास बने ओवरहेड टेंक में पानी भरा जाता है, जिससे शहरियों की प्यास बुझाई जा सके, लेकिन सारा दिन उर्मिल बांध की बत्ती गुल रहने से टेंकों में नाम मात्र का पानी भर पाने के कारण 25 जुलाई को पेयजल आपर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ गया है।

# उर्मिल बांध में आया एक फीट पानी, राहत

## दो दिन से हो रही बारिश के बाद बांध में पानी देख पेयजल संकट खत्म होने के बढ़े आसार

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** दो दिनों से हो रही बारिश के चलते उर्मिल बांध में एक फीट पानी आ जाने से छतरपुर और महोबा जिले के लोगों ने राहत की सांस ली है साथ ही बांध में पानी की शुरुआत हो जाने से दोनों जिले के किसानों ने भी खुशी जताई है। किसानों का कहना है कि बांध में पानी न आने से जहां एक तरफ पेयजल संकट बढ़ने के आसार बढ़ गए थे, वहीं दूसरी तरफ दोनों जिलों के खेतों में नहरों के जरिए होने वाली सिंचाई की भी उम्मीदें जाग गई हैं। बारिश के मौसम में पहली दफा बांध में कुछ पानी दिखाई दिया, इससे किसानों के चहरे खिल उठे।

मालूम हो कि यूपी-एमपी की सरहद पर चार दशक पहले उर्मिल बांध का निर्माण कराया गया था। उप्र., मप्र. दोनों जिलों के अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर को 60 फीसदी और उत्तप्रदेश के जनपद महोबा को 40 फीसदी पानी दिया जाना था, जिसके तहत लगभग चार दशक से इसी अनुपात में किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा था। किसानों को पानी मयस्सर कराने के लिए बांध से एक नहर छतरपुर जिले के क्षेत्र में निकाली गई, दूसरी नहर महोबा जिले के एरिये में निकाली गई है। पानी के बंटवारे की जिम्मेदारी दोनों जिले के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी गई। एमपी के किसान बांध से 60 फीसदी पानी लेकर सिंचाई करते, जबकि महोबा जिले के किसान 40 फीसदी पानी लेकर फसल को हरा भरा करते हैं, इस करार से दोनों जिले के किसानों को पानी मिल रहा है।

वर्ष 2008 में शुरू हुई महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना के तहत उर्मिल बांध से महोबा शहर के अलावा कुछ गांव में पानी की आपूर्ति किए जाने के लिए उर्मिल बांध के बीच में इंटेकवेल बना दिया गया और महोबा तक बांध से ढाई फीट चौड़ी पाइप लाइन बिछाकर पीने के पानी के लिए योजना को तैयार किया गया। वर्ष 2010 में महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना की शुरुआत हो गई और इससे शहर और आसपास के बाशिंदों की उर्मिल बांध से प्यास तो बुझने लगी, लेकिन सिंचाई के समय मध्यप्रदेश प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति के लिए खर्च किए जाने वाले पानी को भी उसी 40 फीसदी पानी में जोड़ दिया और पीने के पानी के लिए बांध से अतिरिक्त पानी देने को मना कर दिया, जिससे अब जिले के लोगों को मिल रहे 40 फीसदी पानी से शहरियों और ग्रामीणों की प्यास बुझाई जाती है और उसके बाद बचने वाला शेष पानी से किसानों को सिंचाई के लिए दिया जाता है।

● बांध का 40 प्रतिशत पानी मिलता है उत्तर प्रदेश को

● 60 प्रतिशत पानी जाता है मध्य प्रदेश


उर्मिल बांध में नजर आता पानी। अमृत विचार

**पेयजल आपूर्ति के लिए रख लिया जाता है 15 फीसदी पानी**

उर्मिल बांध से जिले के गांव को सिंचाई के लिए मिलने वाले पानी से शमशेरा, फुटेरा, सलारपुरा, तिंदौली, मामना, मुढ़ारा, शाहपहाड़ी, चुरबुरा सहित तमाम गांव को लाभ मिलता है। इसी क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई विभाग ने लाखों रुपये की लागत से नहर भी बनाई थी, लेकिन अब करीब पंद्रह फीसदी पानी पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रख लिया जाता है और 25 फीसदी पानी रबी फसल की सिंचाई के लिए नहरों से छोड़ा जाता है, इससे किसानों को थोड़ा बहुत पानी मिल जाने से खेतों की जुताई बुवाई और कुछ सिंचाई हो जाती है।

## शिक्षकों से मांगे आवेदन

**महोबा।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निशुल्क अभ्युदय कोचिंग संचालन के लिए यूपीएससी, यूपीपीएससी (सिविल सर्विसेज) नीट एवं एक दिवसीय परीक्षा ऑफ लाइन, ऑन लाइन क्लासेज, प्रोजेक्टर, डिजीटल बोर्ड पर पढ़ाने के लिए विभिन्न विषयों के लिए सरकारी, गैर सरकारी फेकल्टी से आवेदन मागे गए हैं, जिससे इस योजना का लाभ लेते हुए लोगों को रोजगार मिल सके।

जिला समाज कल्याण अधिकारी महोबा अजय कुमार सिंह ने बताया कि इतिहास, भूगोल, राज व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, करंट अफेयर्स, यूपी पीसीएस और सामान्य अध्यन पेपर, फिजिक्स, अंग्रेजी जैसे विषयों के बावत अभ्यथियों को पढ़ाई कराई जाएगी। योजना के यूट्यूव चैनल, गूगलमीट पर लाइव प्रसारण भी कराया जाएगा। इच्छुक अध्यापकगण अपनी शैक्षिणिक योग्यता और अनुभव व के साथ अपना सीवी, कोआर्डिनेटर विशाल सिंह, को अभ्युदय केंद्र वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 अगस्त तक जमा करा सकते हैं।

# 25 से 27 जुलाई तक जिले में वज्रपात की आशंका

संवाददाता कार्यालय, महोबा

● जिलाधिकारी ने लोगों को दामिनी और सचेत ऐप मोबाइल में डाउनलोड करने की दी सलाह

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने जिले में 25 से 27 जुलाई तक अधिक बरसात और वज्रपात होने की चेतावनी जारी की है। जिलाधिकारी ने दामिनी और सचेत मोबाइल ऐप डाउनलोड कर वज्रपात की पूर्व में जानकारी हासिल कर इस दैवीय आपदा से बचने की अपील की गई।


जिलाधिकारी मृदुल चौधरी।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में बिजली गिरने/वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाएं प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाए। लोग मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी ऐप एवं सचेत ऐप डाउनलोड करें ताकि पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। उन्होने बताया कि प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि तथा इन्फास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

**बरतें सावधानी**

जिला आपदा विशेषज्ञ ने जन सामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं और धातु से बने छाते का प्रयोग न करें साथ ही बिजली के उपकरणों से भी दूर रहें और घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। खुले वाहनों मे सवारी न करें और जमीन पर न लेटें तथा नदी, तालबों में तैराकी या नौकायन न करें। उन्होने बताया कि यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें, आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जाएं। यदि खेतों में हैं तो तुरन्त सूखे स्थान पर चल जाएं।


सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

# सड़कों पर भर गया पानी कई गांवों का संपर्क कटा

**महोबा।** दो दिन से हो रही बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों की हालत दयनीय हो गई है। हालत यह है कि मार्गो और सड़कों में जल भराव के चलते कई सड़कें उखड़ गई हैं, जिससे सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने और उन पर दो-दो फीट पानी भर जाने से वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गईं हैं। पानी से लबरेज गड्ढों को वाहन चालक सड़क समझ कर निकालते ही गड्ढों में गिरकर जख्मी हो रहे हैं।

ग्राम अजनर की पक्की सड़क बारिश में तालाब बन गई हैं। स्थिति यह है कि पूरी सड़क पर पानी भरा रहने के कारण सड़क की गिट्टी उखड़कर गड्ढे हो जाने से वाहन चालाकों को कहां पर सड़क है और कहां पर गड्ढे हैं इसकी जानकारी नहीं हो पाती और वाहन चालक गिर रहे हैं। कमोवेश यही हाल टेंपो चालकों का भी है। ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में जल्द से जल्द गड्ढायुक्त सड़कों का निर्माण कराए जाने की मांग की है, जिससे लोगों को दुर्घटनाओं से निजात मिल सके।

# शिव मंदिरों में गूंज रहे भोले के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महादेव की पूजा का सावन माह महत्वपूर्ण होता है। यही वजह है कि सावन मास में शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटती है, इतना ही नहीं इस माह की पूजा के लिए विशेष महत्वता होने के कारण पूजा के साथ शिव मंदिरों में आरती के लिए भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है, जिसके चलते बुधवार सुबह और शाम शिवालय भक्तों से गुलजार रहा। शिव मंदिरों से आने वाले श्रद्धालु हरहर महादेव के उद्घोष के साथ निकलते हैं। इस साल श्रावण मास सोमवार से शुरू हुआ और 19 अगस्त को सोमवार के दि नहीं समाप्त हो रहा है, इस संयोग को लेकर शिव भक्तों में उत्सुकता देखी जा रही है।

उमेंगेश्वर द्वादस शिव मंदिर के मुख्य पुजारी शिवकिशारे पांडेय बताते है कि साल के अन्य महीनों की तरह सावन माह में शिव मंदिरों में सबसे अधिक भीड़ जुटती है और शिवालयों में सुबह शाम होने वाली आरती में भी श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचकर रहे हैं। शाम होते ही भक्त शिव मंदिरों में पहुंचने लगते हैं और आरती के इंतजार में बैठे रहते हैं और आरती शुरू होते ही पूरी आस्था के साथ आरती कर प्रभु की भक्ति में लीन हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि गाय के दूध से अभिषेक किया जा रहा है, क्योंकि महादेव के पूजन में केवल गाय का दूध प्रयोग होता है, जिसे अति पवित्र माना जाता है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में केवल जलाभिषेक से प्रभु शिव और माता पार्वती की कृपा प्राप्त होती है। सावन मास में प्रदोष काल में प्रभु शिव की पूजा अर्चना करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और उन्नति के योग बनते है। बताया कि इस बार सावन में ऐसा संयोग बन रहा है कि यह माह सोमवार को शुरू हुआ और 19 अगस्त सोमवार को ही समाप्त हो रहा है। 72 साल बाद बन ऐसा संयोग हुआ है। सर्वार्थ सिद्धि, प्रीति और आयुष्मान योग में सावन माह की शुरूआत हुई।


शिवलिंग का दूध से अभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

● आरती के लिए शिवालयों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

बताई योजनाएं | अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम सूपा में हुआ आयोजन

# राहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक



राहत चौपाल में जानकारी देते अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश। अमृत विचार


चौपाल में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में तहसील चरखारी के ग्राम सूपा में आम जन मानस को जागरूक करन के लिए राहत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सर्प दंश, पानी में डूबने, बिजली आदि से होने वाली घटनाओं को कम करने के बारे में बताया गया साथ ही आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को दिए जाने वाली राहत राशि की भी जानकारी ग्रामीणों को मुहैया कराई। शासन के मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी के निर्देशों पर बुधवार को ग्राम सूपा में राहत चौपाल में अपर जिलाधिकारी ने सर्पदंश, तालाब, नदी में डूबने, बिजली, अतिवृष्टि के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में सरकार के आदेशों का पालन करते हुए ऊंचाई और सुरक्षित स्थान पर रहें और सही जानकारी एकत्र करने का प्रयास करें। विद्युत आपूर्ति बंद कर दें और खुले तारों को न छुएं। अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाहें फैलाएं। उपजिलाधिकारी चरखारी द्वारा आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को दी जानी वाली राहत दरों की जानकारी देते हुए बताया कि जनहानि में 4 लाख, पशुहानि में बड़े दुधारू पशु के लिए 37,500 ( भैंस, गाय, ऊंट, याक) गैर दुधारू पशु के संबंध 32,000 ( बैल, ऊंट, घोड़ा) और छोटे पशु के लिए 4000 एवं मकान, फसल क्षति के संबंध में भी मिलने वाली राहत राशि की जानकारी दी गई। राहत चौपाल में तहसीलदार, नायब तहसीलदार चरखारी, स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर, खंडशिक्षा अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, लेखपाल, आशा आदि मौजूद रहे।

# अभियान चला कर 25 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चलाये गये अभियान में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से निर्मित सामग्री जब्त करते हुए महकमे ने बीस हजार रुपये जुर्माना वसूला।

नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा अधिशासी अधिकारी अवधेश के आदेश पर जनपद मुख्यालय में बुधवार को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया, अभियान से भयभीत तमाम दुकानदारों ने तीन की आने से पहले ही दुकानों से प्लास्टिक की सामग्री अलग कर ली। अभियान के दौरान स्ट्रीट बेण्डर्स और छोटे-छोटे दुकानदारों के यहाँ अल्प मात्रा में मिली प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करते हुए सख्त चेतावनी दी गयी। पालिका विभाग की टीम ने ऊदल चौक स्थित कन्नौज सुगन्ध भण्डार में छापामार कर कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करते हुए बीस हजार रूपये बतौर जुर्माना वसूला गया। प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चलाये गये अभियान में करीब 25 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गयी। अभियान के दौरान कर अधीक्षक हरिश्चन्द्र यादव, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक जन्मेजय सिंह, पालिका कर्मी आदि मौजूद रहे।


अभियान के दौरान पकड़ी गई प्लास्टिक की सामग्री।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2020 अनु0 1198686 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **–शालिनी पुत्री धनीराम, निवासी– ग्रा0 शोभन का पुरवा मजरे हरीपुर पो0 दौलतपुर, जि0– रायबरेली, मो0–** 7525063420

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मोहनलाल और उसकी पत्नी राजकुमारी के क्रूरता पूर्ण कृत्यो से क्षुब्ध होकर मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। अपने किए गए कार्यो के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं/ **रामविलास पुत्र पूर्वी दीन नि0 ग्राम महाखेड़ा पोस्ट महारानीगंज थाना खीरों जिला रायबरेली**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 2249573450 का प्रमाणपत्र – सह – अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **सुनील कुंदेर पुत्र सुरेश चंद्र कुंदेर, पता – सरायभूपति, कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़,(उ. प्र.)।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आशा एवं जन्मतिथि 01–01–1998 दर्ज है जो गलत है। मेरे शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सोनू देवी है और जन्मतिथि 05–07–1998 है अत: जो सही है। आधार कार्ड में संशोधन की आवश्यकता है। **–सोनू देवी पत्नी कन्हैयालाल निवासी ग्राम कल्यानपुर, पिपरा बाजार जिला व तहसील गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो, कि मैं Shakil Ahmad पुत्र Ishtiyaque Ahmad,निवासी:– Vill-Arjanipur, Post Patranga, Ayodhya का हूँ, मैंने अपना नाम Shakil Ahmad Ishtiyaq Ahmad से बदलकर Shakil Ahmad कर लिया हैं, आज से मुझे Shakil Ahmad के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALAUDDIN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SALAUDDIN ANSARI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. W/O MOHAMMAD MUNTSIR, VILL- AND POST SUNDHIYAMAU, RAM NAGAR, BARA BANKI, Uttar Pradesh - 225305

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **शिफा पुत्री शरीफ पत्नी खुर्शीद आलम निवासी– समशेर नगर शहर व तहसील व कोतवाली व जिला लखीमपुर–खीरी, हाल पता ग्राम व पोस्ट कुकरा, थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर खीरी** हूं। मेरे शैक्षिक व अन्य दस्तावेजों और वास्तविकता के आधार पर मैं बालिग हूं तथा अपने सारे फैसले लेने में सक्षम हूं। मैने होशो हवास में अपनी मर्जी से बिना किसी जोर दबाव के खुर्शीद आलम पुत्र वाजिद अली निवासी ग्राम व पोस्ट व परगना कुकरा थाना मैलानी, तहसील गोला, जिला लखीमपुर–खीरी के साथ इस्लामी रीति रिवाज के मुताबिक बिना दान दहेज के दिनांक 22.07.2024 को निकाह कर लिया है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर, सुलतानपुर उ0प्र0 कि साझीदार से अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह, निवासी– विवेक नगर, सुलतानपुर पृथक हो गये है। इनका फर्म से कोई लेना देना, सरोकार व बकाया नहीं है। फर्म में नए साझीदार श्रीमती सुधा सिंह पुत्री स्व0 राम कुमार सिंह, निवासी– विवेक नगर सुल्तानपुर को शामिल किया गया है। वर्तमान में राम बहादुर सिंह, सौरभ सिंह एवं श्रीमती सुधा सिंह फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स में साझीदार हैं। **साझीदार–राम बहादुर सिंह**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **शंकर दयाल उर्फ मुन्ना सोनी पुत्र स्व0 राम सनेही, नि0 छीबों तहसील राजापुर, जिला चित्रकूट,** मेरा नाम सरकारी अभिलेखों में शंकर दयाल सोनी दर्ज तथा मेरा आधार कार्ड नं0 820410745089 है लेकिन मेरा पुकारू नाम मुन्ना भी है तथा मेरी जन्मतिथि 8.09.1970 है। मेरा सही नाम शंकर दयाल सोनी उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 रामसनेही है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है।

# हिंदू संगठन के लोगों को पीटने पर थानाध्यक्ष समेत 3 लाइन हाजिर

## तिंदवारी थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों पर मारपीट का आरोप, एसपी आवास का घेराव

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** तिंदवारी थाना क्षेत्र में युवती को भगाने के आरोपी मुस्लिम युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से थाना प्रभारी ने मारपीट और अभद्रता कर दी। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक आवास में प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी और दो पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करके सीओ सदर को पूरे प्रकरण की जांच सौंप दी है।

22 जुलाई को तिंदवारी थानाक्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी। पुलिस ने खोज बीन करते हुए युवती को एक मुस्लिम युवक के साथ बरामद कर लिया था। मुस्लिम युवक द्वारा किशोरी को भगा ले जाने की खबर जब हिंदू संगठनों के लोगों को चली तो वह आरोपी युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को थाने पहुंच गए और वहां थानाध्यक्ष का घेराव करते हुए



एसपी आवास के बाहर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के लोग। अमृत विचार

अपनी मांग बुलंद करने लगे। बताया गया है कि आक्रोशित हिंदू संगठनों के लोगों से थाना पुलिस की कुछ कहासुनी हो गई और पुलिस ने पहले तो कार्यकर्ताओं से अभद्रता की और बाद में पिटाई कर दी। आरोप है कि विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दीपू दीक्षित और बजरंग दल तिंदवारी के संयोजक केपी प्रजापति की लाठियों से जमकर पिटाई की गई है, जिससे वह दोनों घायल हैं।

इतना ही नहीं नाराज थानाध्यक्ष ने हिंदू नेताओं के गले में पड़ा गमछा और रुद्राक्ष की माला भी छीनकर फेंक दी और मोबाइल छीन कर भगा दिया। पीड़ितों का कहना है कि घटना को अंजाम देने से पहले पुलिस ने थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए थे। जब घटना की जानकारी मुख्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को हुई तो वह जुलूस की शक्ल में देर रात करीब 11 बजे पुलिस अधीक्षक आवास पहुंच गए और पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। हिंदू संगठनों के लोगों की मांग थी कि थाना प्रभारी समेत सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाए। हालांकि मौके की नजाकत समझते हुए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र आसपास के कई थानों की फोर्स के साथ एसपी आवास पहुंच गए और आक्रोशित भीड़ को शांत कराने की कोशिश करने लगे, लेकिन बात नहीं बनी।

हालांकि मौसम ने पुलिस विभाग का साथ दिया और तभी तेज बारिश शुरू हो गई और भीड़ अपने आप ही तितर बितर हो गई। वहीं सुबह होते ही एक बार फिर से पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता रामलीला मैदान में एकत्र होने लगे और आंदोलन की रणनीति तैयार करने लगे। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को समझते हुए थाना प्रभारी राधाकृष्ण तिवारी समेत दो पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया और पूरे मामले की जांच सीओ सदर को सौंप दी है। बताया है कि दोनों पक्षों की सच्चाई का पता लगाते हुए सीओ सदर 24 घंटे के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट सौंपेंगे और तथ्यों और पीड़ितों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 22 बेरोजगारों से 27.70 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● बेरोजगार युवक ने थाने में दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना में नौकरी दिलाने के नाम पर एक ठग ने 22 बेरोजगार युवकों से 27.70 लाख रुपये की ठगी कर डाली। ठगी के शिकार बने एक युवक ने मर्का थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर घटना की जांच में जुट गई है।




बेरोजगार युवकों को जल जीवन मिशन में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक ठग ने जनपद समेत सीमावर्ती जिलों के 22 बेरोजगार युवकों से 27.70 लाख रुपये की ठगी कर डाली। पारा बन्नो बेगम गांव निवासी रोहित सिंह ने मरका थाने में दी तहरीर में कहा है कि एक व्यक्ति ने उसे बताया कि जल जीवन मिशन में अगर नौकरी चाहिए तो 1.20 लाख रुपये देना होगा। इसके अलावा फार्म का अलग से 8000 रुपये लगेगा। ठग के चंगुल में 22 बेरोजगार युवक फंस गए। सभी ने रुपया जमा कर दिए। फॉर्म भरने की औपचारिकता पूरी करने के बाद एग्रीमेंट भराया गया। अनुबंध पत्र में आरोपी ने हस्ताक्षर किया। नियुक्त पत्र देते समय ठग ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी उसे नौकरी नहीं मिली तो लखनऊ जाकर जल जीवन मिशन कार्यालय जाकर उसने जानकारी हासिल की। विभागीय अधिकारियों ने नियुक्त पत्र को फर्जी बताया। तभी जालसाजी का खुलासा हुआ। युवक के मुताबिक ठगी के शिकार हुए युवकों में महेंद्र कुमार, आशीष सिंह, सचिन सिंह, बृजेंद्र सिंह, नितिन सिंह, कमलेश कुमार, दिनेश कुमार, सोनेलाल पटेल, संतोष कुमार, सत्येंद्र चक्रवर्ती, ऋषभ कुमार, शिव प्रकाश ज्ञान प्रकाश, संतोष राही, पुष्पेंद्र बाबू, अच्छे लाल आदि शामिल हैं। यह सभी बांदा समेत फतेहपुर और छतरपुर जनपद के निवासी हैं। उधर, मरका थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पारा बन्नो बेगम गांव निवासी ठगी का शिकार हुए युवक रोहित सिंह ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। फिलहाल घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# दुराचारी फुफेरे भाई पर कार्रवाई को अनशन पर बैठी पीड़िता

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** थाने के एक गांव में अपने ही फुफेरे भाई और पड़ोसी पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर कार्रवाई के लिए पीड़िता दर-दर भटक रही है। अब पीड़िता ने मुख्यालय स्थित अशोक लाट पर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है और कार्रवाई न होने तक अनशन जारी रखने का ऐलान किया है।

शहर के अशोक लाट स्तंभ के नीचे अनशन पर बैठी पीड़िता ने बताया है कि 10 जुलाई को उसका एक पड़ोसी और फुफेरा भाई घर की दीवार फांदकर घस में घुस आए और चाकू दिखाकर बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने न तो अभी तक मुकदमा दर्ज किया और न ही पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण ही कराया है। पीड़िता आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अब क्रमिक अनशन पर डट गई है और कार्रवाई होने तक अनशन जारी रखने की बात कही है।

पीड़िता ने संवाददाता से बुधवार को बताया की जब तक न्याय नहीं मिलता अनशन से किसी दशा में हटूंगी नहीं। यहां बैठने से पूर्व पुलिस कप्तान और एएसपी को अर्जी देकर न्याय मांगा।जिसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी 22 वर्षीय अंतिम पुत्र बड़कू प्रजापति ने मंगलवार की रात ऊपरी मंजिल पर छत के छल्ले पर अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह मां गिरिया अंतिम को जागने गई शव देखा तो वह चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई संजय ने बताया कि वह चित्रकूट में रह कर राजमिस्त्री का काम करता है। अंतिम तीन भाइयो में छोटा था। वह हाथ ठेला में भुटटा लगाता था।

# गंदगी से पटीं कस्बे की सड़कें व गलियां

संवाददाता, बदौसा

**अमृत विचार।** कस्बे सहित गावों की प्रमुख सड़कों और गलियों में जगह-जगह गंदगी का आलम है। नालियों को देखकर लगता है कि कई माह से सफाई नहीं हुई है। ग्राम प्रधानों व विभागीय अधिकारी के रहमोकरम पर सफाई कर्मी नदारद रहते हैं।

नरैनी बिकास खंड की 13 न्याय पंचायतो की 83 ग्राम पंचायतो में सफाई ब्यवस्था के लिये 135 सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। लेकिन गांवों में तैनात सफाई कर्मी नजर नहीं आते। हैरत की बात तो यह है कि ग्रामीण सफाई कर्मी को पहचानते भी नहीं। यह हालत बदौसा समेत बरछा, दुबरिया गांवों का ही नही है, ज्यादातर



मंदिर में भरा बारिश और नालियों का पानी। अमृत विचार

● अधिकांश सफाई कर्मी तैनाती स्थल पर कभी नहीं पहुचते

न्याय पंचायत में स्थित गांवों का है। अधिकांश सफाई कर्मी तैनाती स्थल पर कभी नहीं पहुचते। कुछ ने तो स्थानीय सफाई कर्मियों को अपनी जगह लगा रखा है। बदौसा व फतेहगंज न्याय पंचायतों के ज्यादातर गांवों में गंदगी फैली है। नाली का पानी मंदिरों में घुस गया है। बदौसा के राहुल तिवारी, दुबरिया के रत्नाकर सिंह, बरछा के पूर्व प्रधान हरीओम सोनकर, जबरापुर के पूर्व प्रधान नवल पटेल, महुई गांव निवासी शुभम द्विवेदी, कुलसारी के संजय उपाध्याय ने सावन माह में नालियों की सफाई की मांग की है।

# शराब की दुकानों में की गई छापेमारी

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सावन मास, रक्षाबंधन के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा कालपी नगर, उसर गांव तथा जोल्हूपुर में दर्जन भर से अधिक देशी, अंग्रेजी बीयर तथा मदिरा की दुकानों में छापा मार अभियान चलाया गया। टीम ने मदिरा की दुकानों की चेकिंग करके लाइसेंस धारकों तथा संचालकों को ओवररेटिंग में मदिरा न बेचने की की कठोर चेतावनी दी गई।

मंगलवार को उप जिलाधिकारी के साथ क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार पचौरी, आबकारी अधिकारी



मदिरा की दुकानों की चेकिंग अभियान में शामिल अधिकारी। अमृत विचार

● एसडीएम, सीओ के नेतृत्व में आबकारी टीम ने चलाया अभियान

मुकेश प्रताप सिंह, कोतवाली के एडिशनल इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ, सब इंस्पेक्टर बिनोद कुमार की संयुक्त टीम में शामिल पुलिस कर्मियों तथा आबकारी कर्मचारियों ने कालपी नगर के मोहल्ला बाईपास, सब्जी मंडी, टरनंनगंज टॉकीज रोड, खोवा मंडी के अलावा जोल्हूपुर मोड़, उसर गांव आदि स्थानों में स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। शराब के स्टॉक का निरीक्षण तथा गणना करके रजिस्टर देखा। इस दौरान बोतलों तथा पैकेटों की सील की चेकिंग की गई। आबकारी अधिकारी मुकेश प्रताप सिंह ने लाइसेंस धारकों को चेतावनी दी कि ओवररेटिंग में बिक्री कर गड़बड़ी पर कार्रवाई होगी।

# दहेज में बाइक न मिलने पर पत्नी को निकाला

**जालौन।** ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी प्रियंका देवी ने पुलिस को बताया कि प्रतापपुरा गांव निवासी प्रबल प्रताप ने लगभग एक वर्ष पूर्व उसके साथ विवाह कर लिया। बाद में जब परिवार के लोग इस विवाह से राजी हो गए तो पिता ने उसकी विदाई की। मेहमानों का स्वागत सत्कार कर पर्याप्त दान दहेज दिया। कुछ समय पूर्व उसका पति और ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में 50 हजार रुपये नकद और बाइक की मांग करने लगे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मंगलवार की शाम पति व ससुराल के लोग उसे मात्र पहने हुए कपड़ों में उसके मायके छोड़ गए और बिना अतिरिक्त दहेज के वापस आने पर मारने की धमकी भी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवती की बरामदगी न होने पर किया कोतवाली का घेराव

● पुलिस ने दिया तीन दिन में बरामदगी करने का आश्वासन

**जालौन।** तीन सप्ताह पूर्व संप्रदाय विशेष का युवक दूसरे समुदाय की युवती को अपने साथ भगा ले गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब तक पुलिस युवती को बरामद नहीं कर पाई है। हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले को लव जिहाद बताकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और बुधवार को नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंच गए। सीओ के समझाने के बाद हिंदू संगठनों के पदाधिकारी तीन दिन में युवती की बरामदगी की बात कहकर लौटे हैं।

नगर के एक मोहल्ला से बीती तीन जुलाई को एक संप्रदाय विशेष का युवक दूसरे संप्रदाय की युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। युवती का विवाह 14 जुलाई को था। विवाह से पूर्व बेटी के घर से भागने की घटना को उसका पिता सहन नहीं कर पाया था। बेटी के भागने से आहत पिता की 13 जुलाई की रात मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद लोगों में नाराजगी पनप रही है। युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट परिवार के लोगों ने कोतवाली में दर्ज कराई है। घटना को तीन सप्ताह बीत चुके हैं लेकिन पुलिस अभी तक युवती को बरामद नही कर पाई है। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर हिंदू संगठनों में नाराजगी है। हिंदू संगठनों के लोग एक बार एसडीएम और एक बार सीओ को ज्ञापन सौंपकर युवती की बरामदगी की मांग कर चुके हैं।

समारोह — श्रीझूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

# सिंधी अकादमी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा मंडपम सभागार उरई में, एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूज्य श्रीझूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ घनश्याम अनुरागी रहे।

मुख्य अतिथि ने सिंधी समाज को बधाई देते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंधी समाज के लिए सिंधी लोकगीत ,सिंधी सूफी भगत सिंधी पढ़ाई के लिए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पिटारा खोल



मेधावी छात्र-छात्राओं का मंच पर हुआ सम्मान। अमृत विचार

दिया है। सिंधी संस्कृति बढ़ावा देने के लिए किसी बच्चे को दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने 5 करोड़ के स्थान पर 10 करोड़ का प्राविधान बजट में किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक सिंह अखिल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सिंधी समाज के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की है।

सिंधी समाज को योजनाओं का लाभ मिले इसलिए हर जिले में सिंधी समाज का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि सिंधी समाज के साथ भाजपा का कार्यकर्ता तन, मन, धन से सहयोग करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सिंधी समाज पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण दास बाबानी ने कार्यक्रम का संचालन किया। 70 वर्ष के बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया।

सिंधी समाज के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, वकील,पुलिस विभाग में अपनी सेवा देने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरि मोहन पुरवार ने शहीद हेमू कालानी एवं सिंधी समाज के आराध्य देव पूज्य श्रीझूलेलाल के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डाक टिकट के स्टाल भी लगाए। सिंधी समाज के मुखिया घनश्याम जैसवानी, बग्गामाल, श्यामलाल, कमल राजदेव, जीतू अंदानी,जीतू आहूजा, दिनेश बलेचा लक्ष्मण दरयानी, वासुदेव बाबानी, मयंक लालवानी, राजकुमार, कन्हैया जामुनानी, भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष भाई कपिल आहूजा, राजकुमार जामुनानी एवं सिंधी समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं मेधावी छात्र छात्राओं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था भी की गई । इस कार्यक्रम में व्यवस्था की दृष्टि से श्रीमती पूजा सुमित रावलानी ने समाज के कार्यक्रम की व्यवस्था में सभी कार्यकर्ता का आभार प्रकट किया।

# एसपी ने सुनीं समस्याएं

**उरई।** पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। कार्यालय में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा समाधान के लिए संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रेंडर से पीड़ित की शिकायत की जानकारी फोन से ली और निस्तारण के निर्देश दिए।

## डाई पी लेने से महिला बेहोश

**कालपी।** ग्राम हरकूपुर में 35 वर्षीय महिला ने संदिग्ध अवस्था में घर पर रखी हुई डाई का सेवन करने से अचेत हुई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। ग्राम हरकुपुर निवासी कमला पत्नी धीरेन्द्र ने मंगलवार की देर शाम घर पर रखी हुई डाई पी ली। जिससे वह अचेत हो गयी। उसे परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया।

# सार-संक्षेप



मंडल प्रभारी को सम्मानित करते पूर्व उप मुख्यमंत्री। अमृत विचार

## मंडल प्रभारी समेत अन्य सम्मानित

**बांदा।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में चित्रकूटधाम मंडल समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने संगठन के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने पर मंडल प्रभारी दीपक आर्य समेत अन्य पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंडल प्रभारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार को मंडल में हिंदुत्व की सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य जारी रखने का भरोसा दिलाया। मंडल मुख्यालय स्थित प्राचीन बांबेश्वर मंदिर को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए शुरू कराए गए कार्यों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मटौंध नगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह, हीरालाल, आचार्य पं.रामदीन व विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

## बैंक ऋण संबंधी समस्याओं का जल्द करें निस्तारण : आयुक्त

**बांदा।** कमिश्नर ने मंडल भर के निवेशकों के साथ समाधान बैठक करते हुए उनकी समस्याएं जानीं। निवेशकों की बैंक ऋण संबंधी समस्याओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। बांदा विकास प्राधिकरण द्वारा पेट्रोल पंप लगाने में कार्रवाई पर देरी किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। आयुक्त सभागार में बुधवार को कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने समाधान बैठक करते हुए निवेशकों की समस्याएं सुनी। बैठक में आयुक्त ने उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। निवेशकों की बैंक ऋण संबंधित समस्याओं तथा कुछ निवेशकों की धारा 80 की लंबित मामलों को तत्काल प्रभाव से संज्ञान में लेकर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बीडीए द्वारा पेट्रोल पंप लगाने के संबंध में कार्रवाई में लेटलतीफी किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। बैठक में उद्योग विभाग से संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार, उपयुक्त उद्योग गुरुदेव तथा तमाम उद्यमी शामिल रहे। चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर से संबंधित अधिकारी, उद्यमी मित्र एवं निवेशक वर्चुअल रूप से जुड़े।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश को पंजीकरण शुरू

**बांदा।** जवाहर नवोदय विद्यालय दुरेड़ी के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय समिति ने 2025-26 सत्र के लिए छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर 16 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी दशा में ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा नहीं किए जाएंगे। छठी कक्षा में प्रवेश परीक्षा पंजीयन किए जाने बाले छात्र-छात्रा का जन्म 11 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच होना चाहिए। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जनपद के सरकारी व सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पांचवीं क्लास में 31 जुलाई से पहले प्रवेश पाने वाले ही इसके लिए पंजीयन कर सकते है। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राएं उसी जिले के निवासी होना जरूरी है, जहां पर जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित है। पूर्व में प्रवेश परीक्षा में आवेदन कर चुके छात्र-छात्राएं दोबारा आवेदन के पात्र नहीं होंगें। प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 को सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 के मध्य आयोजित होगी।

## बड़ी बहन से विवाद पर छोटी बहन ने कुएं में कूदकर जान दी

**बांदा।** क्षेत्र के मवई गांव निवासी 17 वर्षीय संगीता पुत्री दासूराम मंगलवार की दोपहर घर से इमली की पत्ती लेने के बहाने निकल गई। नजदीक स्थित कुए में छलांग लगा दिया। काफी देर बाद जव वह घर वापस नही लौटी तो उसकी मां जगरनिया खोजबीन करती हुई कुए के पास पहुंच गई। देखा तो कुए की जगत में संगीता की चप्पल रखी थी। इस पर उसने शोर मचाया। सोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ लोग कुए के अंदर उतरे उसे पानी से बाहर निकाला। सास चलने की आशंका पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता ने बताया कि संगीता तीन बहनो में दूसरे नबंर की थी। घरेलू काम काज को लेकर उसका बड़ी बहन मनीषा से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने कुएं में कूद कर खुदकुशी कर लिया।

## नशे में युवक ने जहरीला पदार्थ खा जान दी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव के लुधौरा गांव निवासी 35 वर्षीय राजेद्र पुत्र सुदामा प्रसाद ने मंगलवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। काफी देर बाद घर पहुंची पत्नी ने देखा तो वह उल्टी कर रहा था। राजेद्र को तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। ग्राम प्रधान पिपरी हरिश्चंद्र राजपूत ने बताया कि राजेद्र पल्लेदारी करता था। रात को वह नशे की हालत में घर आया उसने पत्नी मुन्नी देवी को मेला देखने के लिए रूपया दिया। मुन्नी अपनी एक पुत्री एक पुत्र को लेकर मेला देखने चली गई। इसी बीच मौका देख उसने नशे की हालत में जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया।

## आईआईटी चयनित पुरातन छात्र को किया सम्मानित

**बांदा।** भव्य समारोह के बीच प्राथमिक विद्यालय के पुरातन छात्र को खंड शिक्षाधिकारी समेत अन्य टीचरों ने सम्मानित किया। शिक्षकों ने आईआईटी चयनित छात्र का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावकों से पुरातन छात्र से प्रेरणा लेकर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को कहा गया। बड़ोखर खुर्द ब्लाक अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पडुई में बुधवार को आईआईटी पटना में चयनित विद्यालय के पुरातन छात्र प्रशांत पुत्र कल्लू श्रीवास को खंड शिक्षा अधिकारी किशन कुमार मिश्रा ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से कहा कि छात्र से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें। एसआरजी डा.सौरभ आर्य ने बताया कि प्रशांत इसी विद्यालय में सत्र 2018-19 का छात्र था। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सुषमा सिंह परिहार, अनीता, प्रीति श्रीवास, अनुदेशक कैलाश, शिक्षा मित्र रामबरन समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक रमेशचंद्र सिंह ने किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक असलम रब्बानी ने सभी का आभार जताया।

## नए एसडीओ ने कहा बिजली चोरी करने पर होगी कार्रवाई

**उरई।** बिजली पावर हाउस उपखंड कुठौंद में नए एसडीओ सुनील कुमार ने चार्ज संभाल लिया। उनका स्वागत कर्मचारियों वा क्षेत्रीय लोगों ने किया। एसडीओ ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की कि बिजली के दुरुपयोग को रोके। उन्होंने कहा बिजली चोरी करना अपराध है अगर कोई भी व्यक्ति बिजली चोरी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नवनियुक्त एसडीओ सुनील कुमार ने विभाग के जेई और कर्मचारी के साथ बैठक की। उन्होंने कहा उपभोक्ता अपनी समस्याओं को लेकर उनसे स्वयं मिले उनकी समस्या का निदान किया जाएगा। उपभोक्ता किसी समस्या पर उन्हें सीयूजी नंबर 9415909524 पर कॉल कर सकते हैं। एसडीओ कौशलेंद्र सिंह जेई नवनीत अग्रवाल, अजीम सिद्की, सुरेश सुनील यादव, कमलाकांत, रोहित, सोनू, बलवीर, आदि मौजूद रहे।



सुनील कुमार।

## स्कूल में अचानक बीमार पड़ीं सात छात्राएं, अस्पताल भेजा

**जालौन।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गूढ़ा न्यामतपुर की छात्राओं ने बुधवार की सुबह अचानक पेट दर्द होने और दस्त होने की शिकायत की। बीमार होने पर सात छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बीमार छात्राओं की तबीयत में सुधार होने के बाद उन्हें वापस स्कूल भेज दिया गया। कक्षा सात की छात्रा ईशू को मंगलवार को बुखार आ गया था। बुखार आने पर उसे स्कूल में ही प्रथम उपचार दिया गया। बुधवार की सुबह कक्षा आठ की छात्राओं में डोली, सोनिया, आरती व रूचि, कक्षा सात की परिधि व कक्षा छह की नव्या ने पेट दर्द व दस्त आने की शिकायत वार्डन से की। एक साथ अचानक सात छात्राओं के बीमार होने पर वार्डन गायत्री देवी व हिंदी शिक्षिका जयश्री छात्राओं को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। बीमार छात्राओं का डॉ. योगेश आर्या ने आवश्यक दवाएं दीं। उपचार के बाद तबीयत में सुधार होने के बाद सभी छात्राओं को स्कूल भेज दिया गया।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूँदड़ाउ 2450–2460 आर.आर.21 2550–2600 गेहूँफारम 2600–2700 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300–6400 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूँग 8000–8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहरफूल 16200–16300 अरहरस्पेशल 13600–13700 च्नादाल 8100–8200 मटरदाल 4400–4500 मसूरमलका 7175–7225 मसूरदाल 7375–7425 उड़ददाल 9000– 13300 उड़द धोवा 10000– 13000 मूँगदाल 8100–9700 मूँग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800–4000 बासमती न01. 10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1460–1500 मैदा 1420–1470 सूजी 1480–1520 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाह पसंद 1380–1420 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600–5800 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000– 11500 मूँगफली दाना षिवपुरी 9600– 11200 बटाली 8600–11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 12200–12300 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1550–1559 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1565–1564 मयूर 1565–1564 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4900–4950 देशीभेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 87500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 71150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53000–53200 |

# कर कम किए जाने से रियल एस्टेट को होगा लाभ

## वित्त मंत्री बोलीं- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्सेशन के 20 से कम कर 12.5% किया

नई दिल्ली, एजेंसी



● **रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आम बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्शेशन के 20 प्रतिशत से कम कर 12.5 प्रतिशत किये जाने से सभी मामले में रियल एस्टेट लाभ में ही रहेगा। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, लेकिन अब इसके बगैर 12.5 प्रतिशत कर लगेगा। आम तौर पर रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है।

महंगाई का इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत होता है जो संपत्ति को रखने की अवधि पर निर्भर करता है। इसलिए इस तरह के अधिकांश मामलों में करदाताओं को कर की बचत ही होगी। उन्होंने कहा कि नई कर दर से अधिकांश मामलों में लाभ होगा। इस मामले में यदि संपत्ति को पांच वर्ष रखा जाता है और संपत्ति पर रिटर्न में 1.7 गुना की बढ़ोतरी होगी तो इस मामले में नयी व्यवस्था लाभकारी है। यदि संपत्ति को 10 वर्ष रखा जाता है और रिटर्न 2.4 गुना होता है तब भी इससे करदाता को लाभ होगा। जब संपत्ति पर 9 से 11 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलेगा तब नयी कर में करदाता को नुकसान होगा हालांकि रियल एस्टेट में ऐसा होना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सरलीकरण का लाभ करदाताओं को ही होता है क्योंकि इससे अनुपालन का भार कम होता है और रिकार्ड रखने की जरूरत समाप्त हो जाती है। सीतारमण ने कहा कि नयी व्यक्तिगत कर प्रणाली भी सभी के लिए लाभकारी है। इसमें कम कर देने के बाद जो बचत होगी उसका उपयोग करदाता अपने जरूरत के अनुसार कर सकेगा।

### एलटीसीजी में कमी से करदाताओं को होगी पर्याप्त कर बचत

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) की दर में कटौती से करदाताओं को पर्याप्त कर बचत होने की उम्मीद है। बजट में दीर्घावधि तक रखी गई आवास संपत्तियों की बिक्री से अर्जित पूंजीगत लाभ पर कर की दरें कम कर दी गई हैं, लेकिन करदाताओं को मिलने वाला इंडेक्सेशन लाभ हटाया गया है। इंडेक्सेशन लाभों से तात्पर्य पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सम्पति के मूल्य से मुद्रास्फीति को समायोजित करने की व्यवस्था समाप्त करना है। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, नाममात्र अचल संपत्ति रिटर्न आम तौर पर 12–16 प्रतिशत प्रति वर्ष के आसपास है, जो मुद्रास्फीति से बहुत अधिक है।मुद्रास्फीति के लिए इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत के आसपास है, जो संपत्ति को कितने समय के लिए पास रखा गया इस पर निर्भर करता है।

### इंडेक्सेशन लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को घटाया है और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए नकारात्मक बताया है। प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि इंडेक्सेशन के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह–समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

# प्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क की समीक्षा से तैयार होगा आधार

नई दिल्ली, एजेंसी

● **नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी बोले- बजट श्रम उत्पादकता में सुधार करने में करेगा मदद**

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बुधवार को कहा कि बजट में घोषित प्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क दरों की समीक्षा से दीर्घकालिक सुधारों के लिए आधार तैयार होगा। बेरी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 का बजट एक संरचनात्मक बजट है, जो कार्यबल तथा निजी क्षेत्र के बीच संबंध बनाकर श्रम उत्पादकता में सुधार करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि बजट (2024-25) प्रस्तावों में प्रत्यक्ष कर, सीमा शुल्क दरों की समीक्षा के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है जिसे छह महीने में किया जाना है... यह दीर्घकालिक सुधारों के लिए जमीन तैयार करेगा। सरकार ने केंद्रीय बजट में आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा करने की घोषणा की थी, ताकि इसे पढ़ना आसान हो सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) चूक के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) लेकर आएगी और ऐसे अपराधों के लिए समझौता प्रक्रिया को सरल और युक्तिसंगत बनाएगी। उन्होंने कहा था, मैं आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा करती हूं। इसका मकाद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। बेरी ने कहा कि बजट में राजकोषीय समेकन को बनाए रखा गया है तथा इसमें सुधार किया गया है जो महत्वपूर्ण है। बजट प्रस्ताव दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और यह विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है।

# चौथे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

● **बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से निफ्टी भी 65.55 अंक टूटा**

मुंबई, एजेंसी

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35% की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27% गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व के शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### स्मॉलकैप 1.91% और मिडकैप 0.68% चढ़ा

बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.91 प्रतिशत और मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली नुकसान दर्ज किया गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,975.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत उछलकर 81.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बजट पेश किए जाने के साथ वायदा एवं विकल्प सौदों पर एसटीटी को बढ़ाने का प्रस्ताव रखने के बाद सेंसेक्स 1,277.76 अंक यानी 1.58 प्रतिशत तक टूट गया था। बाद में यह काफी हद तक भरपाई करने में सफल रहा था।

# एंजल कर : निवेश पर कर नहीं होना चाहिए : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार्टअप के लिए एंजल कर को हटाना एक लंबित मुद्दा था, क्योंकि यह कर देश में आने वाले निवेश पर लगाया जाता था और इस तरह के विदेशी निवेश पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप परिवेश को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने कहा कि यह कारोबार सुगमता का मुद्दा होने के साथ कर का मुद्दा भी था। अंततः यह आय पर नहीं बल्कि निवेश पर कर था और निवेश पर कर नहीं लगना चाहिए, यही मूल विचार है। एंजल कर (30% से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई राशि पर लगाती है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋृण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋृण गारंटी योजना के तहत सीमा में वृद्धि, औपचारिक क्षेत्रों में नए प्रवेशकों को 15,000 रुपये तक महीने का वेतन देना, नए विनिर्माण कर्मचारियों के लिए 4 साल तक ईपीएफओ अंशदान और परिधान उद्योग को बढ़ाने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### असम में 1.57 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**मोरीगांव।** असम के मोरीगांव जिले में बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 1.57 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने बरचल गांव में तलाशी अभियान चलाया और एक घर से 875 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। उन्होंने बताया कि हेरोइन को साबुन के 77 डिब्बों में छिपाकर नागालैंड के दीमापुर से मोरीगांव लाया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 7 लाख की इनामी 3 महिला नक्सलियों ने किया सरेंडर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के पखांजूर में पांच लाख की इनामी डिप्टी कमांडर समेत तीन महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। तीनों महिला नक्सलियों पर कुल सात लाख का इनाम घोषित था। इन महिला नक्सलियों ने बुधवार को बीएसएफ 94 बटालियन के उप महानिरीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ये नक्सली लंबे समय से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय थे। नक्सलियों में मोती पोयाम उर्फ़ यमला (25 वर्ष), संचिला मंडावी (21 वर्ष) और लख्मी पददा (20 वर्ष) शामिल हैं। गौरतलब है कि मोती पोयाम पर 5 लाख, संचिला मंडावी और लख्मी पददा पर एक–एक लाख रुपये की इनामी राशि घोषित था।

### झारखंड में दो करोड़ का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**रामगढ़ (झारखंड)।** झारखंड के रामगढ़ जिले में पुलिस ने एक ट्रक से दो करोड़ रुपये मूल्य का 490 किलोग्राम गांजा जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण नंबर वाला वाहन मंगलवार देर रात रांची से हजारीबाग जा रहा था कि इसी दौरान उसे कुजू पुलिस चौकी के निकट रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी लेकर मादक पदार्थ बरामद किया और चालक तुलसी यादव (55) को गिरफ्तार कर लिया।

### टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

● **इंडिया गठबंधन ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया**

भाजपा ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए की कई घोषणाओं के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश क्रमशः सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राजग सरकार के प्रमुख घटक हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्ष अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहस है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।

### ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा तो जनता सत्तारूढ़ दल को चुनावों में दंडित करती रहेगी। चिदंबरम ने कहा कि वह बजट में घोषित ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं इसका हश्र भी प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के जुमले जैसा नहीं हो जाए। आम बजट 2024–25 और जम्मू कश्मीर के बजट पर चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को पढ़ने का अवसर निकाला। वित्त मंत्री ने कांग्रेस घोषणापत्र की पृष्ठ संख्या 11, 30 एवं 31 से अच्छे विचारों को लिया।

### खरगे बोले- फिर से ठोस सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1991 के केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की जरूरत है जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खरगे ने एक्स पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 उदारीकरण बजट के रूप में महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के युग की शुरुआत की थी।

# नीतीश कुमार के फिर बिगड़े बोल अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो

पटना, एजेंसी



विधानसभा सत्र को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

● **राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़के बिहार के सीएम**

● **आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विपक्ष का हंगामा**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान को लेकर एक बार फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम है या नफरत? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में बुधवार को राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं।

मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। राजद ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है कि मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ। 2005 के बाद हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। बोल रही हो, फालतू बात.. इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। महिला विधायक से इस तरह मुखातिब होने का विपक्षी सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अरे क्या हुआ? सुनोगे नहीं, हम तो सुनाएंगे और अगर नहीं सुनिएगा तो यह आपकी गलती है।

# नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्या माफी मांगेंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

● **भाजपा ने पेपर लीक के बाद परीक्षा प्रणाली में विश्वास की कमी को हवा देने का आरोप कांग्रेस नेता पर लगाया**

भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कुछ स्थानों पर नीट-यूजी पेपर लीक होने के बाद भारत की परीक्षा प्रणाली में विश्वास की कमी को हवा देने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या वह इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद माफी मांगेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 के असफल अभ्यर्थियों के उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को रद कर दोबारा कराने की मांग की गई थी। न्यायालय ने कहा कि इसकी शुचिता से समझौता होने और अन्य गड़बड़ियों को दर्शाने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में नहीं है। कोर्ट का यह अंतरिम फैसला है और बाद में विस्तृत फैसला सुनाया जाएगा। इस अंतरिम फैसले से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को राहत मिली है, जो पांच मई को प्रश्नपत्र लीक सहित कथित गड़बड़ी को लेकर सड़क से संसद तक आलोचना का सामना कर रही है।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने फैसले के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन पर भारत की परीक्षा को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने का आरोप लगाया।

# न्यायाधिकरणों को ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत लाने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

● **सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- मामले के संबंध में आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं**

उच्चतम न्यायालय ने न्यायाधिकरणों को ई-अदालत योजना के अंतर्गत लाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई से इनकार कर दिया। ई- अदालत योजना का लक्ष्य पूरे देश की अदालतों में डिजिटल अवसंरचना का उन्नयन करना है।

याचिका में कहा गया था कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण जैसी अर्ध न्यायिक समितियों को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। एनजेडीजी ई-अदालत परियोजना के अंतर्गत आता है जो देश की न्यायपालिका के कम्प्यूटरीकरण पर राष्ट्रीय नीति तैयार करने से संबंधित है। इसकी निगरानी और वित्तपोषण विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा किया जाता है। एनजेडीजी पोर्टल अदालतों ने शुरू किए हैं। यह लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डेटा का राष्ट्रीय कोष है।

प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं। एनजेडीसी ई-अदालत योजना का हिस्सा है। यह जिला, उच्च और उच्चतम न्यायालय को देखता है और यह न्यायाधिकरणों को बिल्कुल नहीं देखता। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना की रूपरेखा में अतिक्रमण नहीं कर सकती।सात हजार करोड़ रुपये अदालतों के लिए आवंटित किए गए हैं न कि न्यायाधिकरणों के लिए।

# मणिपुर में महिलाओं ने निकाली रैली तीन मौतों की न्यायिक जांच की मांग

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के कुकी और हमार समुदाय के दो महिला संगठनों ने बुधवार को रैली निकाली और असम पुलिस के साथ मुठभेड़ में हमार समुदाय के तीन पुरुषों के मारे जाने की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

कुकी विमिन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार विमिन यूनियन द्वारा आयोजित रैली में शामिल महिलाओं ने मुओलवाइफेई मैदान से शांति मैदान स्थित स्मृति दीवार तक मार्च निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि कछार जिले में 17 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, मारे गए लोगों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया था। दोनों संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिए ज्ञापन में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को सामने लाया जा सके।

# कानून का पता न होना तोड़ने का बहाना नहीं होता

मुंबई, एजेंसी



● **दवा कंपनी के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से हाईकोर्ट का इनकार**

प्रतिबंधित सामग्री घोषित रसायन का बिना प्रमाणपत्र के निर्यात करने पर दवा कंपनी के निदेशक के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से बंबई हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होना उसे तोड़ने का बहाना नहीं होता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि इस अनभिज्ञता को बचाव के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो कानून प्रवर्तन मशीनरी ठप्प पड़ जाएगी। विवालविता फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी के निदेशक अजय मेलवानी ने हाईकोर्ट से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज की प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था। अपनी अर्जी में आरोपी ने दावा करते हुए मामले को रद करने का अनुरोध किया कि 2018 में जारी अधिसूचना में संबंधित रसायन प्रतिबंधित सामग्री की सूची में नहीं था, इसलिए उनकी कंपनी को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसके निर्यात से पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने यह अर्जी रद कर दी और यह कहते हुए मामला रद करने से इनकार कर दिया कि यह स्थापित कानूनी रुख है कि कानून की जानकारी नहीं होना किसी आपराधिक आरोप के सिलसिले में बचाव नहीं हो सकता है।

# दिल्ली दंगा : खालिद की जमानत पर हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत पर बुधवार को पुलिस का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा।

# फैसला हटाने के होंगे गंभीर प्रभाव : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



● **बरी होने के बाद फैसला सार्वजनिक मंच से हटाने की याचिका पर सुनवाई करेगा कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट आपराधिक मामलों में एक व्यक्ति के बरी होने के बाद मामले से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक मंचों से हटाने के उसके अधिकार से संबंधित याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमत हुआ। यह मुद्दा आरोपी के उस अधिकार से संबंधित है, जिसमें सार्वजनिक मंचों से उसके नाम वाले फैसलों को हटाने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने कहा कि फैसला हटाने के गंभीर प्रभाव होंगे।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें उसने विधि पोर्टल को वेबसाइट से उस निर्णय को हटाने के लिए कहा था कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी बरी हो गया है। सीजेआई ने कहा कि फैसले सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा होते हैं और अदालतों की ओर से उन्हें हटाने के आदेश का गंभीर असर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि यह मानते हुए कि कोई व्यक्ति बरी हो गया है, हाईकोर्ट उसे (विधि पोर्टल को) फैसला वापस लेने का निर्देश कैसे दे सकता है? एक बार फैसला सुनाने के बाद, यह सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के खिलाफ इंडिया कानून पोर्टल द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने पोर्टल को वेबसाइट से फैसला हटाने के लिए कहा था। कोर्ट ने कार्तिक थ्योडोर की याचिका पर यह फैसला दिया था।

## डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा- नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

## अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी

अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह



चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

### 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024 | ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।




ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

## फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

शीतकालीन ओलंपिक



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

## टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



- सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी श्रृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। जयसूर्या ने खुलासा किया कि श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों के लंका प्रीमियर (एलपीएल) लीग से जुड़ा होने के बावजूद भरूचा के साथ छह दिन के शिविर का आयोजन किया गया। हमने एलपीएल के तुरंत बाद सत्र शुरू किया। अधिकतर खिलाड़ी एलपीएल में खेल रहे थे इसलिए वे क्रिकेट में व्यस्त थे और हम चाहते थे कि वे अधिक से अधिक क्रिकेट खेलें। हम राजस्थान रॉयल्स से जुबिन को लाए और हमने लगभग छह दिन उनके साथ काम किया। एलपीएल में खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े। मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों ने सीख लिया है कि आप (प्रबंधन) अभ्यास और तकनीक के मामले में उनसे क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा तैयारी अच्छी थी और टी-20 शुरू होने से पहले कैंडी में हमारे पास दो दिन और हैं।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## सबसे यादगार पल फेडरर से मिलना : शरत कमल

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल के लिए ओलंपिक खेलों में सबसे यादगार पल महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर से मिलना रहा।

शरत ने पहली बार 2004 में ओलंपिक खेलों में भाग लिया था और तब पहली बार उन्हें फेडरर से मिलने का मौका मिला था। इस 42 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम इस बार पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाई है। शरत ने 2004 की यादों को ताजा करते हुए अल्टीमेट टेबल टेनिस से कहा एक दिन मैं लंच करने के लिए जा रहा था तभी मुझे एक व्यक्ति टेनिस बैग लिए हुए आते दिखा। जब मैं अपनी प्लेट लेने के लिए गया तब मुझे एहसास हुआ कि यह तो रोजर फेडरर है। मैं बहुत खुश था और मैंने उनके जितना संभव हो उतना करीब जाने का प्रयास किया। हम एक ही टेबल पर खाना खा रहे थे। तभी एक और व्यक्ति आया। उन्होंने हाथ मिलाया। मैंने उसे दिखा। वह एंडी रॉडिक था।

## टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

- टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

## मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी



मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। पहले ही ओवर में जहांआरा आलम ने ए एच हाशिम (शून्य) को आउट कर मलेशिया को पहला झटका दिया। इसके बाद आई हंटर को (20), तीसरे विकेट के रूप में वान जुलिया (11) को ऋतु मोनी ने बोल्ड किया। कप्तान वी दुरइसिंगम (8), आइना नजवा (4), ए अलिसा (1), एम आई इस्माइल (15) और एस मनिवन्नन (8) रन बनाकर आउट हुई। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर और मुर्शीदा खातून की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए (65) रन जोड़े। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। बांग्लादेश को दूसरा विकेट 17वें ओवर में मुर्शीदा खातून के रूप में गिरा। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। कप्तान निगार सुल्ताना 37 गेंदों में (62) और रुमाना अहमद (6) रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश ने दो विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## टीम का सफलता सूत्र, एक बार में एक मैच पर ध्यान देना : दीप्ति

**दाम्बुला।** सीनियर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने कहा कि महिला टी-20 एशिया कप में भारतीय टीम का सफलता का सूत्र एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करना है, क्योंकि जब टीम पिछली बार यहां खेली थी तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई विशेष बदलाव नहीं आया है।



भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में मंगलवार को नेपाल को 82 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में शेफाली वर्मा ने 48 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी जबकि दीप्ति ने 13 रन देकर 3 विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 178 रन बनाए और इसके बाद नेपाल को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 98 रन पर रोक दिया था। दीप्ति ने मैच के बाद कहा हम पहले मैच से ही प्रत्येक मैच और प्रत्येक परिस्थिति को लेकर काफी आश्वस्त हैं। अब हमारी निगाह सेमीफाइनल पर है। भारतीय टीम इससे पहले जून 2022 में यहां खेली थी और दीप्ति ने कहा कि तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आया है। कुछ भी नहीं बदला है। हमने इसे सरल बनाए रखा है और हमारा ध्यान केवल अगले मैच पर केंद्रित रहता है। मैं पिछली बार भी यहां खेली थी और तब से कोई बदलाव नहीं आया है।

### बॉलीवुड हलचल

## पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडननेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।

## सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## बौछारें



मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

### न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन शत प्रतिशत कारगर

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि इंजेक्शन के जरिए साल में दो बार दी जाने वाली एचआईवी-निवारक एक दवा ने महिलाओं में 100 प्रतिशत प्रभावशीलता दिखाई है तथा इसमें सुरक्षा संबंधी कोई चिंता भी नजर नहीं आई है।



साल में दो बार इंजेक्शन के रूप में दी जाने वाली लेनकापाविर को अमेरिका स्थित बायोफार्मास्युटिकल कंपनी जीलेड साइंसेज द्वारा 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (रोग निरोधक) दवा के रूप में विकसित किया गया है। ये दवाएं उन लोगों में संक्रमण फैलने से रोकती हैं जो अभी तक रोग पैदा करने वाले वाहक के संपर्क में नहीं आए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अध्ययन, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में किशोरवय लड़कियों और युवा महिलाओं को शामिल करते हुए चरण-3 का परीक्षण है।

बयान के अनुसार इसमें पता चला कि प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (प्रीईपी) लेनकापाविर ने शून्य (एचआईवी) संक्रमण और 100 प्रतिशत प्रभावशीलता प्रदर्शित की। एचआईवी या ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव (बॉडी फ्लूइड) से फैलता है। उपचार न किए जाने पर, संक्रमण वर्षों में एड्स या 'एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम' में बदल सकता है। उद्देश्य 1 परीक्षण में, 5,338 प्रतिभागियों को, जो शुरू में एचआईवी-नेगेटिव थे, तीन समूहों में विभाजित किया गया। इनमें 2,134 को 26 सप्ताह के अंतर पर लेनकापाविर इंजेक्शन दिए गए।

### शानदार परिणाम मिलेंगे : बेकर

केपटाउन विश्वविद्यालय के डेसमंड टूटू एचआईवी सेंटर की निदेशक और अध्ययन की प्रथम लेखक लिंडा-गेल बेकर ने एक बयान में कहा ये शानदार परिणाम दर्शाते हैं कि प्रीईपी के लिए दो बार वार्षिक लेनकापाविर, यदि स्वीकृत हो जाता है, तो एक अत्यधिक प्रभावी, वहनीय और विवेकपूर्ण विकल्प प्रदान कर सकता है जो संभावित रूप से प्रीईपी के उपयोग और दृढ़ता में सुधार कर सकता है, जिससे हमें वैश्विक स्तर पर सिसजेंडर महिलाओं में एचआईवी को कम करने में मदद मिल सकती है। सिसजेंडर वह शब्द है जो किसी व्यक्ति की लैंगिक पहचान को दर्शाता है, न कि उसकी यौन अभिरुचि को।

### इंजेक्शन स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई

अध्ययन के लेखकों ने लिखा साल में दो बार लेनकापाविर लेने वाले किसी भी प्रतिभागी को एचआईवी संक्रमण नहीं हुआ। लेनकापाविर समूह के लगभग 70 प्रतिशत प्रतिभागियों में सबसे आम प्रतिकूल प्रभाव इंजेक्शन-स्थल पर होने वाली प्रतिक्रियाएं थीं। हालांकि, बयान के अनुसार इंजेक्शन-स्थल पर कोई गंभीर प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है। तूफान के बुधवार शाम को उत्तरी काउंटी यलान में सीधे दस्तक देने की आशंका है।

### माल्विनास द्वीप के पास नाव पलटी, 8 की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** माल्विनास द्वीप समूह के पास सोमवार को एक मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिसे अंग्रेजी में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह कहते हैं। इस द्वीप पर अर्जेंटीना अपना दावा करता है लेकिन यह ब्रिटेन द्वारा शासित है। यह जानकारी अर्जेंटीना और स्पेनिश मीडिया ने दी। अर्जेंटीना के दैनिक समाचारपत्र ला नासियोन ने कहा कि सोमवार को मछली पकड़ने वाली नौका टूथफिश की तलाश में माल्विनास द्वीप के पास नौकायन कर रही थी, तभी उसका पतवार टूट गया और वह डूब गया।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को रोकने के प्रयास हुए तेज

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से कहा- सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होगी मुलाकात

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा।

ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अब्बास के पत्र के जवाब



में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा।

**अपने कार्यकाल के दौरान शांति और स्थिरता कायम की थी :** उन्होंने कहा मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी, यहां तक कि ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे और हम पुनः शांति कायम करेंगे। जैसा कि मैंने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य विश्व नेताओं के साथ की गई चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के माध्यम से शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि इन भयानक घातक युद्धों और हिंसक संघर्षों को समाप्त किया जाना चाहिए। लाखों लोग मर रहे हैं और कमला हैरिस किसी भी तरह से इसे रोकने में सक्षम नहीं हैं।

### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। हालांकि, वह नेतन्याहू द्वारा संबोधित किए जाने वाले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता नहीं कर पाएंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। उपराष्ट्रपति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए 24 जुलाई को इंडियानापोलिस जा रही हैं और वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कांग्रेस के संयुक्त सत्र के पहले से निर्धारित संबोधन में भाग नहीं ले पाएंगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें। नेतन्याहू का अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। यह अमेरिकी संसद में नेतन्याहू का चौथा संबोधन है, जो किसी भी विदेशी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस में सबसे अधिक बार दिया जाने वाला संबोधन होगा। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता आम तौर पर उपराष्ट्रपति करते हैं। अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस संबोधन में भाग न लेने के लिए हैरिस की आलोचना की है। डेमोक्रेटिक की ओर राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले सप्ताह में हैरिस इजराइली प्रधानमंत्री की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी विदेश नीति में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा विभाजनकारी मुद्दे का सामना करेंगी।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश

**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

ढाका, एजेंसी

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा के बीच लगभग 200 लोगों की हो चुकी मौत

बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।



### आरक्षित कोटा घटाकर पांच प्रतिशत किया

देशव्यापी हिंसा के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। बीडी न्यूज 24 न्यूज पोर्टल ने खबर दी है कि देश में मोबाइल इंटरनेट अब भी बंद है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित कोटा घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, अब 93 प्रतिशत नौकरियां योग्यता आधारित होंगी।

# इमरान का पोलीग्राफ टेस्ट कराने से इनकार

लाहौर, एजेंसी

- 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम परीक्षण करने पहुंची थी जेल
- पिछले साल हुए अप्रत्याशित उपद्रव के कारण जेल में हैं बंद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ (एक प्रकार की झूठ पकड़ने वाली जांच) और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है।

12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे



हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी है कि एक पुलिस उपाधीक्षक की अगुवाई में लाहौर पुलिस का एक दल (पोलीग्राफ और आवाज मिलान) परीक्षण करने आडियाला जेल पहुंचा था। इस अखबार के अनुसार उनके साथ पंजाब अपराध जांच विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी थे। इन पीएफएसए विशेषज्ञों को पूर्व प्रधानमंत्री का पोलीग्राफ, आवाज मिलान परीक्षण और फोटोग्रेमेट्री परीक्षण करने थे।

### बोले- पिछली जांच पूरी होने के बाद देंगे समय

इमरान खान ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी जांच की जा रही है और पिछली जांच के पूरा हो जाने के बाद ही वह पुलिस को समय देंगे। डॉन अखबार की खबर है कि पुलिस अधिकारियों ने उससे 9 मई के उपद्रव के विभिन्न पहलुओं के बारे में पूछताछ की। इस उपद्रव के दौरान लाहौर कोर कमांडर के आवास, सैन्य प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया था। इस अखबार के मुताबिक जेल से लौटने के बाद, पुलिस टीम और पीएफएसए विशेषज्ञों ने लाहौर के डीआईजी (जांच) जीशान असगर को खान के असहयोग के बारे में बताया।

## पोत पर घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

पेरिस, एजेंसी

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता



उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन जारी

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी।

हांगकांग मीडिया के अनुसार यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई। सीएएस ने कहा कि 2020 में चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से युक्त एक जलयोजित खनिज पाया है।

### भारत के चंद्रयान 1 ने खोजी थी ऑक्सीजन

वर्ष 2009 में, भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। इसके उपकरणों में नासा का मून मिनरलॉजी मैपर (एम3) भी शामिल था जो एक इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर है।

## एससीओ देशों ने पहला संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसमें आतंकवादी समूहों के उन्मूलन जैसे विशेष अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चीन के जनसूचना मंत्रालय ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में हाल ही में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास इंटरैक्शन-2024 आयोजित किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि यह अभ्यास पहली बार आयोजित किया गया और इसमें एससीओ के सभी सदस्य देशों की संबंधित एजेंसियों ने हिस्सा लिया।

### खगोल विज्ञान | नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।